**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.5 | 25.1 |
| जमशेदपुर | 30.1 | 24.0 |
| डालटनगंज | 26.8 | 22.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | रांची, रविवार 04 अगस्त 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~X~~ ● वर्ष : 2, अंक : 117 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

राजनीति अब यहां तक

# अमित शाह अहमद शाह अब्दाली के वंशज: उद्धव

**भाजपा सत्ता जिहाद कर रही, गृह मंत्री ने उन्हें औरंगजेब फैन क्लब का नेता कहा था**

एजेंसी। पुणे



राजनीति कहां से कहां तक पहुंच गई है. इसकी बानगी अक्सर केंद्रीय गृह मंत्री के बयानों में दिख जाती है. लेकिन उनको जवाब देने के लिए विरोधी दलों के नेता भी किसी तरह का परहेज नहीं करते.

शाह ने कुछ दिन पहले एनसीपी (शरद) के शरद पवार को भ्रस्टाचारी कहा था, तो बाद में इसके जवाब में पवार ने भी अमित शाह को तड़ीपार कह कर बदला चुकाया. कुछ इसी तरह गृह मंत्री अमित शाह ने उद्धव ठाकरे को औरंगजेब क्लब का फैन बताया था. - शेष पेज 07 पर

### क्या बोले थे अमित शाह

21 जुलाई : उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए जीवनदान मांगा था. औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो 26/11 के आतंकी हमले के दोषी कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो पीएलएफआई का समर्थन करते हैं. उद्धव ठाकरे को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए. महा विकास अघाड़ी औरंगजेब फैन क्लब है. यह भारत की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता है. उद्धव ठाकरे इस फैन क्लब के लीडर हैं. यह फैन क्लब महाराष्ट्र और भारत को सुरक्षित नहीं रख सकता है. सबकी सुरक्षा सिर्फ भाजपा कर सकती है.

आरक्षण में आरक्षण का विरोध

# जाति गणना हो, कोर्ट से करूंगा आग्रह : चिराग

**एनडीए के साथी लोजपा (आर), आरपीआई, जदयू व हम ने किया कोटे में कोटे का विरोध**

एजेंसी। नयी दिल्ली



दलित उप-समूहों के वर्गीकरण और क्रीमीलेयर को एससी/एसटी से बाहर करने की सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर सत्तारूढ़ एनडीए के साथी दलों ने ही विरोध शुरू कर दिया है. केंद्र की एनडीए सरकार के सहयोगी दल के लोजपा (आर), जदयू और रामदास अठावले की पार्टी आरपीआई ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है. यही नहीं जीतनराम मांझी की पार्टी हम ने भी आरक्षण से क्रीमीलेयर से बाहर करने के सवाल पर अपना विरोध दर्ज कराया है. केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने एससी/एसटी के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर मानदंड लागू करने के किसी भी कदम का विरोध किया. उन्होंने कहा कि आरक्षण जाति को दिया गया है, उसे लागू रखना होगा. इसमें छेड़छाड़ का विरोध करेंगे.

लोजपा (आर) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का विरोध किया जिसमें राज्यों को 15% आरक्षण के एक हिस्से के लिए एससी के भीतर उप-समूह बनाने की अनुमति दी गई है. उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी इसके खिलाफ अपील करेगी. पासवान ने कहा कि वह जाति जनगणना के पक्ष में हैं, जिसके लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी जोरदार मांग कर रहे हैं, हालांकि उनका यह भी मानना है कि इसके निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए. - शेष पेज 07 पर

मंच पर छलका दर्द

# पद का मद हो जाता है तो कद भी नहीं रहता

**वसुंधरा राजे आखिर किस पर निशाना साध गईं**

एजेंसी। जयपुर



जैसे इंसान की जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते हैं, उसी तरह राजनीति में भी सब कुछ स्थाई नहीं होता है. हर नेता को पार्टी में अच्छे पद की खोज रहती है. इसी को लेकर भाजपा की उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे का दर्द छलका है.

उन्होंने कहा कि हर किसी को उतार-चढ़ाव से गुजरना होता है. राजनीति में लोगों के सामने तीन चीजें आती हैं, वो है पद, मद व कद. पद-मद स्थाई नहीं होता, लेकिन कद स्थाई होता है. राजस्थान की पूर्व सीएम ने कहा कि राजनीति का दूसरा नाम है उतार-चढ़ाव. हर व्यक्ति को इससे गुजरना पड़ता है. वसुंधरा राजे ने कहा कि सबको साथ लेकर चलना आज के दौर में बहुत मुश्किल काम है. कई लोग फेल हो गए. पद का अहंकार कद को कम कर देता है.

वसुंधरा राजे ने यह भी कहा कि पार्टी में सबको खुश नहीं किया जा सकता है. सबकी कुछ न कुछ शिकायत रह ही जाती है. जयपुर में शनिवार को भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण करने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वसुंधरा राजे ने कहा, संगठन में सबको साथ लेकर चलना मुश्किल काम है और बहुत सारे लोग इसमें विफल हो रहे हैं. उन्होंने इशारा किया कि राजनीति में किसी को भी अपने पद का घमंड नहीं करना चाहिए. उन्होंने कहा, मेरी नजर में सबसे बड़ा पद जनता का विश्वास है और ये ऐसा पद है, जिसे कोई भी छीन नहीं सकता है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,500 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## ब्रीफ खबरें

### तीरंदाजी एकल में भी दीपिका कुमारी हारीं



**पेरिस।** भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी को शनिवार को यहां दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि युवा भजन कौर भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गईं जिससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा.

- पेज 10 भी देखें

### मणिपुर में असम राइफल्स ही चाहिए

**इंफाल।** मणिपुर के दस कुकी-जो विधायकों ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में संवेदनशील क्षेत्रों में असम राइफल्स को ही तैनात रखने और उसे सीआरपीएफ से नहीं बदलने को लेकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है.

### लोक अदालतों को लेकर सीजेआई का बड़ा बयान

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि लोग अदालतों से इतने तंग हैं कि वे बस समझौता चाहते हैं. उन्होंने लोक अदालत सप्ताह पर कहा, लोग परेशान हैं कोर्ट से कि सुलह चाहते हैं, बस कोर्ट से दूर कर दीजिए. और यह हम सभी जजों के लिए चिंता का विषय है.

### कोर्ट में एआईजी ने दामाद को मार डाला

**चंडीगढ़।** कोर्ट में पंजाब पुलिस के सस्पेंड एआईजी मलविंदर सिंह सिद्धू ने अपने दामाद हरप्रीत सिंह पर चार गोलियां चला दी. जिससे उनकी मौत हो गई. दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था. इसी मामले में दोनों पक्ष शनिवार को कोर्ट में पहुंचे थे. मृतक हरप्रीत सिंह आईआरएस थे.

### लोग इसलिए देश छोड़ के जा रहे हैं: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अमीर भारतीय नागरिकों के अपनी नागरिकता छोड़ने से जुड़े आंकड़े का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि यह पलायन सरकार की अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने कर प्रशासन का परिणाम हो सकता है.

### डीयू में स्नातक के नए बैच की कक्षाएं 29 से

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शनिवार को 2024-2025 सत्र में प्रवेश लेने वाले स्नातक के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए बहुप्रतीक्षित शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया. इसके मुताबिक 29 अगस्त से क्लास शुरू हो जाएंगे.

## रांची में बेखौफ अपराधी: वकील को चाकू से गोदा, शूटआउट में घायल पूर्व पार्षद की मौत, अब

# दारोगा की गोली मार कर हत्या

**झारखंड की राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. शनिवार को लगातार दूसरे दिन यहां हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया. बदमाशों ने दारोगा अनुपम कच्छप गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. शहर में सुरक्षा के तमाम जो दावे किए जाते हैं, वो खोखले साबित हो रहे हैं. बेखौफ अपराधियों ने 24 घंटे में दूसरी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. इससे पहले शुक्रवार को वकील गोपाल कृष्ण की सुखदेवनगर थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी थी. वहीं शनिवार को ही अपराधियों के गोली से घायल धुर्वा के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई. बीती 7 जुलाई को अपराधियों ने पूर्व पार्षद को गोली मारी थी. दो दिन पूर्व ही कांके रोड में एक होटल से समीप खड़े कांग्रेस के एक नेता पर अपराधियों ने गोली चलाई थी. गनीमत रही कि गोली उनके घुटने पर लगी. फिलहाल वह रिम्स में भर्ती है. सीसीटीवी कैमरे और चौराहों पर खड़ी पुलिसकर्मियों की फौज से बिना डरे अपराधी लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. घटनाएं बताती हैं कि पुलिस का पूरा सिस्टम अपराधियों पर नकेल कसने में कितना कमजोर हो गया है. शहर के दुकानदारों, सड़क किनारे लगने वाले ठेलों पर लाठी चला कर शांति व्यवस्था कायम करने का दावा करने वाली पुलिस के सारे दावों के चीथड़े बेखौफ अपराधियों ने उड़ा दिए हैं.**

सौरभ सिंह। रांची

राजधानी रांची में एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है. कांके थाना क्षेत्र में रिंग रोड पर बोड़ेया के पास एक स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी. घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है. दारोगा की पहचान अनुपम कच्छप के रूप में हुई है. अनुपम कच्छप के शरीर पर चार गोली लगने के निशान मिले हैं. बताया जा रहा है कि दारोगा अनुपम ड्यूटी से घर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान कांके रिंग रोड से बोड़ेया जाने वाले रास्ते में अज्ञात अपराधियों ने उन्हें तीन गोलियां मारीं. एक गोली अनुपम के सीने में लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. दो गोली शरीर को भेदते हुए बाहर निकल गई. जानकारी मिलते ही आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित कई अधिकारी रिम्स के ट्रामा सेंटर पहुंचे और जायजा लिया. दारोगा की हत्या को लेकर अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हत्या किस विवाद को लेकर की गई. डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया, अनुपम कच्छप के शरीर पर गोलियों के दो घाव मिले हैं. गोलियां उनकी पीठ के आर-पार हो गई थीं. उन्होंने बताया कि अनुपम कच्छप कांके थाना क्षेत्र के इंडियन ढाबा से एक पार्टी से लौट रहे थे, तभी यह घटना होने की आशंका है. बिरथरे ने कहा, घटना रात 12 से एक बजे के बीच की है. मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. डीआईजी ने बताया कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं.

**पुलिस महकमे** में हड़कंप, जांच के लिए एसआईटी का गठन

**शक की सुई** दारोगा के दोस्तों पर, पुलिस कर रही पूछताछ

**कांके रिंग रोड** पर स्थित ढाबे पर पार्टी के बाद की गई हत्या



मारे गये अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम महुआ टोली स्थित घर पहुंचे डीजीपी अनुराग गुप्ता व पुलिस अधिकारी.

### दारोगा की बाइक और मोबाइल बरामद

बताया जा रहा है कि विभाग के दो अन्य सब इंस्पेक्टर भी अनुपम के साथ रिंग रोड के इंडियन ढाबा में खाना खाने आए थे. हत्या का शक अनुपम कच्छप के दोस्तों पर ही जा रहा है. घटना के बाद एक दोस्त ने शव को रिम्स पहुंचाया, जबकि दूसरे दोस्त ने कांके थाना पुलिस को सूचना दी. दोनों सहकर्मी कांके थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं. अनुपम को पीठ के पीछे से गोली मारी गई. गोली पीठ को भेदते हुए आर-पार हो गई. मौके पर अनुपम का मोबाइल और बाइक मिली है. पुलिस विभाग में रहते हुए उनके दोस्त बिना कांके पुलिस को सूचना दिए शव को रिम्स ले गए. यह भी जांच का विषय है. घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अहले सुबह 5.30 बजे घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली. कांके पुलिस छानबीन में जुटी है. पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर हत्या की वजह जानने की कोशिश कर रही है.



अनुपम कच्छप फाइल फोटो.

### रिम्स पहुंचे बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को रिम्स अस्पताल पहुंचे. दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप के परिजनों से मुलाकात की. सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात रखते मरांडी ने कहा कि एक युवा आदिवासी पुलिस अफसर का असमय इस दुनिया से चला जाना अत्यंत दुखद है. ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं. शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने स्वार्थ के लिए राजधानी रांची तक को अयोग्य अफसरों के हवाले कर बारूद के ढेर पर बैठा दिया है. - शेष पेज 07 पर

डीजीपी अनुराग गुप्ता की खुली चेतावनी

## रांची में रहना है, तो कार्यशैली में सुधार करें

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता शनिवार को दारोगा अनुपम कच्छप की हत्या के बाद समाहरणालय स्थित एसएसपी ऑफिस पहुंचे हैं. जहां उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि राजधानी में पदस्थापित सभी पुलिस अधिकारी अपनी कार्यशैली सुधार लें. अगर वो अपनी कार्यशैली नहीं सुधारते हैं, तो उन्हें हटाया जाएगा.बता दें कि डीजीपी बनने के बाद पहली बार अनुराग गुप्ता एसएसपी ऑफिस पहुंचे थे. इस बैठक में आईजी, डीआईजी एसपी, डीएसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. इस दौरान मृतक पुलिस दारोगा अनुपम कच्छप के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया.



डीजीपी ने अफसरों के साथ बैठक की.

### रिम्स भी पहुंचे अनुराग गुप्ता

डीजीपी अनुराग गुप्ता रिम्स भी पहुंचे. जहां स्पेशल ब्रांच के दारोगा की हत्या मामले में पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली. मेडिकल बोर्ड का गठन कर रिम्स में मारे गये दारोगा अनुपम कच्छप के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

### डीजीपी अधिवक्ता के परिजनों से मिले, कहा- जल्द गिरफ्तार होंगे अपराधी

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र मधुकम स्थित महुआ टोली में सिविल कोर्ट के वकील गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की शुक्रवार को हत्या कर दी गई थी. इस घटना के दूसरे दिन शनिवार को डीजीपी डीजीपी अनुराग गुप्ता अधिवक्ता के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे. डीजीपी ने मृतक गोपी बाबू की मां, पत्नी से काफी देर तक बातचीत की. उन्हें अपराधियों के जल्द से गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है. इस दौरान डीजीपी ने परिजनों से कारण जानने का भी प्रयास किया, लेकिन घरवालों को इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं होने के कारण कुछ बता न सके. डीजीपी ने मौके पर पत्रकारों से कहा कि एसएसपी की पूरी टीम जांच में जुटी है. तकनीकी शाखा भी सुराग ढूंढ़ रही है. अपराधियों की पहचान हो गयी है. उनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है. उम्मीद है जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

## रांची में न नेता, न वकील और न ही पुलिस सुरक्षित

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

राजधानी रांची में बीते 48 घंटे में हुई तीन बड़ी आपराधिक घटनाओं ने जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि शहर में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है. अब लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. गुरुवार की शाम एक नेता को अपराधियों ने गोली मार दी थी. वहीं शुक्रवार को दिनदहाड़े वकील की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी. अभी तक रांची पुलिस इन दोनों घटनाओं का खुलासा भी नहीं कर पाई थी. - शेष पेज 07 पर

## सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जितना जायज, वजह जानना भी उतना ही जरूरी...

सुरजीत सिंह

**टिप्पणी**

राजधानी में शुक्रवार को दिन में एक अधिवक्ता की और रात में एक दारोगा की हत्या कर दी गई. यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों हत्याकांडों के पीछे की वजह क्या है. 24 घंटे के भीतर हुई इन दो घटनाओं के बाद राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना भी जायज हैं. अपने साथी की हत्या पर आक्रोश व्यक्त करना स्वाभाविक है. विपक्ष में होने के नाते राजनीतिक दलों के नेताओं की तरफ से सवाल खड़ा करना भी ठीक है. आम लोगों में डर व असुरक्षा का भाव आना भी लाजिमी है. पर, इन सबके बीच असल सवाल यह है कि विभिन्न पेशे से जुड़े लोगों की हत्या क्यों हो रही हैं? क्या उस पेशे की वजह से हत्याएं हो रही हैं? ऐसा है तो यह सुरक्षा व्यवस्था में लगे अफसरों पर गंभीर सवाल है. जिम्मेदार अफसरों की बड़ी नाकामयाबी है. लेकिन अगर हत्या की वजह पेशेगत काम से अलग है, तो वह क्या है, यह जानना भी जरूरी है. रांची में हत्या की कई ऐसी वारदात हुई हैं, जिनके संबंध जमीन कारोबार से जुड़ रह हैं. जमीन के कारोबार से जुड़ कर कम समय में अमीर बन जाने की महत्वाकांक्षा ने विभिन्न पेशे से जुड़े लोगों को इससे जोड़ लिया है. पुलिस-प्रशासनिक अफसर व कर्मचारी, राजनेता, वकील, डॉक्टर, पत्रकार, व्यवसाई से लेकर दूसरी सरकारी व गैर सरकारी कंपनियों में काम कर रहे नौकरीपेशा लोग भी बड़े पैमाने पर इस कारोबार से जुड़ गए हैं. इसका उन्हें जितना आर्थिक फायदा मिल रहा है, उतना ही नुकसान भी. इस कारोबार से जुड़े अधिकांश लोग विवाद में घिरते जा रहे हैं. केस-मुकदमे में भी फंस रहे हैं. और कई बार जान जाने की नौबत तक भी आ जाती है. आज के हालात में यह जरूरी है कि पुलिस तेजी से काम करे और हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे, ताकि कानून-व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कायम रहे. जिनकी मौत हुई, उनके परिवार, साथियों, सहयोगियों को लगे कि कार्रवाई हुई है... और शहरवासियों के मन से डर का माहौल खत्म हो.

**विडंबना** झारखंड के 13,982 आंगनबाड़ी केंद्रों का अपना खुद का भवन भी नहीं

# करोड़ों खर्च, फिर भी 11,229 चल रहे किराए के भवनों में

प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड के आगनबाड़ी केंद्रों में 15,36,000 बच्चों को पोषाहार के साथ स्कूल पूर्व शिक्षा देने के लिए सरकार करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर रही है. राज्य में करीब 38,432 हजार आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं. इनमें से 13982 केंद्रों का अपना भवन नहीं है. 2753 केंद्रों का संचालन स्कूलों, पंचायत भवन और सामुदायिक भवनों में हो रहा है. वहीं 11,229 आंगनबाडी केंद्र किराये के भवन में चलाये जा रहे हैं.आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा भी प्रदान की जाती है. केंद्रों में पोषण, शिक्षा के साथ-साथ गर्भधारण के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं. सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को टीकाकरण सहित उनकी शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं. लेकिन राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत बेहतर नहीं है. ऐसी स्थिति कोई आज से नहीं है, बल्कि कई दशक से है. केंद्रों की स्थिति जैसी बनी हुई है, उससे सहज ही अंदाज लगाया जा सह राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों से लोगों को कितना लाभ मिल पा रहा होगा.

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| राज्य भर में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या | : 38,432 |
| किराये के भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र | : 11,229 |
| वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनका अपना भवन नही | : 13, 962 |
| स्कूलों और समुदायिक भवन में चलाये जा रहे केंद्र | : 2,753 |
| आंगनबाड़ी सेविका की संख्या | : 38,400 |
| आंगनबाड़ी सहायिका की संख्या | : 38,432 |
| आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे | : 15,36,000 |
| नये आंगनबाडी केंद्र का हो रहा निर्माण | : 3,295 |

**समय पर नहीं मिलता किराया :** राज्य के 11,229 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किराये के मकान में किया जा रहा है. जिन किराये के भवनों में केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, उन भवनों का किराया समय पर नहीं मिलने के कारण सेविकाओं को काफी परेशानी होती है. किराके पैसे पाने के लिए आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं. वैसे भी किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में अधिकांश केंद्र कब खुलते और बंद होते है, इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को भी नहीं रहती है. इन केंद्रों में सिर्फ कागजों पर ही बच्चों के नाम दर्ज कर लिए जाते हैं.

**आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 7 सौ से तीन हजार रुपए तक किराया :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में किराये के भवन में आंगनबाड़ी केंद्र चलाने के लिए विभाग की ओर से तीन हजार रुपये दिए जाते हैं. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 700 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं. और जो शहर छोटे हैं, वहां पर 1500 रुपये प्रतिमाह सरकारी स्तर पर राशि दी जाती है.

**किराए के पैसे के लिए होना पड़ता है परेशान : बालमुकुंद**

आंगनबाड़ी प्रदेश संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद किराये के सवाल पर कहते हैं कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्र खोलने के लिए सोचना पड़ता है. क्योंकि उन्होंने केंद्र के लिए किराये पर जो भवन लिया है, उसका किराया लंबे समय से बाकी रहता है. किराया प्राप्त करने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है, बिना चढ़ावा दिए किराये की राशि भी जारी नहीं की जाती है.

# पहली बार बीएसएफ के डीजी-एसडीजी पर गाज

एजेंसी। नयी दिल्ली

- क्या पीएमओ के ताकतवर अफसर से तेज आवाज में बोलना पड़ा भारी?

केंद्र सरकार ने बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल और स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को हटा दिया है. अग्रवाल को गृह मंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है. दोनों अफसरों को इनके मूल कैडर में भेज दिया गया है.

सूत्रों के मुताबिक, इसकी कई वजहें बताई जा रही हैं. बीएसएफ के रिटायर्ड अफसर भी केंद्र के इस निर्णय पर हैरान हैं. पहली वजह ये बताई जा रही कि जम्मू में घुसपैठ के मामले बढ़े हैं. उक्त अफसर सटीक सिक्योरिटी पॉलिसी पर काम नहीं कर पाए. दूसरा, बीएसएफ में एकाएक कई अफसरों को हटा दिया गया. तीसरा, डीजी-एसडीजी में किसी मुद्दे पर तकरार हुई. मामला, एनएसए अजीत डोभाल तक पहुंचा. वहां पर पीएम मोदी के चहेते अफसर से तेज आवाज में बात की गई. नतीजा, दोनों को एक साथ हटा दिया गया. सरकार ने दोनों अफसरों के लिए अलग-अलग आदेश जारी किया. दोनों शीर्ष अफसरों को एक साथ हटाना, बल के इतिहास में कभी देखने को मिला. बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके सूद कहते हैं, इससे बल के उत्साह पर बुरा असर पड़ सकता है. घुसपैठ तो कहीं भी हो सकती है. जम्मू और पंजाब में तो 3 टीयर सिक्योरिटी सिस्टम है. अगर बीएसएफ से इस मामले में चूक हुई, तो बाकी दो सिस्टम क्या कर रहे थे. सेना और पुलिस भी हैं. बीएसएफ तो पहले टीयर में है. पिछले दिनों अधिकांश आतंकी हमले, चिनाब के उत्तर में हुए थे.

# सदन में पारित चार विधेयकों से बदलेगी राज्य की दिशा और दशा

▸▸ खनिज धारित भूमि उपकर से राज्य का खजाना होगा मजबूत, होंगे विकास कार्य ▸▸ निजी विवि के स्थापना से राज्य की शिक्षा व्यवस्था में आएगा सुधार ▸▸ झारखंड कारा व सुधारात्मक सेवाएं विधेयक से जेल सिस्टम सुधरेगा



**प्रमुख संवाददाता/ रांची: सदन में पारित चारों विधेयकों से राज्य की दशा और दिशा बदलेगी. शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा. रोजगार परक शिक्षा मिलेगी. खनिजों के मिलने वाले कर से विकास कार्य किए जाएंगे. कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक से जेल प्रणाली दुरुस्त होगी. आपदा से निपटने के लिए झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक कारगार साबित होगा.**

### 'झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक में क्या है प्रावधान

- राज्य के राजस्व कोष में बढ़ोतरी के लिए राज्य सरकार राज्य में खनिजों के खनन पर उपकर वसूलेगी.
- उपकर की वसूली खनिजों की मात्रा पर प्रति टन के हिसाब से को जाएगी.
- कोयला और लौह अयस्क के लिए 100 रुपये, बॉक्साइट अयस्क पर 70 रुपये व चूना पत्थर व मैगनीज अयस्क के खनन पर प्रति मीट्रिक टन 50 रुपये होगा.
- अन्य खनिजों के धारित भूमि से प्रति टन खनिज के प्रेषण पर निर्धारित रॉयल्टी का 50 प्रतिशत राज्य सरकार वसूलेगी.
- उपकर राज्य सरकार के खनन एवं भूगर्भ विज्ञान विभाग द्वारा एकत्र किया जाएगा.
- उपकर का भुगतान नहीं करने पर ब्याज के साथ वसूली का है प्रावधान.
- खनिज भूमि का धारक बिना शुल्क अय किए हुए खनिजों को भेजता है तो अधिसूचित प्राधिकारी धारक को शुल्क की देनदारी भुगतान के लिए नोटिस जारी करेगा, जिसमें देय शुल्क के मूल्य पर प्रति माह या उसके किसी भाग पर 5 प्रतिशत से अधिक की दर से ब्याज निधारित किया जा सकता है.
- उपकर की आय को राज्य के संचित निधि कोष में जमा किया जाएगा. इससे सरकार द्वारा समय समय पर निधर्धारित क्षेत्रों के लिए उपयोग किया जाएगा.

### झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक में क्या है प्रावधान

- झारखंड प्राइवेट विवि की स्थापना के लिए नगर निगम सीमा के भीतर न्यूनतम पांच एकड़ भूमि व नगर निगम सीमा के बाहर न्यूनतम 15 एकड़ भूमि आवश्यक होगा.
- प्राइवेट विवि की स्थापना से लेकर संचालन तक सरकार की पूरी नजर रहेगी.
- नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी
- नामांकन में झारखंड के विद्यार्थियों के लिए कम से कम 25 प्रतिशत सीट आरक्षित रखना होगा,
- संस्थान द्वारा कुलाधिपति की नियुक्ति विजिटर/आगंतुक के अनुमोदन पर न्यूनतम एक वर्ष व अधिकतम तीन वर्ष के लिए की जाएगी.
- कुलाधिपति प्राइवेट विवि के प्रधान होंगे. यानी झारखंड के राज्यपाल प्राइवेट विवि के कुलाधिपति नहीं होंगे
- कुलपति की नियुक्ति सर्च कमेटी के माध्यम से होगी. राज्य सरकार द्वारा मनोनीत एक गणमान्य व्यक्ति या राज्य सरकार द्वारा नामित उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के एक पदाधिकारी होंगे.
- विवि की स्थापना के लिए नगर निगम सीमा के अंतर्गत भूमि के लिए 10 करोड़ रुपये व नगर निगम सीमा के बाहर की भूमि के लिए सात करोड़ रुपये फिक्स होनी चाहिए.
- स्थापना के छह वर्ष के अंदर नैक से मूल्यांकन करना जरूरी
- पुस्तकालय, सभागार, विद्यार्थी संसाधन केंद्र, खेल व्याख्यानशाला, प्रयोगशाला सहित प्रशासनिक व शैक्षणिक उद्देश्य के लिए कम से कम 1200 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्र होगा.
- स्थापना के लिए अब आवेदन पोर्टल के माध्यम से जमा होगा. इसके साथ पांच लाख रुपये शुल्क लगेंगे.
- शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए यूजीसी, एआइसीटीई, एमसीआई, डीसीआई, बीसीआई, आईएनसी आदि जैसे निकायों से अनुमोदन लेना आवश्यक होगा.
- स्थापना के प्राप्त आवेदन व मापदंड की जांच के लिए उच्च शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में जांच कमेटी होगी.
- कमेटी में राजकीय विवि के दो कुलपति , वित्त विभाग, विधि विभाग, राज्य निबंधन विभाग के संयुक्त सचिव सहित भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सदस्य होंगे.

### झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक में क्या है प्रावधान

- विधेयक के अनुसार अब 100 से अधिक शय्या वाले अस्पताल व नर्सिंग होम, सिनेमाघर, मार्केटिंग कांप्लेक्स, 50 से अधिक कमरे वाले होटल, लॉज, 20 हजार से अधिक क्षमता वाले खुला स्टेडियम 5 हजार क्षमता वाले इंडोर स्टेडियम, मनोरंजन पार्क, 10 हजार वर्गफीट वाली बिल्डिंग तहखाना के संचालकों को अपने यहां अग्नि सुरक्षा पदाधिकारी की तैनाती करनी होगी.
- अग्नि सुरक्षा प्रबंधन संस्थान में अग्नि सुरक्षा पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होगा. ऐसी किसी भी बिल्डिंग का निरीक्षण भी तीन घंटे के नोटिस पर किया आ सकेगा. भवनी या परिसरों को सील करने की शक्ति विभाग के नामित पदाधिकारी निदेशक होगी.
- झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक में क्या है प्रावधान
- राज्य में काराओं में अब कैदियों की श्रेणी तय होगी. राज्य सरकार पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग काराओं का निर्माण करेगी.
- प्रत्येक के लिए पृथक अस्पताल भी बनेगा.
- जेल में कैदियों की अलग-अलग श्रेणी होगी, जो सजायाफ्ता दोषियों, अभ्यस्त बंदियों, विचाराधीन बंदियों, युवा अपराधियों, सिविल बंदियों और विशेष आवश्यकता वाले बंदियों में होगी.
- सभी के लिए अलग कक्ष भी होंगे.
- बंदियों के सुरक्षा वर्गीकरण के लिए एक वर्गीकरण कमेटी गठित की जा सकती है.
- कैदियों के जोखिम मूल्यांकन, अभिरक्षा रेटिंग, संस्थागत समायोजन के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा.
- कारा और सुधारात्मक संस्थाओं से संबंधित विधि में संशोधन करने व बंदियों की सुरक्षित व अभिरक्षा में सुधार, उत्थान और पुनर्वास की व्यवस्था होगी.
- कारा में प्रशासन, अभिरक्षा, सुरक्षा और सुधार को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक और अपडेट हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डिजिटल प्लेटफार्म, नेटवर्क और साइबर सुरक्षा के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है.
- विदेशी बंदियों की तत्काल देनी होगी सूचना.
- इनको किया गया है कारागार अपराध घोषित
- कारा के किसी नियम की जानबूझकर अवहेलना कराना.
- किसी तरह का हमला या आपराधिक बल प्रयोग.
- अपमानजनक, धमकीपूर्ण व अपशब्द भाषा का प्रयोग.
- अनैतिक या अमर्यादित भाषा का प्रयोग.
- जानबूझकर श्रम करने में खुद को अक्षम बताना.
- बिना उचित अनुमति के हथकड़ी या सलाखों को रगड़ना, काटना, बदलना या हटाना.
- कठोर कारावास की सजा वाले बंदी द्वारा काम में जानबूझकर आलस्य या लापरवाही बरतना व कार्य का कुप्रबंधन करना.
- कारा या किसी संपत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुंचाना.
- किसी तरह का अभिलेख या दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़
- प्रतिबंधित सामान की तस्करी, प्राप्ति या लेन-देन.
- साथी बंदियों को यातना देना, फिरौती मांगना.बीमारी का बहाना बनाना.साथी बंदियों के प्रति यौन रुझान या उत्पीड़न.
- किसी कारा अधिकारी या बंदी के खिलाफ जानबूझकर झूठा आरोप लगाना.
- अपने व्यक्तित्व व प्रभाव से तलाशी से इनकार करना.
- किसी बंदी या कारा अधिकारी पर आगजनी, साजिश, भागने का प्रयास, तैयारी या हमला की तैयारी.
- किसी बंदी को भागने में मदद करना.
- कारा से बाहरी लोगों से अनधिकृत रूप से बात करना, फिरौती मांगना और धमकी देना.
- कारा सॉफ्टवेयर, डेटा, वेब पोर्टल, कनेक्टिविटी व हार्डवेयर से संबंधित साइबर अपराध. ऐसा कोई भी कार्य जिसे सरकार
- कारा अपराध के रूप में वर्गीकृत कर सकती है.

बालू, खनिज, पहाड़, जमीन की लूट ही है सरकार की पांच साल की उपलब्धि

## हेमंत सरकार में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं : बाउरी

ब्यूरो ।रांची

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय संवाददाता सम्मेलन कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा हमला किया है. उन्होंने कहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है. राज्य सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को धार देने में जुटी है. हेमंत सरकार में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं है.

यहां तक कि आम जनता भगवान से यह प्रार्थना करने की मजबूर है कि कब यह झूठी सरकार का राज खत्म हो. उन्होंने राज्य की चरमराई विधि-व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा की पिछले दो दिन राज्य में एक दारोगा अनुपम कच्छप की गोली मार और अधिवक्ता गोपीकृष्णा की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी. वहीं एक जनप्रतिनिधि वेद प्रकाश का निधन हो गया, जिन्हें कुछ दिन पहले अपराधियों ने गोली मार दी थी.



रांची में मीडिया के समक्ष अपनी बात रखते अमर कुमार बाउरी.

### सदन में विधि-व्यवस्था पर कुछ नहीं बोले मुख्यमंत्री

हेमंत सरकार के कार्यकाल में 7000 से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया. यहां की सरकार आदिवासी छात्रों पर लाठियां चलवाने तक का काम किया गया है. राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए जगह तैयार करनी है. वहीं हर दिन 5 हत्याएं राज्य में हो रही हैं, लेकिन लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कार्यकाल के सदन के अंदर अपने अंतिम भाषण में विधि-व्यवस्था पर एक शब्द तक नहीं कहा.

### नेता प्रतिपक्ष को बोलने के लिए सदन में नहीं मिला समय

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपनी बात रखने के लिए असीमित समय चाहिए. वहीं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने तक नहीं दिया जा रहा. सदन के अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं और एक विधायक के प्रस्ताव को मानते हुए भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर देते हैं, जो पूर्ण रूप से असंवैधानिक है. इसलिए भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है. यह सरकार युवा विरोधी सरकार है, संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली सरकार है. लोकतंत्र के मंदिर को कलंकित करने वाली सरकार है.

कोर्ट की खबरें

## रांची सिविल कोर्ट में दूसरे दिन भी नहीं हुए न्यायिक कार्य

**बार काउंसिल ने आश्रितों के लिए मांगा एक करोड़ मुआवजा**

संवाददाता।रांची

रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की दिनदहाड़े हत्या से गुस्साए रांची के सभी अधिवक्ताओं ने शनिवार को भी न्यायिक कार्य में हिस्सा नहीं लिया. उधर झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या मामले को गंभीरता से लिया है. काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है. साथ ही अधिवक्ता के आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा देने की भी मांग की है. उन्होंने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो राज्यभर में एक वृहद आंदोलन चलाकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा की मांग की जाएगी. उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस से भी हस्तक्षेप करने की मांग की है. राजेंद्र कृष्ण ने झारखंड में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अब तक लागू नहीं करने पर नाराजगी जतायी है और बिना विलंब के इसे लागू करने की मांग एक बार फिर दोहरायी है.

### जिला बार एसोसिएशन ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

बता दें कि रांची जिला बार एसोसिएशन के भवन में शनिवार की सुबह 10 .30 आपात बैठक हुई . इसके बाद दिवंगत अधिवक्ता गोपी कृष्णा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी . अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा . शोक सभा में काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया . सभा में शामिल अधिवक्ताओं ने उपस्थित हुए और घटना के प्रति गहरी निंदा व्यक्त की .

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की बेल पर सात अगस्त को होगी सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण शनिवार को सुनवाई नहीं हो पाई. अब कोर्ट सात अगस्त को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करेगा. बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से भी पूछताछ कर चुकी है. इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ्तारी हो चुकी है. इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद की थी.

## सीसीएल के लाभुकों को अनुकंपा के आधार पर मिला नियुक्ति पत्र

संवाददाता।रांची

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विशेष लोक अदालत सप्ताह के दौरान शनिवार को दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा विधि व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की उपस्थिति में कोल इंडिया के 10 महिलाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. इनमें सीसीएल की दो महिलाएं नीतू कुमारी बरका-सयाल क्षेत्र एवं संतोसिनी बिसाई एनके क्षेत्र शामिल थीं. इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव रूपिंदर बरार, कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

बताते दें कि शनिवार को पूरे कोल इंडिया में 424 लाभुकों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए, जिनमें सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के कुल 100 लाभुक शामिल थे. सीसीएल के क्षेत्रवार नियुक्ति पत्र वितरण में रजरप्पा के 5, हजारीबाग के 13, कुजू के 8, अरगड्डा के 13, बरका-सयाल के 20, एनके के 7, पिपरवार के 5, ढोरी के 9, बीएंडके 6, कथारा के 11, सीआरएस, बरकाकाना के 1, मगध-संघमित्रा के एक व आम्रपाली-चंद्रगुप्त के 1 लाभुक शामिल हैं. नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर पूरे कोल इंडिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए थे. बता दें कि सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के नेतृत्व में अनुकंपा से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारा के लिए एक विशेष ड्राइव चलाया गया था, जिसके फलस्वरूप सीसीएल में 100 लाभुकों को नियुक्ति पत्र दिया गया.



कार्यक्रम में मौजूद सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़, मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व अन्य.

### शिक्षकों की प्रोन्नति के मामले को लेकर बैठक

**रांची।** प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति के निराकरण को लेकर प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित प्राथमिक शिक्षा निदेशक के सभागार में पदाधिकारी व शिक्षक संघों के बीच कई बिंदुओं पर चर्चा की गई. पूर्व नियमावली 1993, सचिव के पत्रांक 866/14/11/2023 का पर भी चर्चा की गई. साथ ही मांग की गई कि 24 वर्षों के बीत जाने के बाद भी समय पर प्रोन्नति नहीं होने और जल्द प्रोन्नति, एमएसीपी का भी निष्पादन हो. 1994 में नियुक्त उर्दू शिक्षकों के लिए अलग से प्रोन्नति देने का भी विचार शिक्षक संघ के अमीन अहमद ने दिया. शिक्षा पदाधिकार्यों में संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल, उप निदेशक शिवेंद्र कुमार, क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक अलका जायसवाल, ब्रज माधव, विशेष कार्य पदाधिकारी मुकेश सिन्हा शामिल थे. मौके पर विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, राममूर्ति ठाकुर, शैलेंद्र सुमन व अन्य प्रतिनिधि शामिल थे.

**चुनाव की तैयारी** ईवीएम व वीवीपैट पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## ईवीएम-वीवीपैट के प्रोटोकॉल की दी जानकारी

संवाददाता।रांची

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, उप निर्वाचन पदाधिकारियों व एफएलसी सुपरवाइजर के लिए ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम स्तरीय निरीक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ भारत निर्वाचन आयोग के सचिव बीसी पात्रा, अवर सचिव राकेश कुमार, ईवीएम की नोडल पदाधिकारी गीता चौबे, एनएमएलटी महेंद्र कुमार और मृत्युंजय कुमार ने संबंधित विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया.



कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व आयोग के सचिव.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित सभी प्रोटोकॉल से अवगत कराना है, जिससे विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार के संशय की स्थित उत्पन्न न हो. उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट के रख रखाव के दौरान स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व राजनीतिक दलों के साथ बातचीत महत्पूर्ण है.

कार्यशाला में पदाधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट की तकनीकी और प्रशासनिक सुरक्षा, प्रथम स्तरीय निरीक्षण की प्रक्रिया एवं डाउट क्लियरिंग सत्र का आयोजन किया गया. इन सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया. कार्यशाला के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ राज्य में चल रहे द्वितीय मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई. इस अवसर पर सभी जिलों के संबंधित पदाधिकारियों के अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार व अन्य शामिल रहे.

क्लासिफाइड



























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, रविवार 04 अगस्त 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 117 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मंईयां सम्मान योजना**

## अधिकतर पंचायतों में नहीं भेजा गया ऑपरेटर, नहीं हो सके आवेदन स्वीकृत

# ऐसे में कैसे मिलेगा लाभ, पहले दिन ही अधिकारी दिखे लापरवाह

**खास बातें**

- दिन भर कतार में लगी रही महिलाओ को मिली निराशा
- कंप्यूटर आपरेटर की कमी से महिलाएं परेशान

राम कुमार पाण्डेय

**कतरास।** झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पहले दिन ही बाघमारा में आवेदकों को निराशा हाथ लगी . अधिकारियों की उदासीनता के कारण महिलाएं दिन भर पंचायत सचिवालय की परिक्रमा करती रहीं.61 पंचायत वाले प्रखंड में जानकारी के अनुसार सिर्फ बीस आवेदकों का ही आवेदन स्वीकृत हो सका.

बाघमार प्रखंड के झींझी पहाड़ी जमुआटांड ,छोटानगरी, निचिपुर वन सहित अन्य पंचायतो के सचिवालयों में सुबह से ही भारी संख्या में महिलाएं घंटों लईन में लगी रहीं बावजूद एक भी आवेदक का आवेदन स्वीकृत नहीं हो सका. झीझीपहाडी जमुआटांड छोटानगरी निचिपुर वन सहित अन्य अधिकांश पंचायतों में प्रखंड कार्यालय से कंप्यूटर आपरेटर नहीं भेजा गया था.हालांकि पंचायत के मुखियों की सक्रियता से पंचायत के प्रज्ञा केंद्र के एक कंप्यूटर आपरेटर को लगाया गया लेकिन लिंक नहीं रहने के कारण आवेदकों के साथ ओपरेटर भी दिन भर हांफते रहे.मुखियों के द्वारा प्रखंड कार्यालय में संपर्क करने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी सिर्फ टालमटोल करते रहे.

अधिकारियों की उदासीनता से पंचायत के प्रतिनिधि काफी परेशान रहे.कई पंचायतो में अधिकारियों की उदासीनता के कारण मुखियों को महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ा. मुखियों की मानें तो बाघमारा प्रखंड कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान आवेदन के लिए हर पंचायत में चार कंप्यूटर आपरेटर भेजने की बात कही गई थी, लेकिन पहले दिन ही अधिकारियों का बात हवा हवाई साबित हुई. बात करें कतरास अंचल अंतर्गत नगर निगम की तो निगम अंचल कार्यालय कतरास, निगम वार्ड संख्या एक दो तीन चार में बारिश के बावजूद सुबह से ही महिलाओं की जबरदस्त भीड़ लगी रही नगर निगम इलाकों में भी कंप्यूटर आपरेटर की कमी देखी गई यहां भी इक्का-दुक्का को छोड़ दें तो अधिकांश महिलाओं का आवेदन स्वीकृत नहीं हो सका.

### अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल : निरंजन



जमुआटांड पंचायत के मुखिया निरंजन गोप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए अच्छी योजना लाई गई है,लेकिन प्रखंड अधिकारियों की कार्यशैली से योजना आवेदन से पहले दम तोड़ती दिख रही है .अधिकारी पूरी तरह लापरवाही बरत रहे हैं जिसका नतीजा है कि पंचायत प्रतिनिधियों को महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ रहा है अधिकारी सिर्फ टालमटोल कर रहे हैं पंचायत में प्रखंड कार्यालय से कोई व्यवस्था नहीं दी गई है ना ही आवेदन के लिए कंप्यूटर आपरेटर भेजा गया है एक पंचायत में चार ओपरेटर की सूची उपलब्ध कराई गई है लेकिन वह कागज पर ही है .

### एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं : प्रेमलता



झींझीपहाड़ी पंचायत की मुखिया प्रेमलता कुमारी ने बताया कि बारिश के बावजूद महिलाएं घंटों लाइन में लगी रहीं लेकिन एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं हो सका एक भी ऑपरेटर नहीं भेजा गया था पंचायत के प्रज्ञा केंद्र से जो ऑपरेटर थे वे आवेदन के लिए प्रयास कर रहे थे लेकिन लिंक फेल होने की वजह से काम नहीं हो सका अधिकारियों से संपर्क करने पर वे सिर्फ टाल मटोल करते रहे .

### कुव्यवस्था से महिलाओं का अपमान : भाजपा



भाजपा कतरास मंडल महामंत्री सूर्यदेव मिश्रा ने कहा कि पहले दिन ही सरकार की योजना की पोल खुल गई है महिलाएं दिनभर पंचायत कार्यालयों पर खड़ी रहीं लेकिन आवेदन स्वीकृत नहीं हुआ सरकार व अधिकारियों की लापरवाही की वजह से माता बहनें दिन भर परेशान रहीं सरकार की यह योजना चुनावी योजना है इस योजना से सरकार महिलाओं को प्रलोभन दे रही है,इस तरह की कुव्यवस्था से महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है .



"योजना के कार्यान्वयन में लापरवाही पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने कहा कि किसी को घबराने की जरूरत नहीं है . सभी योग्य महिला का आवेदन स्वीकृति किया जाएगा . अभी कैम्प में लगातार दस तारीख तक आवेदन लिए जाएंगे . इसके बाद भी आवेदन किया जा सकता है . आगे उन्होंने कहा कि सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देश दिया गया है . जो अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे हैं, उनसे कारण जानकर कार्रवाई की जाएगी .

सादात अनवर
उप विकास आयुक्त

### 61 पंचायत में अधिकतम महेशपुर पंचायत वन में पांच आवेदन स्वीकृत हुए

जानकारी के अनुसार 61 पंचायत वाले बाघमारा प्रखंड में महेशपुर पंचायत वन पंचायत में अधिकतम 5 आवेदकों का आवेदन स्वीकृत हुआ,पदुगोडा पंचायत 1,नगरिकला उत्तर पंचायत 2,कुमारजोरी पंचायत में 1,हरिणा पंचायत 1,टूंडू पंचायत 3 इसके अलावा अन्य पंचायतो में सात आवेदकों का आवेदन स्वीकृत हुआ

**ब्रीफ खबरें**

### कैम्प की तारीख बढ़े : संतोष सिंह

**गोबिंदपुर ।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि गोबिंदपुर प्रखंड में सैकड़ों महिलाएं साइबर सिस्टम की खराबी से निराश होकर लौट गईं. उन्होंने झारखंड सरकार से कैम्प की तिथि बढ़ाने की मांग की ताकि महिलाएं योजना का लाभ उठा सकें. उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाओं की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और 10 अगस्त तक कांग्रेस सहयोग के लिए तत्पर रहेगी. कांग्रेस ने सभी प्रखंड एवं नगर में प्रभारी नियुक्त किए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके.

### मारपीट के आरोपी को दो वर्ष की सजा

**धनबाद :** महिला के साथ मारपीट कर उसे जख्मी कर देने के एक मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सफदर अली नायर की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक रुचिका की दलील सुनने के बाद आरोपी झरिया निवासी सुरेश वर्मा एवं नरेश प्रसाद वर्मा को दो- दो वर्ष की कैद एवं पांच - पांच हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. प्राथमिकी झरिया निवासी सोमा देवी की शिकायत पर झरिया थाने में 7 दिसंबर 11 को दर्ज की गई थी.

### दुष्कर्म के आरोपी को छह वर्ष कैद की सजा

**धनबाद :** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले मे धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी जमुडिया वर्दमान निवासी जावेद हुसैन को छह वर्ष कैद एवं तीन हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. शुक्रवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था.आरोपी इस मामले में 28 जून 19 से फरार चल रहा है.जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है.प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर निरसा थाने में दर्ज की गई थी.

## होसिर, डुमरी बिहार स्टेशन, हजारीबाग संपर्क पुल का हाल

# बोकारो नदी का पुल ध्वस्त

**खास बातें**

- एक ग्रामीण पुल के साथ बहा दो ने भाग का जान बचाई
- एनडीआरएफ की टीम खोज में जुटी



**दस गांव के लोग प्रभावित**

संवाददाता। बोकारो

जिले के होसिर एवं डुमरी बिहार स्टेशन को जोड़ने वाली बोकारो नदी पुल का मध्य भाग शनिवार को दो दिनों की भारी बारिश के कारण बह गया. दुर्भाग्य से, पुल पर से गुजर रहे तीन ग्रामीणों में से एक ग्रामीण, भौरी लाल प्रजापति (55 वर्षीय), पुल के साथ बह गया, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है. जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय एनडीआरएफ की टीम नदी पर पहुंचकर डूबे हुए व्यक्ति की तलाश में जुट गई है. घटना के बाद से, परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने डूबे हुए व्यक्ति की तलाश की मांग को लेकर ललपनिया गोमिया मुख्य सड़क को जाम कर दिया है. ग्रामीणों के अनुसार, यह पुल 2013 में बनकर तैयार हुआ था. पुल के बह जाने से लगभग दस गांव की आबादी प्रभावित हुई है. यह पुल हजारीबाग को भी जोड़ता था. जब यह घटना घटी, पुल पर से तीन ग्रामीण गुजर रहे थे, अचानक उन्हें आभास हुआ कि पुल गिर रहा है. तभी उन्हें भागो-भागो चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी. तीनों में से दो ग्रामीण किसी तरह भागने में सफल रहे, लेकिन भौरी लाल प्रजापति पुल के साथ बह गया. स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर गोमिया ललपनिया मुख्य सड़क को घंटों जाम कर दिया. सड़क जाम के कारण दोनों तरफ से आवागमन बाधित हो गया था. घटना की सूचना मिलते ही गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, बेरमो एसडीएम अशोक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार, डीसीएलआर सदानंद महतो, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप महतो, थानाप्रभारी नित्यानंद भोक्ता सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गए हैं. वहीं जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय गोताखोर की टीम भी डूबे हुए व्यक्ति के खोजबीन करने में जुट गई है. समझौता वार्ता में आश्रित को आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपए की राशि दिलाने की अनुशंसा की गई है. इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अम्बेडकर आवास, व्यक्ति के पुत्र को ओएनजीसी में नियोजन दिलाने पर सहमति बनी. इसके बाद लगभग आठ घंटे के पश्चात सड़क जाम को हटा दिया गया. वहीं बता दें कि दो दिनों के भारी बारिश के कारण गोमिया के कई स्थानों पर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं. पोल के क्षतिग्रस्त होने से साड़म-होसिर सहित कई क्षेत्रों में बिजली बाधित हो गई है. तुलबुल निवासी सुगन साव के घर और चहारदीवारी में बिजली का पोल गिर गया. वहीं ग्रामीण अर्जुन मांझी और बाबूचंद तुरी के घर की स्थिति जर्जर हो गई है. भारी के कारण तेनुघाट डैम के आठ फाटक खोल दिए गए हैं, जिससे दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ गया है. प्रशासन ने पूरे बेरमो अनुमंडल को अलर्ट जारी कर दिया है.

### कोनार नदी पर बना वैकल्पिक पुल डूबा

**कथारा।** बीते गुरुवार से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है . नदियों का जल स्तर भी बढ़ गया है और खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं . जारंगडीह कोनार नदी तट पर बना वैकल्पिक पुल भी डूब गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है . मौसम विभाग ने बोकारो में आरेंज अलर्ट जारी किया है . नदी किनारे बसे लोगों से सावधान रहने को कहा गया है . लगातार हो रही बारिश से जिले में कई स्थानों पर जलभराव हो गया है, जिससे लोगों को घरों से निकलने में भी परेशानी हो रही है .

## रेडिशन के मैनेजर समेत अन्य को नहीं मिली राहत

संवाददाता। धनबाद

धनसार के होटल रेडिशन इंडिविजुअल में महिला मैनेजर के साथ यातना और छेड़खानी,करने के मामले के नामजद आरोपीयों प्रतीक मोहन, (होटल मैनेजर,) के.एस. मोनालिसा, (ए.टी.आर. मैनेजर) राजीव रंजन गोस्वामी, (असिस्टेंट डायरेक्टर सेल्स), संजीत कुमार, (सुरक्षा मैनेजर), ऐश्वर्या मधुमिता, ( मुख्य ऑफिस मैनेजर) को अदालत से राहत नहीं मिली. वरीय अधिवक्ता शाहनवाज की दलील सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत ने पुलिस से केस डायरी तलब की है. होटल की महिला सेल्स मैनेजर ने 25 जुलाई 24 को महिला थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराते हुए होटल रेडिशन के जीएम समेत पांच कर्मियों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित, मारपीट और छेड़छाड़ करने की शिकायत महिला थाना में की थी. एफआईआर के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

## अवैध बालू लदा 2 व स्टोन चिप्स लदा एक ट्रैक्टर जब्त

संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार को औचक जांच अभियान चलाया. इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के बाद दिन में मेमको मोड़ के पास टास्क फोर्स की टीम ने औचक जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान टास्क फोर्स ने अवैध बालू लदा 2 ट्रैक्टर व अवैध स्टोन चिप्स लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया. आगे की कार्रवाई करने के लिए सभी वाहनों को बरवाअड्डा थाना को सुपुर्द किया गया. जांच दल की अगुवाई खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक कर रहे थे. वहीं जांच दल में सुमित कुमार प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं आवंटित पुलिस बल शामिल थे.

## चीटाही रामराज मंदिर जाने वाली सड़क के किनारे बना गोफ

- राहगीरों व आसपास के लोगों में हड़कंप

संवाददाता। बरोरा

बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह में सड़क के किनारे अचानक गहरा गोफ बन गया, जिसका दायरा धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है. यह सड़क हाल ही में करोड़ों की लागत से बनी है और मुराईडीह से चीटाही स्थित रामराज मंदिर को जोड़ती है. प्रतिदिन सैकड़ों बड़े-छोटे वाहनों का आवागमन इस मार्ग से होता है, और अचानक सड़क के ठीक किनारे गोफ बन जाने से राहगीरों और आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त है. जानकारी के अनुसार, सड़क के जमीन के नीचे कोयला का अवैध ढंग से उत्खनन किये जाने से सड़क के जमीन के नीचे खोखला हो गया है. पूर्व में सड़क के नीचे भूमिगत खदान चलाया जाता था. अनिष्ट की आशंका से चिंतित आसपास के ग्रामीणों ने बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रीय प्रबंधन से उक्त स्थल की भराई करने की मांग की है, ताकि संभावित हादसे को टाला जा सके.

ग्रामीणों ने बताया कि चिटाही धाम जाने वाले लोगों को रोड निर्माण से काफी सहूलियत हो रही थी, परंतु शनिवार के दिन उक्त मार्ग के समीप भू-धंसान से गहरा गोफ बन जाने से चिटाही धाम आने जाने वाले राहगीरों पर अनहोनी के बादल मंडरा रहे हैं.

### बीसीसीएल कर्मी के घर दो लाख की चोरी

**धनसारः** धनसार थाना क्षेत्र बेरा माडर्न कालोनी के बीसीसीएल कर्मी दिलीप बाउरी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत दो लाख की संपत्ति चोरी कर ली.इस संबंध मे दिलिप ने धनसार थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया.दिलीप का कहना है कि उनके पिता की तबियत खराब थी.उनसे मिलने के लिए पूरे परिवार के साथ 14 जुलाई को पैतृक गांव पुरूलिया चले गए.दो अगस्त को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उसके घर का ताला टुटा हुआ है.सूचना पाकर शनिवार को बेरा पहुंचे.जहां देखा कि चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया.आलमारी व बक्शा तोड़कर उसमे रखे दो लाख के जेवरात और 2300 नगद चोरी कर ली. इसके बाद इस घटना की सूचना धनसार थाना को दी.

## दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ने से जलापूर्ति ठप

# 12 लाख की बड़ी आबादी मुसीबत में

संवाददाता। धनबाद



धनबाद। कोयलांचल में लगातार मूसलाधार बारिश के कारण तेनुघाट डेम का फाटक खोल दिया गया है, जिससे दामोदर नदी उफान पर है. नदी का जलस्तर 460 आरएल (रिवर लेवल) पहुंच जाने के कारण जामाडोबा स्थित झमाडा के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में मोटर पंप और फुटबॉल ऊपर उठा दिए जाने पर इलाके में जलापूर्ति पर असर पड़ा है. शनिवार सुबह से ही जामाडोबा जल संयंत्र में जल भंडारण व पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है. हालांकि जल संयंत्र के कर्मी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं.

झमाडा कर्मियों ने बताया कि फिलहाल पानी का लेबल बढ़ता ही जा रहा है. पानी के साथ-साथ काफी मात्रा में जलकुंभी आने से फुटबॉल जाम हो गया है, जिससे रॉ वॉटर को जल भंडारण गृह में भेजने में दिक्कत हो रही है. नदी का जल स्तर कम होते ही फुटबॉल का लेबल सेट कर दिया जाएगा. दामोदर नदी का जलस्तर 450 से 452 आरएल ही होना चाहिए तभी फिल्टर प्लांट में जल भंडारण हो पाएगा. बता दें कि जमाडोबा जल संयंत्र से झरिया विधानसभा क्षेत्र समेत पुटकी में भी जलापूर्ति की जाती है. जलापूर्ति बाधित होने का असर दोनों क्षेत्र के लगभग 12 लाख की आबादी पर पड़ा है.

**धनबाद**

## जलजमाव की समस्या से राहत मिलना शुरू

# आफत की बारिश से चौबीस घंटे बाद मिली राहत

- जलजमाव से निपटने में युद्धस्तर पर लगा निगम

संवाददाता। धनबाद



गुरुवार की शाम से धनबाद में बारिश ने जो रफ्तार पकड़ी वह शनिवार की दोपहर में थम गया. जिसके बाद लोगों को थोड़ी राहत मिली. वहीं जलजमाव की समस्या कई क्षेत्रों में बनी हुई है. जलजमाव का जलस्तर कम जरूर हुआ है लेकिन अब तक पूरी तरह राहत नहीं मिल पाई है. धैया, रानीबांध, बाबूडीह, हंस विहार कॉलोनी, तपोवन कॉलोनी, श्याम विहार कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, ग्रेवाल कॉलोनी आदि क्षेत्रों में अब तक पानी का जमाव है. मुहल्ले में हुए जलजमाव से सैकड़ों घरों में भी पानी घुस गया था.

जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम की टीम लगातार लगी हुई रही. विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए नगर आयुक्त ने क्यूआरटी का भी गठन कर दिया. शुक्रवार सुबह से नगर आयुक्त रविराज शर्मा एवं नगर निगम की पूरी टीम युद्धस्तर पर जल निकासी के कार्य मे लगे हुए दिखे. किसी भी क्षेत्र से जलजमाव की सूचना मिलने पर नगर आयुक्त एवं नगर प्रबंधक उस पर तुरंत संज्ञान लेकर टीम की टीम भेज रहे थे. वार्डो के सुपरवाइजर बारिश में भींग कर जलजमाव को दूर करने का उपाय करते रहे. जिससे किसी प्रकार के अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. नोडल अधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक दोनों दिन रानीबांध में मौजूद रहकर जल निकासी करवाते दिखे. शनिवार को भी नगर निगम की टीम दिनभर जलजमाव से निजात दिलाने के प्रयास में लगे रहे. जिससे शाम तक कई क्षेत्रों से पानी की निकासी कराना सम्भव हो पाया.

### 800 करोड़ की सीवरेज-ड्रेनेज योजना अधर में

दो साल पहले बनी 800 करोड़ की सीवरेज ड्रेनेज योजना फेज- वन के धरातल पर उतारने की प्रक्रिया अभी तक फाइलों में ही घूम रही है . नमामि मिशन ऑफ क्लीन गंगा प्रोग्राम के तहत केंद्र सरकार इसकी फंडिंग कर रही है . इस योजना के तहत शहर के घरों से निकलने वाले नाले के पानी को एक जगह एकत्र कर उसे साफ किया जाएगा और फिर उसे दामोदर नदी में डाला जाएगा . इस योजना का टेंडर तो हो चुका है लेकिन कंपनी को काम आवंटित नहीं किया गया है . वहीं 1300 करोड़ खर्च कर फेज टू की योजना पूरी की जाएगी . इसमें एडीबी द्वारा फंडिंग की जा रही हैं .

### सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद :** नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बेकार बांध निवासी नारायण कुमार को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए पांच अगस्त की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर धनबाद थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक वर्ष 2015 में सरस्वती पूजा के दिन पीड़िता एक अपार्टमेंट में पीने का पानी लाने गई थी. जब वह पानी लेकर लौट रही थी तो आरोपी स्नेही यादव एवं नारायण कुमार ने पीछे से उसे पकड़ लिया उसके मुंह में कपड़ा बांध कर जबरन अपने घर में ले गया और दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया.फिर दोनों भाग गए पीड़िता ने घर वालों को इसकी जानकारी दी.

## निरसा एसडीपीओ कार्यालय में बैठक

# बच्चा चोरी की अफवाह से बचें : बाखला

संवाददाता। मैथन

निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने शनिवार को मैथन स्थित कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया. गोष्ठी में उपस्थित थाना प्रभारियों से बारी-बारी से प्रतिवेदित और निष्पादित होने वाले संभावित कांडों की समीक्षा की गई.

एसडीपीओ श्री बाखला ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में बच्चा चोरी के अफवाहों और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं. उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त पत्रों का निष्पादन, वारंट का निष्पादन, चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि अपराधों की रोकथाम हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

इसके अलावा वारंट, कुर्की, सम्मन आदि का निष्पादन करने में ढिलाई नहीं बरतने का निर्देश दिया गया. अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.

एसडीपीओ बाखला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोग बच्चा चोरी के अफवाह से बचें और किसी तरह की सूचना हो तो पुलिस को बताएं. उन्होंने कहा कि बच्चा चोरी की खबरें अफवाह साबित हो रही हैं और ऐसे में किसी भी व्यक्ति को मारना-पीटना ठीक नहीं है.

गोष्ठी में उपस्थित थाना प्रभारी और ओपी प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिया गया कि क्षेत्र में चोरी, डकैती सहित लंबित मामलों के निष्पादन और लोगों के फरियाद पर त्वरित कार्रवाई की जाए. क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और जनता में विश्वास कायम करने के लिए पुलिस हर वक्त मुस्तैद रहे.

# मूसलधार बारिश से मैथन पंचेत डैम में बढ़ा जलस्तर

## पिछले 24 घंटों में दोनों डैमों में 6.5 फीट पानी की हुई बढ़ोतरी

संवाददाता। मैथन



लगातार दो दिनों से मूसलधार बारिश के कारण डीवीसी के मैथन, पंचेत एवं कोनार डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. पिछले 24 घंटे के दौरान मैथन एवं पंचेत डैम का जलस्तर करीब साढ़े छह फीट और कोनार डैम का जलस्तर करीब दस फीट तक बढ़ा. हालांकि तिलैया डैम के जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है. डैमों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए केन्द्रीय जल आयोग एवं डीवीसी के एमआरओ विभाग ने मैथन एवं पंचेत डैम से पानी छोड़ना शुरू कर दिया है, जिससे दामोदर घाटी के निचले क्षेत्र (पश्चिम बंगाल) में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है. केन्द्रीय जल आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार को ग्रीन अलर्ट जारी कर दिया है.

वहीं डैमों के बढ़ते जलस्तर पर केन्द्रीय जल आयोग एवं डीवीसी एमआरओ विभाग नजर बनाए हुए है. केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों का कहना है कि अभी चिंता की कोई बात नहीं है. डैमों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है. इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो हो सकता है जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच जाए.

केन्द्रीय जल आयोग ने मैथन डैम का जलस्तर 2 अगस्त की सुबह 6 बजे 466.44 फीट मापा था, जो 3 अगस्त की सुबह 6 बजे तक बढ़कर 472.93 फीट हो गया. 24 घंटे में मैथन डैम का जलस्तर में करीब साढ़े छह फीट की वृद्धि दर्ज की गई. हालांकि मैथन डैम में खतरे का निशान 495 फीट है. पंचेत डैम का जलस्तर 2 अगस्त को 406.66 फीट था, जो 3 अगस्त को बढ़कर 412.24 फीट हो गया. पंचेत डैम में खतरे का निशान 425 फीट है. कोनार डैम का जलस्तर 2 अगस्त को 1369.72 फीट मापा गया था, जो 3 अगस्त को बढ़कर 1379.99 फीट हो गया. तिलैया डैम का जलस्तर 2 अगस्त को 1194.26 फीट था, जो 3 अगस्त को बढ़कर 1194.95 फीट हो गया. हालांकि तिलैया डैम के जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई. वहीं तेनुघाट डैम के जलस्तर में भी भारी वृद्धि दर्ज की गई. तेनुघाट का जलस्तर 2 अगस्त को 845.41 फीट मापा गया था, जो 3 अगस्त को बढ़कर 851.31 फीट हो गया. तेनुघाट के जलस्तर में पिछले 24 घंटे के दरम्यान छह फीट की बढ़ोतरी हुई. केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों के अनुसार मैथन डैम में करीब 78 हजार एकड़ फीट पानी प्रति घंटा दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र से आ रहा है, जिसके अनुपात में मैथन डैम से 7175 एकड़ फीट पानी छोड़ा जा रहा है. इसी प्रकार पंचेत डैम में 83284 एकड़ फीट पानी प्रति घंटे आ रहा है और 17130 एकड़ फीट पानी छोड़ा जा रहा है. डैमों में जैसे-जैसे पानी आने की मात्रा में वृद्धि होगी, उसी अनुपात में पानी छोड़ा जाएगा.

## भारी बारिश के कारण 47 फीट पहुंचा तोपचांची झील का पानी



तोपचांची। पिछले दो दिनों से मूसलधार बारिश के कारण तोपचांची झील का जलस्तर 47 फीट तक पहुंच गया है. बारिश से पहले इस झील में जलस्तर काफी नीचे था. जलस्तर में बढ़ोतरी होने से पेयजल आपूर्ति में बाधा आ रही है.

▼ ब्रीफ खबरें

### विकास महतो बने भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष

तोपचांची। भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने पदाधिकारियों की नई सूची जारी की है. तोपचांची के क्षेत्र संख्या 2 के जिला परिषद् सदस्य विकास महतो भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं. विकास महतो ने कहा है कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसका पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ पालन करूंगा. वहीं उन्हें भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर तोपचांची में खुशी की लहर है. यहां के भाजपाई लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं.

### ट्रक पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे चालक

**तेतुलमारी**। सिजुआ-राजगंज मुख्य मार्ग पर तेतुलियाटांड़ के समीप शनिवार को एक विशाल सूखा पेड़ ट्रक पर गिर जाने से ट्रक को क्षति पहुंची. हालांकि इस घटना में ट्रक के चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए. घटना के बाद करीब एक घंटा तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा. स्थानीय लोगों ने भारी मशक्कत कर रस्सी के सहारे पेड़ को रास्ते से हटाया. इसके बाद वाहनों का आवागमन फिर शुरू हुआ. चालक सुदेश कुमार ने बताया कि वह पेड़ बारिश के कारण झुक गया था. ट्रक को किनारे कर पार करते समय वह गिर पड़ा.

**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

### बिचौलियों से सावधान रहने की अपील

**धनबाद**। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में बिचौलियों से सावधान रहने की अपील जिला प्रशासन ने की है. कोई भी व्यक्ति आवेदन प्रक्रिया में मदद के नाम पर पैसे मांगे तो उससे सावधान रहें तथा तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचित करें. जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि योजना में आवेदन के लिए मूल आवेदन पत्र की आवश्यकता नहीं है. स्पष्ट और पठनीय फोटोकॉपी स्वीकार की जाएगी. आवेदन से लेकर योजना के लाभ तक, सभी कुछ मुफ्त है. किसी भी चरण में किसी को पैसे देने की आवश्यकता नहीं है.

### सिमलाटांड़ के नाले में मिला शव

**बरवाअड्डा**: बरवाअड्डा थाना अंतर्गत सिमलाटांड़ नाला में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई. सूचना पर बड़ी संख्या में आस पास के लोग जुट गए.जानकारी पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि सदलबल के साथ मौके पर पहुंचे.पंडुकी पंचायत मुखिया मोहम्मद अख्तर अंसारी व जयनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि साधु हाजरा भी पहुंचे. शव को पानी से बाहर निकाला गया.शव बाहर निकलते ही लोगों ने शव की पहचान मुर्राडीही निवासी 45 वर्षीय सुभाष कर्मकार के रूप में किया.

### निरसा में ट्रक के धक्के से बाइक सवार घायल

**निरसा** : निरसा थाना क्षेत्र के कंचनडीह-पंडरा रोड पर शनिवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने घायल बारिक अंसारी को आनन-फानन में इलाज के लिए एंबुलेंस से धनबाद भेजा. बताया गया कि बारिक अंसारी पंडरा का रहने वाला है. वह अपनी बाइक से कंचनडीह जा रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया. घटना के बाद ट्रक का चालक व खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गए.

### चिरकुंडा नगर परिषद् में मंईयां सम्मान योजना शुरू

**निरसा**। निरसा विधानसभा क्षेत्र के चिरकुंडा नगर परिषद् कार्यालय में शनिवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत परिषद् के पदाधिकारियों और झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की. अशोक मंडल ने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक मदद कर स्वावलंबी बनाने के लिए है. उन्होंने भागा बांध, रांगामाटी, पांड्रा सहित कई पंचायतों का दौरा कर योजना के तहत महिलाओं की समस्याएं दूर करने की अपील की. मौके पर राजू झा, फारूख अंसारी समेत झामुमो के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# धनबाद में उफान पर नदियां, माइंस को खतरा!



- बीसीसीएल के अधिकारी लगातार कर रहें निगरानी

संवाददाता। धनबाद

धनबादः पूरे झारखंड में दो दिन से लगातार हुई बारिश से प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं. इन नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है. जिसमें पानी तेज प्रवाह में बह रहा है. धनबाद के माटिगढ़ जमुनिया नदी भी उफान पर है, डैम में पानी बढ़ गया है. नदी में पानी का करंट दौड़ रहा है. नदी का जलस्तर बढ़ने से धनबाद के खदान वाले इलाकों में पानी भरने का खतरा मंडरा रहा है. हालांकि बीसीसीएल के अधिकारी इसको लेकर लगातार नजर बनाए हुए हैं.

### धनबाद में उफान पर नदियां, माइंस में पानी घुसने का खतरा

बीसीसीएल एरिया 01 दामोदा कोलियरी के अधिकारी डैम का निरीक्षण करने पहुंचे. उन्होंने इसकी जांच की और कहा कि नदी के उफान से माइंस को फिलहात तो कोई खतरा नहीं है. अधिकारी पीके मेहता ने बताया कि दो दिन से लगातार बारिश हुई है, जिसे लेकर वे डैम का निरीक्षण करने पहुंचे हैं कि डैम का पानी कितना बढ़ा है, अब तक के जलस्तर को देखकर लगता है कि अभी इससे माइंस को कोई खतरा तो नहीं है.

वहीं नदी और डैम के आसपास पानी के तेज बहाव में कुछ स्थानीय इस तेज बहाव में मछली पकड़ने में जुटे हैं. वो अपनी जान जोखिम में डालकर पानी में जाल फेंककर मछली पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं. इसको लेकर बीसीसीएल अधिकारी ने उनसे अपील करते हुए कहा कि जो युवक तेज बहाव में मछली पकड़ रहे उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, ऐसे समय में पानी से दूरी बनाना चाहिये. यहां किसी सुरक्षा गार्ड की कोई तैनाती नहीं है. लोगों को पानी की तरफ जाने से रोकने का काम जिला पुलिस प्रशासन का है. इसमें वह कुछ नहीं कर सकते हैं. लोगों से केवल अपील है कि नदी का बहाव तेज है तो खतरा मोल नहीं लें और मछली पकड़ने का खतरा भी नहीं लें.

# प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने संजीव झा

संवाददाता। धनबाद



धनबाद प्रेस क्लब का चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ. जिसमे संजीव झा अध्यक्ष पद पर काबिज हुए. धनबाद प्रेस क्लब चुनाव वर्ष 2024 -2027 के लिए कुल 21 पदों के लिए चुनाव हुए. जिसमे **अध्यक्ष** संजीव झा, **वरीय उपाध्यक्ष** शशि भूषण राय, **उपाध्यक्ष** प्रतीक पोपट, अमर प्रसाद उर्फ अमर, बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, शरद चंद्र पांडे, **महासचिव** अजय प्रसाद, **सचिव** मोहन कुमार गोप, संजय चौरसिया उर्फ जेठालाल, नवीन राय, राममूर्ति पाठक, चंदन पाल, **कोषाध्यक्ष** मनोज कुमार शर्मा एवं कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में विक्की प्रसाद, शंभवी सिंह, रोशन कुमार सिंह, विपिन कुमार रजक, गोपाल प्रसाद, शिल्पा सिंह, कन्हैया कुमार पांडे चुने गए

### रानी बांध सड़क पर जलजमाव, डूबने से बचा बाइक सवार

धनबाद। मूसलधार बारिश के कारण रानी बांध के अंधा मोड़ सड़क पर करीब तीन फीट से ज्यादा पानी भर गया है. आवागमन पूरी तरह बाधित है. जलजमाव की समस्या को लेकर आजसू नेता पप्पू सिंह की अगुवाई में स्थानीय लोग सड़क पर उतरे और नगर निगम एवं पथ निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की. मौके पर पप्पू सिंह ने कहा कि सड़क पर जलजमाव होने से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है. शनिवार की दोपहर एक बाइक सवार को डूबने से बचाया गया. उन्होंने कहा कि जलजमाव के कारण धैया समेत मंडल बस्ती, मल्लिक बस्ती एवं हलधर बस्ती के लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है. एक सप्ताह के भीतर जलजमाव का स्थायी समाधान नगर निगम नहीं करेगा तो स्थानीय लोग आंदोलन करेंगे. वहीं शुक्रवार से नगर निगम पम्प लगा कर पानी की निकासी करा रहा है. सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक खुद वहां खड़े होकर कार्य करवा रहे हैं.

# तृप्ति होटल में छापेमारी

- होटल संचालक गिरफ्तार

संवाददाता। महुदा

महुदा पुलिस ने शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर तृप्ति होटल में छापेमारी की और भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की. होटल संचालक अभिजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ है. छापेमारी के दौरान 19 कैन बीयर और 40 छोटी और बड़ी अंग्रेजी शराब की बोतलें जब्त की गईं. आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया. महुदा थाना के एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी की गई और होटल संचालक को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने कहा कि पुलिस अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी नजर रखे हुए है और ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए नियमित छापेमारी की जाएगी.

## गर्भवती की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता। मैथन

एग्यारकुण्ड मोची टोला के ग्रामीणों ने शनिवार को एग्यारकुण्ड कृष्णा कांटा स्थित पायल क्लिनिक के समक्ष जमकर हंगामा किया. इस क्लिनिक में मोची टोली की एक गर्भवती महिला कल्पना रोहिदास भर्ती थी, जिसकी मौत हो गई. मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने गलत इलाज का आरोप लगाकर हंगामा किया. ग्रामीणों के आने की खबर पाकर संचालक क्लिनिक बंद कर फरार हो गया. मामले की सूचना पाकर मुखिया काकुली मुखर्जी घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों व ग्रामीणों को लेकर ओपी गई. मृतका की मां जवा रोहिदास ने अपनी पुत्री की मौत के लिए क्लिनिक संचालक एवं कंपाउंडर को ठहरा कर कानूनी कार्रवाई की मांग की.

# खरखरी कोलियरी में मजदूरों का प्रदर्शन

संवाददाता। मधुबन



गोबिंदपुर क्षेत्र के खरखरी कोलियरी की चालू भूमिगत खदान को निजी कंपनी को देने और 159 मजदूरों के महेशपुर कोलियरी में तबादले के बीसीसीएल प्रबंधन के फैसले के विरोध में शनिवार को संयुक्त मोर्चा के बेनर तले मजदूरों ने कोलियरी पीट पर जमकर हंगामा किया.

मजदूरों ने प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सभी सदस्य मौजूद थे. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि प्रबंधन का फैसला श्रमसंघ के नियमों का उल्लंघन है और मजदूर विरोधी नीति को दर्शाता है.

उन्होंने चेतावनी दी कि प्रबंधन अपनी मनमानी से बाज आए, वरना केंद्रीय श्रम संगठन के सहयोग से पूरे गोविंदपुर क्षेत्र का चक्का जाम कर दिया जाएगा. बाद में क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने महाप्रबंधक जीसी साहा को मांगपत्र का ज्ञापन सौंपा. महाप्रबंधक कार्यालय से संयुक्त मोर्चा के नाम एक चिट्ठी जारी की गई है, जिसमें सभी श्रम संगठनों के सदस्यों से 5 अगस्त को महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया गया है.

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 7 अगस्त को

**धनबाद**। झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से बेरोजगार युवक व युवतियों को रोजगार देने के लिए दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 का आयोजन 7 अगस्त को धनबाद के बरटांड़ स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में किया जाएगा. इच्छुक अभ्यर्थी महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ मेला में शामिल हो सकते है. मेला का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक है. कुल 2250 पदों पर भर्ती की जाएगी. जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है. आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक,आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, बायोडाटा एवं आवासीय प्रमाण पत्र के साथ मेला में भाग ले सकते हैं.

# तीन वर्ष में भी पूरा नहीं हो सका पुल निर्माण कार्य

- डायवर्सन बहने से आवागमन में परेशानी

संवाददाता। गोमो

पिछले दो दिनों से लगातार हो रहे मूसलधार बारिश के कारण बिशुनपुर जोरिया में जलस्तर बढ़ जाने से दर्जनों गांव के ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. मुख्य सडक पर निर्माणाधीन पुल के बगल में बनाए गए डायवर्सन भारी बारिश में बह गया. इस वजह से हरिहरपुर, कोरकोट्टा, पावापुर , भेंडरा बोकारो जिले के नावाडीह समेत गिरिडीह जिले के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है. स्थानीय ग्रामीण शंकर हेम्ब्रम और इसराइल अंसारी ने बताया कि जोरिया पर निर्माणाधीन पुल को ठेकेदार ने निश्चित अवधि में पूरा नहीं किया. निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व पुराना पुल को तोड़ दिया. तीन साल बीतने को है अभी तक नया पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है.

पिछले वर्ष भी बारिश के मौसम में डायवर्सन बह गया था. ग्रामीणों के अनुसार स्थानीय विधायक निर्माण कार्य का शिलान्यास करके जाने के बाद दुबारा देखने नहीं आए. निर्माण कार्य में देरी होने पर ग्रामीणों को परेशानी हो रही है.

बिशुनपुर पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरने के लिए शिविर लगाया था. पंचायत सचिवालय के समीप जोरिया तेज उफान पर है. बिशुनपुर, सिकलाईन, शर्मा कॉलोनी समेत कई गांवों की महिलाएं जान जोखिम में डालकर पंचायत सचिवालय पहुंची.

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन महोत्सव का आयोजन

- पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाएं : मथुरा

गोमो । झारखंड सरकरा के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 75 वां वन महोत्सव का आयोजन गोमो के आजाद हिंद हाई स्कूल मैदान में किया गया. महोत्सव की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि टुन्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अंचल अधिकारी डॉ. संजय कुमार, बीडीओ फणिश्वर रजवार और जिप सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की. महोत्सव में सभी अतिथियों को पौधे भेंट किए गए.

विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि पर्यावरण संतुलित रखना हम का कर्तव्य है. पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी पौधे जरूर लगाएं. पर्यावरण असंतुलन के कारण तरह-तरह की समस्याएं झेलनी पड़ रही है. नाना प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही है. बारिश कम होने से धरती का जलस्तर नीचे जा रहा है. कई जगहों पर बोरिंग कराने पर पानी नहीं मिलता. पौधरोपण से पर्यावरण संतुलित रहेगा. वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण किया जाना जरूरी है. पेड़- पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलता है. वन्य प्राणियों का निवास स्थल वन है.

स्वागत भाषण देते हुए सहायक वन संरक्षक अजय कुमार मंजुल ने कहा कि पर्यावरण संतुलित नहीं रहने पर मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा. अक्सर देखा जा रहा है कि बरसात के मौसम में कम बारिश होती है, जिससे खेती पर असर पड़ता है.

## घरों में नाले का गंदा पानी घुसने से खाद्य सामग्री हुई बर्बाद, भुखमरी के कगार पर लोग

# निगम की लापरवाही बना 200 परिवारों की परेशानी

रनजीत सिंह। धनबाद



झरिया के जामाडोबा स्थित आलमनगर में नगर निगम की लापरवाही करीब 200 परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है. मूसलाधार बारिश के कारण नाली का पानी लोगों को घरों में घुसने से खाद्य सामग्री बर्बाद हो गया है. इन परिवारों के समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है. भुक्तभोगी परिवारों ने संबंधित विभाग से मदद की गुहार लगाई है.

भुक्तभोगी हसीना खातून ने बताया कि नाले का गंदा पानी घर में घुसने से खानपान सामग्री बर्बाद हो गया है. बच्चे दो दिनों से दूसरे जगह पनाह ले रखे हैं. निगम के अधिकारी वक्त रहते नाले की सफाई करवाते तो ऐसी स्थिति नहीं आती.

एक अन्य भुक्तोभोगी निसार अहमद ने बताया कि निगम की लापरवाही के कारण घर में पानी घुसा है. पूरा परिवार दूसरे के घर में शरण ले रखा है. पेट भरने के साधन कुछ भी नहीं है. शहजादी खातून का कहना है कि नाले का पानी घर में घुसने से काफी नुकसान हुआ है. घर के सदस्य मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं. घर में पानी घुसने से खाद्य सामग्री नष्ट हो चुका है.

बता दें कि आलम नगर के निवासी नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा विगत 12 वर्षों से भुगत रहे हैं. हर साल बारिश के मौसम में यहां करीब 200 घरों में नाले का घुस आता है. इस समस्या को लेकर लोगों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया.












▼ **ब्रीफ खबरें**

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के सकरुगढ़ में 24 वर्षीय दौलत पासवान नामक युवक ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. युवक ने अपने घर के एक कमरे में साड़ी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पीड़ित के पिता मंटू पासवान ने बताया कि रात में सभी साथ में खाना खा कर सोने चले गए थे. शनिवार की सुबह देर तक उसके नहीं जगने पर कमरे में देखा तो उसे फंदे से लटका हुआ पाया. इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप मामले की छानबीन शुरू कर दी है.

### गिरिडीह पुलिस ने सावधानी बरतने को लेकर की अपील

**गिरिडीह।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से गिरिडीह पुलिस भी अलर्ट है. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने शोशल मीडिया पर मैसेज शेयर कर लोगों से अपील की है. कहा गया है कि लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह जल जमाव हो चुका है. ऐसे में लोग सावधान रहें. निचले इलाके, कच्चे घर, पेड़ के नीचे, वाटर फॉल, डैम, नदी और तालाब जाने से बचें . कहा गया है कि गिरिडीह पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है लेकिन सावधानी सभी को बरतनी है.

### सहायक अध्यापक के निधन पर शोक व्यक्त

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुईयो के सहायक अध्यापक मंगल प्रसाद महतो (56) का आकस्मिक निधन शनिवार की सुबह हो गया. सहायक अध्यापक कुछ समय से बीमार चल रहे थे. वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री को छोड़ चले गए. घटना के बाद सहायक अध्यापक संघ द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई. संघ के जिलाध्यक्ष डीलचंद महतो ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुकंपा के तौर पर उनके आश्रित को नौकरी दे. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बिनोद प्रसाद महतो, संकुल अध्यक्ष विनोद यादव, सुरेश प्रसाद महतो, तुलसी महतो, संजय चौधरी, रामप्रसाद महतो, नारायण महतो, उमेश महतो आदि उपस्थित थे.

### तालाब में तब्दील हुई सड़क, लोग परेशान

**गावां (गिरिडीह)।** लगातार हो रही वर्षा से गावां प्रखंड स्थित बिश्नीतिकर भाया नीमाडीह चरकी पथ में चरकी के पास सड़क में जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उक्त पथ अत्यंत व्यस्त पथों में से एक है. चरकी, तराई, भटगढ़वा समेत कई गांव के लोग प्रखंड मुख्यालय आने के लिए इसी पथ उपयोग करते हैं. पथ जल मग्न हो जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. झामुमो के जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, परवेज आलम, आलोक कुमार, दयानन्द यादव, संजय कुमार, आलोक अकेला समेत कई लोगों ने सड़क बनाने का मांग किया है.

### सर्किल इंस्पेक्टर ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी

**साहिबगंज।** सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में शनिवार को अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई. इसकी अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन में किया. उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए. उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगश्ती करने वालों पर सख्ती से निपटने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, शराब, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया. मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, मुफ़स्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व अन्य मौजूद थे.

# लगातार हो रही बारिश से खोले गए तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट : रंजीत कुजूर

- जलाशय की क्षमता 865 फीट, वर्तमान समय में अपराह्न 860 फीट है पानी



**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट को खोला दिया गया है. सिंचाई विभाग के द्वारा बताया गया कि दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलाशय का पानी लगभग एक लाख फीट बढ़ने की संभावना है, जिसको देखते हुए डैम का आठ रेडियल गेटखोला गया है. जबकि जलाशय में 865 फीट पानी रखने की क्षमता है. वर्तमान समय जलाशय में शुक्रवार अपराह्न 12 बजे तक 860 फीट है. वहीं 885 फीट खतरे की निशानी बताई गई है. वहीं आठ गेट खोले जाने के बाद दामोदर नदी में पानी का बहाव लगभग 1,00,000.00/2831.257 क्यूसेक/क्यूबीक मी प्रति सैकेंड हो गया. वहीं नदी के किनारे नहाने वाले को हिदायत दी गई है कि जानवरों सहित कोई भी व्यक्ति नदी में न जाएं, जिससे कोई नुकसान हो. साथ ही नदी के किनारे रहने वाले को हिदायत दी जाती है कि अपने सामानों के साथ सुरक्षित जगहों पर चले जाएं. सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि लगातार हो रहे बारिश एवं जलाशय के पिछले भाग से अधिक पानी आने के कारण सुरक्षा को देखते हुए तत्काल चार गेट खोला गया, फिर अपराह्न 12 बजे के बाद जलाशय में पानी अधिक बढ़ने के कारण चार अतिरिक्त रेडियल गेट खोला गया, इस तरह कुल आठ रेडियल गेट खोले गए है तथा आगे जरूरत पड़ने पर और भी गेट खोले जाएंगे. नदी किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों को इस बात की सूचना दे दी गई है. लोगों से अपील है कि लोग नदी किनारे से दूर रहें.

### भारी वर्षा की चेतावनी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**बोकारो।** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिनांक 02 एवं 03 अगस्त के लिए भारी वर्षा की चेतावनी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है. उपायुक्त विजया जाधव ने संबंधित वरीय पदाधिकारियों को जिला स्तर पर विभिन्न सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने का शुक्रवार को निर्देश दिया है. वहीं, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार को स्थिति पर नजर बनाएं रखने को कहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई किया जा सके. उपायुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक, बोकारो को किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सुरक्षा बल एवं वाहन की समुचित व्यवस्था करने, सिविल सर्जन, बोकारो को किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु जीवन रक्षक दवा/एम्बुलेंस /चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की समुचित व्यवस्था करने, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम को अपने क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु जल जमाव को रोकने हेतु ड्रेनेज सिस्टम की साफ सफाई करवाना एवं बिलिचिंग पाउडर का छिड़काव करवाने, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, फुसरो को अपने क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु जल जमाव को रोकने हेतु ड्रेनेज सिस्टम का साफ सफाई करवाने एवं ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव करवाने, जिला नजारत शाखा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु वाहन एवं अन्य आवश्यक सामग्री का आपूर्ति करने, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु अपने क्षेत्र का सघन दौरा करने तथा प्रभावित व्यक्तियों को आवश्यक मदद पहुँचाने साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करवाने का आदेश दिया. इसके अलावा अन्य कई विभागों को भी दायित्व सौंपा.

### बारिश थमने के बाद अधिकारियों ने शहर का लिया जायजा

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के शनिवार को थमने के बाद उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता ने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया. राहत कार्य में जुटे संबंधित अधिकारियों, कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये. डीडीसी, एसी एवं एसडीओ ने बोकारो स्टील सिटी के हटिया, सेक्टर 12/सेक्टर 09 के इलाकों का निरीक्षण किया. जल जमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अत्यधिक बारिश के कारण जर्जर क्वार्टरों में रह रहे लोगों को अन्यत्र शिफ्ट करने एवं सिटी क्षेत्र में चल रहे क्वार्टर बिल्डिंग की मरम्मत कार्य में तेजी लाने का बीएसएल टीए डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिया. डीडीसी, एसी एवं एसडीओ ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया. वार्डों में जल जमाव वाले क्षेत्रों में सुबह से जल निकासी एवं नालों की साफ-सफाई के संबंध में नगर प्रशासन से जानकारी ली. जल जमाव वाले वार्डों में अतिरिक्त मोटर लगाकर पानी की निकासी एवं क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव का निर्देश दिया. अधिकारियों ने सदर अस्पताल बोकारो का जायजा लिया. उन्होंने सिविल सर्जन एवं अस्पताल उपाधीक्षक से अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं अत्यधिक बारिश एवं इससे उत्पन्न जल जमाव से होने वाले बिमारियों के उपचार एवं दवा की तैयारियों की जानकारी ली. सिविल सर्जन को चिकित्सकों की टीम व कुछ अतिरिक्त बेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इस बाबत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को ले लगा शिविर

# महिलाओं, बहनों ने शिविर में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**संवाददाता। गिरिडीह**

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं, बहनों को लाभ दिलाने के लिये प्रखंडों के पंचायत व शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया. मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिले भर की महिलाएं, बहनें शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने आवेदन भरें. योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और वे स्वयं भी आवेदन कर रहे हैं और अन्य महिला, बहनों को भी आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं. पंचायत और वार्ड में लगे शिविर में सुबह से ही महिला, बहनों की कतार लगने लगी और एक-एक करके सभी ने आवेदन किया.

बता दें कि झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना अंतर्गत प्रतिमाह ₹1000 की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा. प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी. योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है.

**किसे मिलेगा लाभ**

लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है. आवेदिका झारखंड की निवासी हों, उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो. आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो. जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर – 2024 तक उठा सकती हैं. मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो. आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड), केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड), हरा रंग का पृथक राशन कार्डधारी हो.

**क्या है योजना**

झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है. इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ₹1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी.

### फरार साइबर अपराधी के घर चस्पा इश्तेहार



**गांडेय (गिरिडीह)।** जिले के गांडेय थाना पुलिस ने शनिवार को कई महीनों से फरार मरगोडीह निवासी रामलिल मंडल, पिता पुनीत मंडल के घर पर शनिवार को ढोल और डुगडुगी बजाकर इस्तेहार चिपकाया गया. बता दें कि गांडेय थाना में कांड संख्या 48/23 के आरोपी रामलिल मंडल न्यायलय से काफी दिनों से फरार चल रहे हैं. न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध कुर्की जप्ती का आदेश दिया गया है. इसी को लेकर गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने करवाई करते हुए शनिवार को उनके निवास स्थान मरगोडीह गांव में ढोल और डुगडुगी बजाकर उनके आवास पर इश्तहार चिपकाया और कहा कि आरोपी अगर एक महीने के अंदर न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो उनके घर की कुर्की जप्ती की जायेगी. मौके पर साथ में पुआनि सोनेल हांसदा, सिपाही अर्जुन महतो, कुंदन कुमार सिंह, छोटू वर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

### बीडीओ ने किया घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चलाये जा रहे संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के तहत प्रखंड में बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची में नये मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने और मृत मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने का कार्य किया जा रहा है. इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं. शनिवार को डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना निमियाघाट में मतदाताओं के घर-घर जाकर लोगों से मतदाता सूची की सत्यापन से संबंधित पूछताछ की, साथ ही बीएलओ के कार्यों की भी जानकारी क्षेत्र के मतदाताओं से प्राप्त की.

### अजय दूसरी बार बने क्षेत्रीय अध्यक्ष, विल्सन क्षेत्रीय सचिव

**कथारा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के द्वारा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्रीय समिति को स्वीकृति प्रदान देते हुए नई समिति की सूची जारी की गई है. जारी सूची में अजय कुमार सिंह दूसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष व विल्सन फ्रांसिस दूसरी बार क्षेत्रीय सचिव के पद पर चयन किए गए हैं. जारी सूची में कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, मोहम्मद शब्बीर अंसारी, प्रमोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सुरेश राम महतो, चंद्रशेखर प्रसाद, मोहम्मद सनाउल्लाह, सुषमा कुमारी, क्षेत्रीय सहायक सचिव दयाल यादव, आशीष चक्रवर्ती, उपेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र पासवान, विजय यादव, कोषाध्यक्ष धनेश्वर यादव बनाए गए हैं. निर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने कहा कि जिम्मेवारी जो कंधे पर मिली है, उसका निर्वाह बहुत ही मजबूती के साथ करने का प्रयास होगा.

### सड़क पर गिरा पेड़, रात भर आवागमन बाधित

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित हीरो शोरूम के पास शुक्रवार की देर रात को तेज हवा के साथ हो रही भारी बारिश के कारण सड़क पर एक विशाल पेड़ गिर गया. हालांकि पेड़ गिरने से जान माल की कोई क्षति नहीं हुई. इस घटना के कारण तिसरी-गांवा मुख्य सड़क पर वाहनों का आवागमन रात भर बाधित हो गया. तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक ने सुबह स्वयं खड़े होकर पेड़ को कटवा कर सड़क के बीच से हटवाया. तेज बारिश और हवा के कारण बिजली भी रात से बाधित रही और रात भर के लिए रोड भी अवरुद्ध हो गया था. सूचना मिलते ही तिसरी थाना की पुलिस और विद्युत विभाग ने पेड़ को काटकर सड़क से किनारे से हटवा दिया, तब जाकर शनिवार सुबह से आवागमन चालू हुआ.

### जल जमाव से लोग परेशान, इंदिरा गांधी मैदान हुआ जलमग्न

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ में बीते दो दिनों से भारी बारिश से सड़क जलमग्न हो गया. जमुआ चौक से थाना मोड़ तक सड़क पर बने गढ़े में जल जमाव से दुर्घटना की आशंका बढ़ी. वहीं गिरिडीह भाया द्वारपहरी जमुआ मुख्य मार्ग व इंदिरा गांधी मैदान में जल जमाव से राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### एक रुपए में कांवरियों को भेजेगा चिड़का धाम

**बोकारो।** हर वर्ष की भांति युवा लायन फोर्स कांवरियों को चिड़का धाम भेजेगा. इस निमित युवा लायंस फोर्स केंद्रीय कमेटी की बैठक बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में हुआ. जिसकी अध्यक्षता नरेश शर्मा तथा संचालन जाफ़र अंसारी ने किया. जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह फ़ोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे. शर्मा ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी युवा लायंस फोर्स द्वारा बोल बम का जत्था 11 अगस्त (रविवार) को मात्र एक रुपये में सभी श्रद्धालुओं को पोशाक, गमछा, कांवर के अलावा वाहन, चिकित्सा, खाना-पीना आदि की सुविधा दी जायेगी. देव ने कहा कि पिछले 12 सालों से वो ये सेवा दे रहे हैं.

### मईयां सम्मान योजना को लेकर पंचायत में लगा कैंप

**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार प्रखंड के सभी पंचायतों में शनिवार को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की शुरुआत की गई. उक्त योजना के तहत 21 से 49 वर्ष की महिला, बहनों को प्रत्येक महीना एक हजार रुपया का लाभ दिया जाएगा. जिसे लेकर धनवार प्रखंड के 37 पंचायतों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें पंचायत की महिला, बहनें ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कर उक्त योजना का लाभ उठा सकती हैं. उक्त योजना का आवेदन तीन अगस्त से दस अगस्त तक पंचायत भवन में आयोजित कैंप में आकर महिला, बहन करा सकती हैं. कैंप की शुरुआत में राजधनवार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार दास बरजो पंचायत पहुंच कर उक्त योजना का लाभ लेने के लिए महिला और बहनों को प्रेरित की.

### सर्वर डाउन रहने से कुछ पंचायतों में देर से शुरू हुई ऑनलाइन इंट्री

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के सभी पंद्रह पंचायतों में शनिवार को झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की शुरुआत हुई. इस योजना के तहत अहर्ता रखने वाली 21 से 49 वर्ष की महिलाओं के आवेदन की ऑनलाइन इंट्री ली जाएगी. जिसके बाद सभी लाभुकों को प्रतिमाह एक हजार रुपये सम्मान राशि उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी. आगामी 10 अगस्त तक यह शिविर सभी पंचायत सचिवालयों में लगाया जाएगा. शनिवार को इसकी शुरुआत में कसमार बीडीओ अनिल कुमार, सीओ सुरेश कुमार सिन्हा समेत अन्य अधिकारी व कर्मी शिविर का जायजा लेने कई पंचायतों में गए. शिविर के प्रथम दिवस होने के कारण व सर्वर डाउन रहने के कारण कुछ पंचायतों में देर से ऑनलाइन इंट्री शुरू हुई. हालांकि इसके लिए प्रखंड प्रशासन से लेकर ग्राम पंचायतों की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष उपाय किये गए थे.

### थाना दिवस में आए चार मामले

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र में भूमि विवाद के निपटारा को लेकर थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी सालखु हेम्ब्रम व थाना प्रभारी अमर मिंज ने किया. इस दौरान प्रखंड के भगियामारी पंचायत से कुल चार मामला आया, जिसमें एक भूमि विवादों को दोनों पक्षों को समझौता कराकर विवाद का निपटारा कर दिया गया. मौके पर सीओ ने कहा कि अंचल क्षेत्र में अधिक भूमि विवाद को देखते हुए थाना दिवस का आयोजन किया जाता है. थाना दिवस में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कराया जाता है. कुल चार मामला में एक का निपटारा कर दिया और दो मामले का समझौता नहीं होने पर सक्षम न्यायालय में भेजा गया.

### रेड क्रॉस सोसाइटी गोड्डा ने लगाया हृदय जांच शिविर

**गोड्डा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की गोड्डा शाखा के सहयोग से पीयरलेस द्वारा मुफ्त हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया. शनिवार को स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित जांच शिविर में काफी संख्या में जांच करवाने के लिए महिला, पुरुष आए हुए थे. दिन के एक बजे से लेकर चार बजे तक चलने वाले इस जांच शिविर में पीयरलेस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कोलकाता से जुड़े जाने माने कार्डियक विशेषज्ञ डॉ प्रियदर्शन कोनार अपने सहयोगियों ने साथ मौजूद थे. आने वाले सभी लोगों की जांच मशीन के द्वारा किए जाने के बाद उन्हें इलाज करवाने से संबंधित निर्देश दिया गया. सोसायटी सचिव शाहिद इकबाल ने बताया कि पहचान किये गये रोगी आयुष्मान कार्ड धारक हैं तो उनका मुफ्त में इलाज कोलकाता स्थित संस्थान में किया जाएगा. शिविर में 60 से अधिक रोगियों का जांच किया गया.

# चुनाव को लेकर चर्चा में है फेसबुकिया नेता

**खास बातें**

- चुनाव से पूर्व प्रचार प्रसार में जुटे
- शिक्षा विभाग में रहते मचाई थी लूट

**अभय वर्मा। गिरिडीह**

राजनीति भी अजीब चीज है, शराब का नशा भी इसके सामने कुछ भी नहीं. राजनीति का चस्का लगा तो बगैर चुनावी संघर्ष के इस पर विराम लगना संभव नहीं है. गिरिडीह में फेसबुकिया नेता तो कई हैं पर इनमें एक खास की चर्चा यहां जोरों पर है. दिग्गजों के बीच उनकी भी चुनावी आकांक्षा है. अब टिकट मिले या ना मिले पर चुनाव प्रचार जोरो पर है. गिरिडीह विधानसभा से भाजपा टिकट की चाहत रखने वाले उक्त फेसबुकिया नेता अक्सर राज्य सरकार पर हमलावर रहते हैं. सरकार की खामियां निकाल कर फेसबुक पर सवाल आजकल शहर में चर्चा बना हुआ है, पर शिक्षा विभाग में रहते इन्होंने लूट की डंका बजा दी थी. भवन वहां भी बना दी गई जहां जरूरत नहीं थी. वहीं अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए प्रति कमरा 25 हजार की वसूली रिटायर के बाद भी जारी रही थी. जांच बैठे तो मुंह छुपाना मुश्किल हो जाएगा. यही कारण है कि भ्रष्टाचार पर सरकार से तीखे सवाल पर अपने लोगों के बीच ही हंसी का पात्र बने हुए हैं. नवजात बच्चों की छठी से लेकर सामाजिक सरोकारों से जुड़े हर समाज के हर कार्यक्रम में बुलावा, इसमें शामिल होना और फेसबुक पर तस्वीर डालना उनकी दिनचर्या में शामिल है. फेसबुक पर डाले गए तस्वीर की लाइक और शेयर हजारों में होती तो उनकी राजनीतिक पकड़ मजबूत समझी जाती, पर यह संख्या भी सैकड़ों में है. पर टिकट को लेकर इतने आसान्वित हैं कि अभी से ही चुनाव प्रचार शुरू कर दी है. हालांकि टिकट किसके हाथ लगेगी यह भविष्य के गर्भ में है, पर फेसबुक पर डालने की प्रवृत्ति की शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है.

# स्लैब ले जा रहा ओवरलोड हाईवा पलटा

## सामान्य सड़क में संवेदक चलवा रहे हैं दर्जनों ओवरलोड हाईवा

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

कसमार प्रखंड के जामकुदर के समीप मेन रोड में शनिवार सुबह स्लैब लेकर जा रही ओवरलोड हाइवा पलट गया. जिससे मेन रोड पर चार घंटे आवागमन बाधित हो गया. सूचना के बाद जेसीबी मंगाकर किसी तरह से सड़क के बीचो बीच पलटे हाईवा को उठाया गया, तब जाकर सड़क पर आवागमन चालू हुआ.

मालूम हो कि बनारस टू कलकता एक्सप्रेस वे सिक्स लेन सड़क बना रही राजस्थान की कंपनी एचजी इन्फ्रा लिमिटेड द्वारा रोजाना ओवरलोड हाईवा से स्लैब की ढुलाई की जा रही है. जिससे कसमार मुख्य सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है. रोजाना 25 से 30 की संख्या में हाइवा कंपनी द्वारा स्लैब की ढुलाई से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही है. शनिवार को दो दिनों की बारिश के बावजूद कंपनी ने ओवरलोड हाईवा से स्लैब की ढुलाई करवा रही थी, जिससे प्रखंड के जामकुदर में ओवरलोड हाईवा बीच



सडक में जा गिरी. घटना में ड्राईवर व उप चालक बाल-बाल बच गए. हाईवा के पलटने के बाद कंपनी की 15 से बीस हाईवा, जिसमें स्लैब लोड थी. सभी गाड़ियों की मुख्य सड़क में जाम लग गई. कई घंटों तक बड़ी गाड़ियों का आवागमन रुक गया. इस दौरान आमजनों को भी काफी परेशानी हुई. स्थानीय लोगों ने बताया कि ओवरलोड हाईवा से पूरी तरह सड़क जर्जर हो चुकी है. ओवरलोड वाहनों से सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. सड़क के मेंटनेंस के नाम पर कंपनी एक रुपया भी खर्च नहीं करती है. उपर से पूरी सड़क को बर्बाद कर दिया है. इस संबंध में कंपनी के सुशील कुमार ने कहा कि अभी कंपनी का काम चालू नहीं हुआ है. जिसके कारण सड़क पर मेंटनेंस का काम शुरू नहीं हुआ है. काम शुरू होने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी.

**कार्यशाला** अभाविप की दो दिवसीय केन्द्रीय कार्यसमिति की बैठक पारसनाथ में शुरू

# पर्यावरण गतिविधियों से विद्यार्थियों को जोड़ने का आह्वान

**संवाददाता। पीरटांड (गिरिडीह)**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो-दिवसीय केन्द्रीय कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ शनिवार सुबह पावनतीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी, पारसनाथ, झारखंड में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया. विद्यार्थी परिषद की इस केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के पहले दिन पूरे देश में आयोजित हुए विद्यार्थी परिषद के प्रांत अभ्यास वर्गों के दौरान विभिन्न नए प्रयोगों, पर्यावरण गतिविधियों से विद्यार्थियों से जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद के प्रयास, देश की वर्तमान शैक्षणिक तथा सामाजिक स्थिति, विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों आदि विषयों पर चर्चा हुई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पारसनाथ केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक




में पेरिस ओलंपिक के दौरान महिला बॉक्सिंग मुकाबले के दौरान महिला वर्ग के अपमान का विषय प्रमुखता से उठा. पेरिस ओलंपिक-2024 के दौरान इटली की अंजेला करीनी और अल्जीरिया की इमान खलीफ़ के बीच हुआ मुकाबला निकृष्ट वोकिज्म का उदाहरण है. महिला वर्ग के मुकाबले में बॉयोलाजिकल पुरूष को उतारना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तथा महिलाओं को अपमानित करने वाला है.

अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के उद्घाटन सत्र में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में जैन दर्शन का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है. भारतीय ज्ञान परंपरा में जैन ऋषियों तथा दार्शनिकों का योगदान विशिष्ट है. वर्तमान समय में पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दे बेहद अहम हैं. अपने आचरण से जैन मुनियों ने पर्यावरण के प्रति नागरिकों को सचेत तथा संवेदनशील किया है. पारसनाथ जैसे विशिष्ट स्थान पर आयोजित हो रही विद्यार्थी परिषद की बैठक नए दिशा सूत्रों को खोजने वाली सिद्ध होगी.

केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के उद्घाटन के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन के दौरान पारदर्शिता के विषय में लगातार प्रश्न उठे हैं, शिक्षा की पवित्रता को बनाए रखने परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है.

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में व्यवस्थागत परिवर्तन आवश्यक है. जिससे इस एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाएं बिना किसी समस्या के आयोजित हो सकें. कोचिंग के संदर्भ में भी देश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार समस्याएं सामने आ रही हैं. कोचिंग क्षेत्र के नियमन को लेकर शीघ्र कदम उठाने की आवश्यकता है.



## मिशन उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन ने बाढ़ पीड़ितों को दिया भोजन

**रानीगंज।** बाढ़ से बेघर हुए नूपुर ग्राम बावड़ी पाड़ा के लोगों को मिशन उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन ने भोजन उपलब्ध करवाया है। संस्था की प्रमुख कंनकना सिंहा ने कहा कि लगातार बारिश से कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। ऐसे संकट के समय में प्रशासन के साथ-साथ हम लोग भी वहां के लोगों की थोड़ी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। संस्था ने क्षेत्र में जाकर पानी में फंसे लोगों को भोजन प्रदान किया है।

# सब्जी कृषि फॉर्म स्कूल को मिली सरकारी सहायता

## बारिश के कारण नष्ट हुए पौधों की जगह नए बीज दिए गए

**खास बातें**

- किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई





**संवाददाता ।नितुरिया**

नितुरिया ब्लॉक के चकलताबाड़ी में सब्जी कृषि फॉर्म स्कूल को सरकारी सहायता मिली है। कई दिनों से हो रही बारिश के कारण सब्जी के पौधे नष्ट हो गए थे, जिससे किसान चिंतित थे। शनिवार को सरकारी छुट्टी के दिन नितुरिया ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ पंचायत समिति के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रशासन के संयुक्त बीडीओ, पुरुलिया ज़िला परिषद के दो सदस्य संतोषी दत्त तथा बाबूजन हेंब्रम चकलताबाड़ी सब्जी फॉर्म विद्यालय में उपस्थित हुए। कृषि कार्यालय के आत्मा प्रकल्प के आर्थिक सहायता से फार्म विद्यालय में 25 किसानों के हाथों विभिन्न प्रकार के सब्जी का बीज दिया गया। इनमें बांधागोभी, फूलगोभी, कैप्सिकम, मूली, बरबटी, खीरा, बैगन, हरी मीर्च के बीज दिए गए। नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांति भूषण प्रसाद यादव ने कहा कि यहां के किसान मेहनत करते हैं और विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती करते हैं। लेकिन वर्षा के कारण यह श्रमिक समस्या के बीच पड़ गए हैं। इसलिए इन बीजों को वह सब काम में लगाकर खड़ा हो सकेंगे।

**ब्रीफ खबरें**

### ट्रेन से कटकर एक की मौत,मचा कोहराम

**अंडाल।** शनिवार सुबह करीब 11 बजे ईसीएल के कजोरा इलाके के मुकुंदपुर कोलियरी रेल साइडिंग में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। मालगाड़ी की चपेट में आने से राजेश खैरा (33) नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक राजेश के पिता एक कोयला खदान में स्थायी कर्मचारी थे। रिटायरमेंट के बाद भी राजेश का परिवार इसी इलाके में रहता था। रेल लाइन पर कटने की खबर पाकर मृतक के परिजन मौके पर आ गए और उन्होंने राजेश के शव की पहचान की। सूचना पाकर जीआरपी और रेलवे पुलिस भी मौके पर आ गई।

### पुरुलिया में स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत

**पुरुलिया ।** मानबाजार के ब्लॉक नंबर एक स्थित बंशोल स्वास्थ्य केंद्र की हालत दयनीय है। बारिश का पानी स्वास्थ्य केंद्र की छत से होकर केंद्र के अंदर पहुंच रहा है, जिससे उपभोक्ता और स्वास्थ्य कर्मी दोनों ही भयभीत हैं। स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 8374 निवासी निर्भर हैं, लेकिन जर्जर हालत के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। स्वास्थ्य कर्मी बरामदे में ही सेवाएं देने के लिए मजबूर हैं, और फर्नीचर, दवाइयों और दस्तावेजों को प्लास्टिक से ढकने के लिए मजबूर हैं।

### भारी बारिश से अजय नदी का पुल टूटा

**जामुड़िया ।** पश्चिम बर्दवान जिले के जामुड़िया में लगातार बारिश के कारण अजय नदी का पानी बढ़ गया है, जिससे बगडीहा-सिद्धपुर अजय नदी घाट पर बना बांस और पत्थर से बना अस्थायी पुल टूट गया है। इस पुल के टूटने से बीरभूम और बर्दवान जिलों के बीच संपर्क टूट गया है। रातभर लगातार बारिश के कारण अजय नदी के आसपास कई गांव जलमग्न हो गए हैं। दोनों जिलों को जोड़ने वाला नदी पर बना बांस का अस्थायी पुल बाढ़ के पानी में ढह गया है, जिससे अब बीरभूम-बर्दवान संपर्क की एकमात्र उम्मीद नौका है।

### ईसीएल में 10 लोगों को नियुक्ति पत्र

**जामुडिया :** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के कुनुस्तोडिया क्षेत्र में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 10 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री एस. सी. मित्रा ने संबंधित कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक श्री राजेश त्रिवेदी, कार्मिक प्रबंधक श्रीमती संचारी माइती व अन्य कर्मी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने सभी को शुभाकांक्षा देते हुए कंपनी हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# नदी अतिक्रमण के खिलाफ प्रदर्शन

## नदी के दोनों तरफ से कई कारखानों ने किया अतिक्रमण



- सिंघधारण नदी पहले 100 से 150 फीट चौड़ी हुआ करती थी, लेकिन अब यह 10 फीट का नाला बन कर रह गई
- गाँव वालों ने चेयरमैन को अवगत कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ

**खास बातें**

- बारिश के कारण सिंघधारण नदी के पानी से इकड़ा गाँव का शमशान घाट और मंदिर पूरी तरह से डूबे

**संवाददाता ।जामुड़िया**

जामुड़िया औद्योगिक क्षेत्र के इकड़ा गाँव कमेटी ने सिंघधारण नदी के अतिक्रमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बीते शुक्रवार को भारी बारिश के कारण सिंघधारण नदी के पानी से इकड़ा गाँव का शमशान घाट और मंदिर पूरी तरह से डूब गए थे। गाँव वालों का आरोप है कि सिंघधारण नदी के दोनों तरफ से कई कारखानों ने अतिक्रमण कर लिया है। इकड़ा गाँव कमेटी की मांग है कि नदी को उसकी मूल स्थिति में लौटाया जाए। इकड़ा गाँव के निवासी अक्षय बनर्जी ने बताया कि बीते शुक्रवार को भारी बारिश के कारण सिंघधारण नदी का जलस्तर बढ़ने से इकड़ा श्मशान घाट समेत पूरी कालीमंडी पानी में डूब गया था। यह सिंघधारण नदी काफी प्राचीन मानी जाती है और इसके तट पर इकड़ा श्मशान भूमि है जहाँ संत ने बामाक्ष साधना की थी। गाँव वालों का आरोप है कि जामुड़िया इलाके में कई कारखानों ने नदी के दोनों किनारों पर कब्जा कर लिया है, जिसके कारण नदी नाले के रूप में तब्दील हो गई है। सिंघधारण नदी पहले 100 से 150 फीट चौड़ी हुवा करती थी, लेकिन अब यह 10 फीट का नाला बन गई है। गाँव वालों ने कहा कि नदी सुधार के लिए कई बार चेयरमैन को अवगत कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। गाँव वालों ने कहा कि अगर नदी का जीर्णोद्धार नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि सिंघधारण नदी के कारण इकड़ा श्मशान घाट सहित मंदिर भी पानी में डूब जाता है, साथ ही इकड़ा से जामुड़िया जाने वाली मुख्य सड़क भी पानी में डूब जाती है। इस दौरान अगर गांव में किसी की मौत हो जाए तो श्मशान में अंतिम संस्कार के लिए कोई जगह नहीं रह जाती है। गाँव वालों ने आरोप लगाया कि इन कारखानों के द्वारा स्थानीय लोग धूल, मिट्टी और प्रदूषण खा रहे हैं, स्थानीय बेरोजगार युवाओं को काम नहीं मिल रहा है और बाहर से लोग आकर इन कारखानों में कार्य करते हैं।

### लगातार बारिश से भूस्खलन

**अंडाल :** खनन क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है, जिससे बहुला गांव के बाहर कई जगह जमीन ध्वस्त हो गया है और कजोरा के बाद शनिवार को बहुला गांव में ठनका गिरने की घटना हुई, जिससे इलाके के निवासियों में दहशत फैल गई है। गुरुवार से शुक्रवार की सुबह तक हुई लगातार बारिश से खनन क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई है। खनन क्षेत्र में कई जगह धंसान हो गया है, जिसमें काजोरा कोलियरी के पिट नंबर 10 के पीछे एक बड़ा धंस हो गया है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया ।

### मान स्टील एंड पावर लिमिटेड पर अवैध कब्जे का आरोप

**जामुड़िया ।** जामुड़िया औद्योगिक क्षेत्र के इकड़ा गाँव कमेटी ने मान स्टील एंड पावर लिमिटेड कारखाना के मुख्य गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। अक्षय बनर्जी ने बताया कि कारखाना ने एडीडीए की ज़मीन पर अवैध रूप से कब्जा किया है और पिच की सड़क पर गेट लगाकर बाउंड्री वॉल देकर घेर लिया है। उन्होंने कहा कि वे एडीडीए के अध्यक्ष से निवेदन करेंगे कि वे स्वयं आकर इस जमीन का निरीक्षण करें ताकि लोगों को भी पता चले कि इस कारखाने ने किस तरह से एडीडीए की जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ है। एडीडीए अध्यक्ष कवि दत्ता ने बताया कि इस विषय को लेकर उनके पास कोई जानकारी नहीं है, लेकिन जल्द ही कारखाने के अधिकारियों के साथ बैठक होगी।

### आदिवासी समाज के लिए मंत्री मलय घटक ने की बैठक

**बराकर।** बराकर में आदिवासी समन्वय उन्नयन समिति द्वारा कुल्टी शाखा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंत्री मलय घटक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में आसनसोल निगम के एमएमआईसी इंद्राणी मिश्रा, तृणमुल नेता चंदन आचार्य और आदिवासी मुखिया सहित 64 माझी बाबा उपस्थित थे। मंत्री मलय घटक ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आदिवासी समाज के लिए कई कार्य किए हैं और आगे भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण हर आदिवासी गांव में किया जाएगा। आदिवासी समाज ने मंत्री से मांग की कि आदिवासी शिक्षा के लिए एक स्कूल और हॉस्टल बनाया जाए ताकि आदिवासी समाज के लोग यहां रहकर पढ़ लिख सकें।

### ईसीएल ने सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर रचा इतिहास



# 287 उम्मीदवारों को दिया नियुक्ति पत्र

**खास बातें**

- 50 नियुक्ति पत्र भूमि अधिग्रहण के बदले में जारी किए गए

**संवाददाता ।सांकतोड़िया**

ईसीएल के इम्प्लॉइमन्ट सेल ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक दिन में 287 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी करने की घोषणा की है। यह एक नया रिकॉर्ड है और ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता और निदेशक (कार्मिक) आहुति स्वाईं के नेतृत्व में हासिल की गई एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 287 उम्मीदवारों में से दो आवेदकों को भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा 50 नियुक्ति पत्र भूमि अधिग्रहण के बदले में भी जारी किए गए। यह पहल ईसीएल की अनुकंपा नियुक्ति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को सहायता प्रदान करने में कंपनी के समर्पण को प्रदर्शित करती है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर जल जमाव, लोग परेशान

**संवाददाता । कोलकाता**



कोलकाता में लगातार बारिश से नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जल जमाव हो गया है, लेकिन यह सिर्फ विमानों के पार्किंग क्षेत्र में हुआ है। उड़ान सेवाएं सामान्य हैं, लेकिन कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एयरपोर्ट के पार्किंग बे में पानी जमा हो गया है, लेकिन रनवे पर जलजमाव नहीं है। एयरपोर्ट पर विमानों के पार्किंग क्षेत्र में कई विमान खड़े हैं, जिनके पहिये तक पानी में डूबे हुए हैं। एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि दोनों रनवे और सभी टैक्सीवे पूरी तरह से चालू हैं। हालांकि, कुछ पार्किंग स्टैंड जलभराव से प्रभावित हैं, जिसके लिए परिचालन क्षेत्र से पानी निकालने के लिए अतिरिक्त पंप लगाये गये हैं। सब कुछ नियंत्रण में है और उड़ान भरने और उड़ानों की लैंडिंग में किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है। इसके अलावा, विधाननगर नगरनिगम के कई इलाकों में जल जमाव हो गया है, जिसमें कैखाली, लेकटाउन वीआईपी रोड, दमदम में पातिपुकुर रेलवे अंडरपास और सॉल्टलेक के विभिन्न इलाके शामिल हैं।

# रानीगंज डीपीएस में निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## 6 प्रशिक्षक, 61 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**संवाददाता ।रानीगंज**

लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में 2 अगस्त 2024 से 3 अगस्त 2024 तक दो दिवसीय सामाजिक विज्ञान पर आधारित क्षमता-निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 6 प्रशिक्षक और 61 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य विषय थेः सतत विकास, आनंदपूर्ण शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा, सामाजिक विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ना, योग्यता आधारित प्रश्न तैयार करना, आंतरिक मूल्यांकन इत्यादि। प्रशिक्षकों ने इन सभी विषयों का बहुत बारीकी एवं कुशलतापूर्वक वर्णन किया और बताया कि कैसे इन सभी दक्षताओं, सतत विकास लक्ष्य, अंतर-विषयक शिक्षण, कला समेकित शिक्षा का प्रयोग कक्षा में करवाया जाए। भाग ले

## भारी वर्षा के कारण सिद्धेश्वरी मंदिर जलमग्न

# विधायक पोद्दार ने एएसआई अधिकारी के साथ किया दौरा

**खास बातें**

- निगम को नाली निर्माण करने का दिया आदेस



**संवाददाता ।बराकर।**

विगत दो दिनों से क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के कारण चारों ओर जल ही जल दिखाई दे रहा है, जहां देखा गया कि बराकर बैगुणिया स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर जल से भरा पड़ा था। इस संदर्भ में, कुल्टी भाजपा के विधायक डॉ. अजय पोद्दार ने सिद्धेश्वरी मंदिर में जल जमाव की खबर देख मंदिर का दौरा करने पहुंचे। इस समस्या को देखते हुए विधायक ने केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्री के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों और स्थानीय पार्षद के साथ स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान देखा गया कि मंदिर में बाहरी जल प्रवेश होने के कारण मंदिर में पानी के अधिक जमा होने की संभावना रहती है। आसनसोल नगर निगम (एएमसी) को मंदिरों के बाहर एक नाली बनाने की जरूरत है ताकि मंदिर का पानी बाहर निकल सके। एएसआई ने मंदिर परिसर के अंदर नाली का निर्माण किया है, जहां एएमसी को जल्द ही कार्रवाई करनी चाहिए। भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन इस मंदिर में केंद्र द्वारा लाखों रुपये लगाकर मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ अंडर ड्रेन सिस्टम बनाया गया था, जिसके बाद पहली बारिश ने मंदिर का फिर वही रूप वर्षा के दौरान एक बार दिखाई दिया।

**न्यूज अपडेट**

### तृणमूल के आशीष भट्टाचार्य बने उपप्रधान



**अंडाल।** खांद्र पंचायत के नए उपप्रधान के रूप में तृणमूल के आशीष भट्टाचार्य को चुना गया है। पिछले उपप्रधान गणेश बाद्यकर के इस्तीफा देने के बाद शनिवार को नया उपप्रधान चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में 23 में से 15 सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने आशीष भट्टाचार्य का समर्थन किया। परिणामस्वरूप, सर्वसम्मति से आशीष बाबू को उपप्रधान चुना गया। इस अवसर पर रानीगंज के तृणमूल विधायक तापस बनर्जी, पार्टी के अंडाल ब्लॉक अध्यक्ष कालोबरन मंडल और अन्य उपस्थित थे। कालोबरन बाबू ने कहा कि पार्टी के निर्णय के अनुसार आशीष बाबू को उप प्रधान चुना गया है। उलझनें ख़त्म हो गईं। उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र के विकास के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

### थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण दे का भव्य स्वागत



**जामुड़िया।** जामुड़िया थाना के केंदा फाड़ी के प्रभारी लक्ष्मी नारायण दे के पदभार संभालने पर जामुड़िया पंचायत समिति के तपसी ग्राम पंचायत सदस्य तथा समाजसेवी राजू मुखर्जी ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया। नए प्रभारी लक्ष्मी नारायण दे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता इलाके की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम जनता को किसी भी तरह की कानूनी दिक्कत न हो इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। पंचायत सदस्य राजू मुखर्जी ने कहा कि फाड़ी प्रभारी लक्ष्मी नारायण दे एक काबिल पुलिस अधिकारी हैं जो कोयलांचल इलाके से पूरी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि फाड़ी प्रभारी को सम्मानित करने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखने की गुजारिश की गई।

### बारिश से प्रभावित लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी



**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम ने कुल्टी क्षेत्र के 28 वार्डों के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं - **9851930129** और **9832164351**। यह नंबर उन लोगों के लिए हैं जो बारिश से प्रभावित हुए हैं और सहायता की आवश्यकता है। एमएमआईसी इंद्राणी मिश्रा ने बताया कि कुल्टी के कुछ क्षेत्रों में बारिश से नुकसान हुआ है, जिनमें बराकर के वार्ड 70 में बीड़ी डंगाल और चुना भट्टी का क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां दर्जनों घर पानी में जलमग्न हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन और नगर निगम राहत कार्य में जुटे हुए हैं और प्रभावित लोगों को स्थानीय स्कूल और क्लब में रखा गया है। नगर निगम जल निकासी का कार्य भी मोटर पंपों द्वारा कर रहा है। इंद्राणी मिश्रा ने कहा कि कुल्टी में बारिश से प्रभावित लोगों को नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर मुहैया कराया गया है, जो हर समय उपलब्ध होगा।

# फैक्ट्री में श्रमिक की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**खास बातें**

- सुरक्षा के अभाव के कारण हुई मजदूर की मौत





- मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन
- पुलिस से झड़प, स्थानीय निवासियों में गुस्सा
- फैक्ट्री में काम बंद, पुलिस ने जांच शुरू की

**संवाददाता ।कांगसा**

श्कोपा की एक फैक्ट्री में शुक्रवार की रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एक पाइप गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर चिदाम दास (58) बंशकोपा इलाके का रहने वाला था। इस घटना के बाद शनिवार दोपहर से मृतक के परिजन और स्थानीय निवासी फैक्ट्री के सामने शव रखकर प्रदर्शन करने लगे।प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री अधिकारियों की लापरवाही का आरोप लगाया और मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री अधिकारियों से मृतक के परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। स्थानीय निवासियों और पुलिस के बीच तनाव फैल गया। मृतक की बेटी पार्वती दास ने कहा कि सुरक्षा के अभाव में पिताजी की मौत हो गई और अब फैक्ट्री अधिकारी नाटक कर रहे हैं। हम तब तक विरोध करते रहेंगे जब तक पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया जाता और हमारे परिवार में से एक को नौकरी नहीं दी जाती।इस घटना के बाद फैक्ट्री में काम बंद कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फैक्ट्री अधिकारियों ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है।



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** कार्य सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नोकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. नये कार्य में जोखिम से बचें.

**वृषभ** समय उत्तम है. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. लक्ष्मी माता का ध्यान पूजन करें.

**मिथुन** संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. आपके अच्छे कर्म से भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** समय उत्तम है. पर काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. किसी पदाधिकारी से मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. मंगल को बल दें.

**सिंह** अपनों से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी.ज्यादा बात विचार और सोच से समय खराब हो सकता है. विवाद से दूर रहें.

**कन्या** व्यापार वृद्धि के लिए दिन अच्छा है. पर आपके रुखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. गाय को गुड़ खिलाएं.

**तुला** सरकारी काम बन सकता है. काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं.

**वृश्चिक** धर्म में मन लगेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** किसी से विवाद हो सकता है. समय सामान्य है. किसी से मानहानि हो सकती है. कर्म के बल पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. पीपल वृक्ष की पूजा सेवा करें.

**मकर** किसी नई कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. किसी से शुभ समाचार मिलेगा.

**कुंभ** शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. ज्यादा बोलने से बचें. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें. समय और अनुकूल हो, इसलिए अन्न का दान करें.

**मीन** शिक्षा में कोई बड़ा बदलाव होगा. भाग्य साथ देगा. किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

### विधायक सोनाराम सिंकू ने विधानसभा में राजस्व गांव का दर्जा देने का उठाया था मामला

# सारंडा के 10 वन ग्राम को सरकार ने दिया राजस्व गांव का दर्जा

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**





विधानसभा में मामला उठाते विधायक सोनाराम सिंकू.

सारंडा जंगल स्थित जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले मनोहरपुर व नोवामुंडी प्रखंड क्षेत्र के 10 वन ग्रामों को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर सारंडा ग्राम विकास परिषद के बैनर तले ग्रामीणों ने कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा था. इस क्रम में ग्रामीण मुख्यमंत्री, झामुमो के जिलाध्यक्ष आदि से मुलाकात की थी. अंत में ग्रामीणों ने जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु से मिलकर अपनी समस्या बताई. इसी मांग के आलोक में जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु ने सरकार के समक्ष सदन में रखते हुए उन 10 वन ग्रामों को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग की. सवाल के जवाब पर सदन में विधायक सोनाराम सिंकु को सरकार द्वारा जबाब दिया गया कि मनोहरपुर प्रखंड के वन ग्राम थोलकोबाद, तिरिलपोसी, नयागांव, दीघा, बिटकिलसोय, बलिवा, कुमड़ी एवं नोवामुंडी प्रखंड के करमपदा, नवागांव, भनगांव सारंडा जंगल में बसे हैं. सरकार के वन ग्राम सूची में इन गांवों का नाम शामिल है. अतः जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के आलोक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित कराने के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी.

सरकार के इस आदेश व विधायक सोनाराम सिंकु के बेहतर प्रयास से सारंडा के 10 वन ग्रामों के मुंडा व ग्रामीणों में हर्ष है. उक्त गांवों के ग्रामीण बीरबल गुड़िया, सांतियल भेंगरा, बिनोद होनहागा, आलोक तोपनो, अनिल तोपनो आदि ने कहा कि हम ग्रामीण विधायक सोनाराम सिंकु के आभारी हैं. उन्होंने हमलोगों से किये वादे को पूरा किया. हमें उम्मीद है कि सरकार अब जल्द 10 वन ग्रामों को राजस्व गांव का दर्जा देगी.

## एक्शन प्लान पर राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित

**लातेहार।** स्थानीय बनवारी साहू महाविद्यालय में शनिवार को स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम एवं माय भारत पोर्टल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय निदेशक गिरधर उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि एनपी विवि एनएसएस के समन्वयक डा. प्रदीप कुमार, महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता व प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे. क्षेत्रीय निदेशक उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संदेश देना है.

### उद्यमियों पर होल्डिंग टैक्स थोपना गलत, निगम क्षेत्र से बाहर है औद्योगिक क्षेत्र : एसिया

# होल्डिंग टैक्स को लेकर उद्यमी व नगर निगम आमने-सामने

**अगली बैठक उपायुक्त के साथ होगी, डीसी ने कहा- जल्द देंगे समय**

- निगम कार्यालय में प्रशासक के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में कोई हल नहीं निकल पाया है
- वर्ष 2003 तक नगर निकाय की ओर से होल्डिंग टैक्स की कोई डिमांड नहीं की गई थी
- नगर निकाय द्वारा होल्डिंग टैक्स के लिए कुछ औद्योगिक इकाइयों पर चार्ज लगाया गया था

**संजीव मेहता। आदित्यपुर**



एसिया अध्यक्ष इंदर अग्रवाल

होल्डिंग टैक्स को लेकर उद्यमियों में अब भी ऊहापोह की स्थिति है. उन्हें नगर निगम नए जलापूर्ति योजना का कनेक्शन से वंचित कर रखा है. उद्यमियों पर होल्डिंग टैक्स का बोझ थोपना गलत है. वैसे भी औद्योगिक क्षेत्र निगम क्षेत्र से बाहर है. यह कहना है आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल का. उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हुए निगम कार्यालय में प्रशासक के साथ बैठक में कोई हल नहीं निकल पाया है, जिसके बाद एसिया ने जिले के उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने कहा है कि वे शीघ्र निगम के प्रशासक और उद्यमियों के साथ बैठक करेंगे और इस समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे. एसिया अध्यक्ष इन्दर अग्रवाल ने बताया कि वर्ष-1970 के दशक में आयडा (वर्तमान जियाडा) अस्तित्व में आया. तब से लेकर वर्ष-2003 तक नगर निकाय की ओर से होल्डिंग टैक्स की कोई डिमांड नहीं की गई थी. अलग झारखंड राज्य बनने के बाद हुए पहले निकाय चुनाव के बाद से निकाय की ओर से होल्डिंग टैक्स की मांग की जाने लगी. उन्होंने तत्कालीन जिला उपायुक्त रमेश घोलप के पदस्थापन के दौरान एसिया की ओर से उन्हें होल्डिंग टैक्स की समस्या से अवगत कराया था. उसके बाद उन्होंने आदित्यपुर नगर परिषद (अब नगर निगम) से स्पष्टीकरण भी मांगा था, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि निकाय को स्थापित अथवा घोषित औद्योगिक क्षेत्र (लीज बेसिस) से होल्डिंग टैक्स लेने का कोई प्रावधान नहीं है. उसके बाद से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था. इसी दौरान नगर निकाय के द्वारा होल्डिंग टैक्स के लिए कुछ इकाइयों के ऊपर चार्ज लगाया गया था, जिसमें कुछ इकाइयों ने झमेला-झंझट से बचने के लिए चार्ज जमा भी कर दिया था, परन्तु जिन इकाइयों के ऊपर ज्यादा बिलिंग हुई. वे उसके विरुद्ध झारखंड हाईकोर्ट चले गये, परन्तु हाईकोर्ट ने इसे दो विभागों के बीच का मामला बताते हुए इस पर दखल देने से इंकार कर दिया. उसके बाद नगर निगम द्वारा नगर विकास विभाग से मंतव्य मांगा गया था, परन्तु वहां से कोई जबाब नहीं आया. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयां जियाडा के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आती है, जिन्हें क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास की सुविधा प्रदान करके औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए लीज होल्ड पर जमीन दी गई है. और उनके द्वारा जियाडा को भूमि किराया, लेवी, स्ट्रीट लाईट आदि का भुगतान भी किया जाता है. पूर्व में भी एसिया द्वारा आपत्ति जताने के बाद जियाडा के तत्कालीन क्षेत्रीय निदेशक अमित कुमार तथा क्षेत्रीय उप निदेशक द्वारा निकाय के साथ पत्राचार किया गया था, जिसमें प्राधिकार के क्षेत्र में आने वाली औद्योगिक इकाइयों के ऊपर होल्डिंग टैक्स नहीं लगाने की बात कही गई थी.

## लातेहार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन



**लातेहार।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण व डीसी के निर्देश पर शनिवार कोक नामित नोडल पदाधिकारी समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला स्तरीय जनसुनवाई हुई. इसमें ज्यूरी सदस्य के रूप में डीएसपी मुख्यालय, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, प्रिंस कुमार एवं नगर प्रशासक राजीव कुमार आदि मौजदू थे. जनसुनवाई में सामाजिक अंकेक्षण इकाई के डीआरपी प्रवीण कर्ण के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल देखभाल संस्थान रोज, एवं चाइल्डलाइन मे सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पाए गए प्रतिवेदन को ज्यूरी सदस्य के सामने प्रस्तुत किया. निर्णय लिया कि प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जो कमिया है उनमें गुणात्मक सुधार कर विभाग को प्रतिवेदन किया जाएगा.

बैठक में बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, विधि परामर्शी मनोज सिंह समेत किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण के कर्मी, चाइल्डलाइन व रोज बाल गृह के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

**पेज वन का शेष**

## दारोगा की गोली मार कर हत्या

राजधानी में सुरक्षा के कथित चाक-चौबंद होने के बावजूद अपराधी बेखौफ ढंग से सरेआम वकीलों, पुलिस, बड़े-बड़े प्रतिष्ठान के संचालकों तक की हत्या कर रहे हैं. अपराधियों के सामने घुटने टेक देने वाली हेमंत सरकार से आम जनता के सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? हेमंत सरकार ने घटिया कानून व्यवस्था के कारण साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों का जीवन संकट में डाल दिया है.

**जांच के लिए एसआईटी का गठन :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है. एसएसपी ने बताया कि बीती रात स्पेशल ब्रांच मुख्यालय में तैनात अनुपम कच्छप की हत्या के मामले में उसके सहकर्मी-बैचमेट पवन कुमार से पूछताछ की गई. उन्होंने बताया कि वे एक लाइन होटल में डिनर के लिए गए थे. खाना खाने के बाद वे कांके की ओर लौट गए. लेकिन अनुपम दूसरी दिशा में चला गया. वह दूसरी दिशा में क्यों गया और ये घटना कैसे घटी, एसआईटी इसकी जांच कर रही है. एसएसपी ने बताया कि ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है. सभी महत्वपूर्ण अधिकारियों को इस टीम में शामिल किया गया है. उन्होंने बताया कि अनुपम कच्छप कोकर स्थित सरना टोली का रहने वाला था. पुलिस सूत्रों से यह भी पता चला है कि दारोगा अनुपम कच्छप अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए कांके रिंग रोड स्थित एक ढाबे पर गए थे. रात करीब 1 बजे तक अनुपम और उनके दोस्तों की पार्टी चलती रही, रात करीब 2 बजे अनुपम अपनी बाइक से निकले, जबकि उनके बाकी दोस्त कार से चले गए. इसी दौरान अपराधियों ने अनुपम की गोली मारकर हत्या कर दी. सब इंस्पेक्टर अनुपम को अपराधियो ने चार गोलियां मारी हैं. एक गोली हाथ में लगी है. वहीं दो गोलियां शरीर को छेदते हुए बाहर हो गई. जबकि एक गोली सीने में फंसी हुई है.

**पुलिस मुख्यालय में थे पदस्थापित :** बीआईटी सिंदरी से 2014 में बीटेक करने वाले अनुपम रांची के खूंटी जिले के रहने वाले थे. अनुपम झारखंड पुलिस मुख्यालय स्थित स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित थे, जहां वे अपराधियों पर शिकंजा कसते थे. पुलिस टीम के साथ स्पेशल ब्रांच भी मामले की जांच कर रही है. बीआईटी सिंदरी से बीटेक करने के बाद अनुपम 2018 में पुलिस सेवा में शामिल हुए थे.

**चार दिन पहले भी गुमला में एक जवान की गोली मारकर कर दी गई थी हत्या :** इससे पहले साहिबगंज जिला पुलिस के जवान और गुमला विशुनपुर थाना क्षेत्र के टीटीही गांव के निवासी अभिषेक उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. यह घटना 29 जुलाई को नेतरहाट घाटी में हुई थी. इस घटना का जिम्मा सोशल मीडिया पर राहुल सिंह नाम के आपराधिक गिरोह ने जिम्मा लिया था. सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया था कि अभिषेक उरांव की हत्या सोमवार शाम को राहुल सिंह और गिरोह के द्वारा नेतरहाट घाटी में पांच छह राउंड से ज्यादा गोलीबारी कर की गई थी. ये पुलिस प्रशासन की आड़ में धाक जमा कर जमीन का कारोबार भी करते थे.

## रांची में न नेता, न वकील और न ही पुलिस सुरक्षित

कि अपराधियों ने स्पेशल ब्रांच के दारोगा को ही अपनी गोली का निशाना बना दिया.

**पिछले कुछ महीनों में हुई आपराधिक घटनाएं**

23 मार्च : रांची में खरीददारी कर रहे युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या.
27 मई : रांची के बार में सरेआम डीजे की गोली मारकर हत्या.
07 जुलाई : धुर्वा में पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह को गोली मारी गई. 26 दिन बाद अस्पताल में वेद प्रकाश की मौत.
14 जुलाई : मोरहाबादी में फास्ट फूड खाने के बाद पैसा नहीं दिया, तो होटल कर्मी ने गला काट कर हत्या कर दी.
19 जुलाई : हरमू में बैंक कर्मी अभिषेक की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई.
1 अगस्त : कांके रोड में राजेश मुंडा नाम के युवक को मारी गोली.
2 अगस्त : सुखदेव नगर में अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की चाकू मारकर हत्या.
3 अगस्त : स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या.

## अमित शाह अहमद शाह अब्दाली ...

शिवसेना (यूबीटी) के सुप्रीमो उद्धव ठाकरे ने शनिवार को पुणे में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का वंशज करार दिया. उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर 'सत्ता जिहाद' करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहने के लिए राजनीतिक दलों में फूट डाल रही है. उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को खटमल बताया. इसके साथ ही उद्धव ने गृह मंत्री अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का वंशज बताया. अब्दाली ने पानीपत के युद्ध में मराठों को हराया था. दरअसल 21 जुलाई को अमित शाह ने पुणे में ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का लीडर कहा था. उद्धव इसी तंज का जवाब दे रहे थे.

**क्या बोले उद्धव ठाकरे :** 03 अगस्तः अगर मुसलमान हमारे साथ हैं, तो हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाएंगे. तब हम औरंगजेब फैन क्लब होंगे, लेकिन जो आप कर रहे हैं, वह सत्ता जिहाद है. ठाकरे ने आगे कहा- भाजपा के सहयोगी नीतीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू हिंदुत्व वादी व्यक्ति हैं क्या? अमित शाह बताएं उनका हिंदुत्व कैसा है? गृह मंत्री को संघ का हिंदुत्व मान्य है क्या? इस वजह से भाजपा ने जो शुरू किया है, वह पावर यानी सत्ता जिहाद है. गृह मंत्री अमित शाह अहमद शाह अब्दाली के वंशज हैं. अब्दाली ने ही पानीपत की लड़ाई में मराठों को हराया था. यही नहीं महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस अंगूठे से मसला जानेवाल खटमल है.

## देश में जाति गणना हो...

उन्होंने कहा, हमारी पार्टी सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करेगी कि वह अपने हाल के फैसले की समीक्षा करे जिसमें एससी कोटे के तहत 15% उप-समूहों को अनुमति दी गई है. एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर को अनुमति नहीं दी जा सकती. एससी कोटे में उप-समूहों को अनुमति देने से सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े वर्ग के उत्थान का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, जो छुआछूत की प्रथा का शिकार रहा है. पासवान ने बिना विस्तार से बताए कहा, मुझे लगता है कि हमें जाति जनगणना करानी चाहिए, लेकिन इसके निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए. एकत्रित आंकड़ों का इस्तेमाल सरकार को नीतियां बनाने में करना चाहिए.

## पलामू भाजपा के कई नेताओं को मिली प्रदेश कमेटी में जिम्मेवारी

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के कई नेताओं को प्रदेश के विभिन्न मोर्चा के घोषित कमेटी में अहम जिम्मेवारी दी गई है. इनमें रूपा सिंह को महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष व लवली गुप्ता को महिला मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है. विश्वजीत पाठक को भाजयुमो का प्रदेश मंत्री, प्रभात रंजन को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश मंत्री, लूडू खान को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश मंत्री, प्रभात भैया को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है. पलामू भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रदेश के विभिन्न मोर्चों में संगठनात्मक दायित्व दिए जाने पर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत अन्य भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया है. नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देने वालों में विधायक आलोक चौरसिया, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, विनोद सिंह, किसलय तिवारी, धर्मदेव सिंह यादव, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्र, प्रभात भुइया, घूरन राम, अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर, ईश्वरी पांडे, प्रदीप सिंहा, जय दुबे, ज्योति पांडे, श्वेताम गर्ग, राजेश सिंह, नंदलाल गुप्ता, छोटू सिंहा, दीपक सिंह, शशि भूषण पांडे, जवाहर चंद्रवंशी, सुनील पांडे, सुनील पासवान, बिट्टू सिंह, प्रियरंजन कुमार, विजय पाठक, अजय सिंह, शैलेश सिंह, प्रभात तिवारी, विजय शर्मा पिंकू सिंह सुशील सिंह, संजय कुमार, राजेश गुप्ता, सरवन गुप्ता, आनंद सिंह, शुभम तिवारी, राजकुमार वर्मा आदि शामिल थे.

## जान-माल की सुरक्षा की गुहार

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के दिपुआ मुहल्ला निवासी कामेश्वर प्रसाद सोनी ने पुत्र दीपक कुमार ने गढ़वा थाना में आवेदन देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है. थाना प्रभारी को दिये आवेदन में कहा है कि कर्ज का पैसा सही समय पर नहीं चुका पाने के कारण राजेश केशरी का पुत्र राज केशरी एवं राहुल केशरी ने उसे पकड़ कर जबरन मोटरसाइकिल रख ली. साथ ही सादा कागज सहित अन्य दस्तावेज जबरन हस्ताक्षर करा लिया है. साथ की झूठा मुकदमा में फंसाने की आवेदन दे रहा है.

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की विधिवत शुरूआत

- मेदिनीनगर के टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- महिलाओं ने कराई योजना के तहत ऑनलाइन एंट्री कराई

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



कार्यक्रम का उदघाटन कर नगर आयुक्त व डीडीसी

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पलामू में आज से विधिवत शुरुआत हुई. कार्यक्रम का उद्घाटन मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद, एसी कुंदन कुमार, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद टाउन हॉल में नगर निगम के वार्ड 22, 24, 29 व 30 के लाभुकों के लिए आयोजित शिविर में पहुंची महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया. महिलाएं टाउन हॉल पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित कर कंप्यूटर पर अंगूठा लगाकर ऑनस्पॉट एंट्री करवा रही थी. मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद व समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान भी उपस्थित थी. इधर, कार्यक्रम की शुरुआत के बाद सभी पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जागरूकता रथ को रवाना किया. यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में जाकर महिलाओं को इस योजना के प्रति जागरूक करेगा.

## भाजपा संयमित और संगठित पार्टी है: कर्मवीर

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी, लातेहार जिला इकाई की एक बैठक जिला कार्यालय में अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर मुख्य रूप से मौजूद थे. उन्होने लातेहार जिला के सांगठनिक कार्यक्रमों की समीक्षा की. संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक संयमित और संगठित पार्टी है. आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार लगातार देश की बागडोर थामी है. प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में आज भारत चहुमंखी विकास कर रहा है. उन्होने आगामी विधानसभा चुनावों को ले कर कई चर्चा की और अभी से ही इसमें जुट जाने की अपील की.

## मोहम्मदगंज में कोयल नदी उफान पर लोगों से की सुरक्षित रहने की अपील

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पलामू जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मोहम्मदगंज कोयल नदी उफान पर आ गई है. इस स्थिति को देखते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर मोहम्मदगंज थाना वह अन्य क्षेत्र की पुलिस के द्वारा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है. पुलिस अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को चेतावनी दे रही है कि वे नदी के किनारे फोटो, वीडियो या सेल्फी लेने के लिए न जाएं, क्योंकि यह अत्यंत खतरनाक साबित हो सकता है. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नदी के तेज बहाव और उफान के कारण किसी भी अनहोनी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता. इसलिए, लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अपील की जा रही है. इस वक्त कोयल नदी के आस-पास के क्षेत्रों में स्थिति गंभीर है और स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है.

# रंका को अनुमंडल बनाना मेरा दायित्व

**संवाददाता। गढ़वा**

**गिरिनाथ सिंह बोले-**



परिवर्तन यात्रा के दौरान गिरिनाथ सिंह.

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा जिले के रंका प्रखंड में लगातार जारी है. इस दौरान उन्होंने सोनपुरवा, लीदीकंडा, खपरो का भ्रमण किया. मौके पर पूर्व मंत्री सिंह ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमने पुल, पुलिया, स्वास्थ्य, शिक्षा पर काम किया था, वो मेरा कर्तव्य था. मैंने कोई एहसान नहीं किया. उन्होंने कहा कि रंका को अनुमंडल बनाना मेरा दायित्व था. पिछले 15 वर्षों में रंका प्रखंड का विकास जितना होना चाहिए था, नहीं हुआ. आज भी लोग सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत समस्यायों से वंचित हैं. मौके पर सुलपानी सिंह, रामलखन यादव, सुनील माली, आदम अंसारी, वकील अंसारी, इसरफील अंसारी, हसनैन अंसारी, मोरसीम अंसारी, आलमगीर अंसारी, सदरुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे.

**बारिश का असर** सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर पंडी नदी उफनाई

# कोयल-पंडी नदी में बाढ़ आने से फसल बर्बाद

**संवाददाता। कांडी(गढ़वा)**



पानी में डूब गई फसल.

प्रखंड क्षेत्र में पिछले 20 घंटे से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. लोग घरों में दुबके हुए हैं. कोयल व पंडी नदी में बाढ़ आ गयी है. सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर पंडी नदी उफान पर है. नदी में बने पुल को छूती हुई बाढ़ का पानी बह रहा है. साथ ही भगवती मंदिर के गर्भ गृह में भी चार फीट पानी भरा हुआ है. मंदिर के पुजारी आदित्य पाठक ने बताया कि सुबह की पूजा ऊपर से ही किया गया है. अगर शाम तक बाढ़ की पानी से पुल भर जाता है तो मंदिर में संध्या आरती करने में परेशानी होगी. पंडी नदी में आई बाढ़ का पानी हेंठार क्षेत्र के खेतों में भी फैल गया है. उधर कोयल नदी में भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. कोयल नदी के दोनों किनारों तक पानी भर गया है. खरौंधा पंचायत के गांव जयनगरा के खेतों में लगी व्यावसायिक फसल हल्दी बाढ़ के पानी में डूब गया है.

पीड़ित ने बताया कि नीलगाय व सुअर द्वारा दूसरे फसल बर्बाद किए जाने के कारण अब हमलोग हल्दी की खेती करते हैं. किसान दिलीप मेहता, संजय मेहता, रंजन मेहता, बिगन मेहता, सुमंत मेहता, गुप्तेश्वर मेहता, जय कुमार ने बताया कि हम सभी अपने एक-एक एकड़ खेतों में हल्दी की फसल लगाया हूं. लेकिन आज कोयल नदी में आई बाढ़ में सारा फसल डूब कर बर्बाद हो गया है. लाखों रुपये की फसल बर्बाद होने का अनुमान है. सोन नदी की स्थिति अभी ठीक ठाक है. सोन नदी में बाढ़ की स्थिति नहीं है.

# अजातशत्रु और राहुल प्रदेश भाजयुमो के उपाध्यक्ष बने



अजातशत्रु



राहुल चौधरी

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने अजातशत्रु और राहुल कुमार चौधरी को मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है. युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर अजातशत्रु ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा और संगठन को अपना सर्वोच्च योगदान दूंगा. पूर्व में संगठन में कार्यसमिति सदस्य, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और प्रदेश मंत्री के रूप में संगठन को अपनी सेवा देता आया हूं. पुनः अब प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा काल को आगे विस्तार देने का सुअवसर मिला है. इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, अमर बाउरी, शशांक राज, विनय जायसवाल, दीपक प्रकाश, आशा लकड़ा, सुदर्शन भगत, समीर उरांव के प्रति आभारी हूं. उधर राहुल चौधरी इससे पूर्व महानगर अध्यक्ष, रांची गो संवर्धन प्रकोष्ठ, महानगर अध्यक्ष जल प्रबंधन प्रकोष्ठ, रांची महानगर प्रवक्ता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं.

# गाजर सौ के पार, चढ़ा आकाश टमाटर



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**व्याकुल** चित्तवृत्ति की मनोरम अभिव्यक्ति का नाम कविता है. कविता पसंद आये या न आये, इससे कोई दूर भाग नहीं सकता. नवजात शिशु के रुदन से लेकर अवसान काल में कहे जानेवाले राम-राम तक में कविता ही तो है. भले ही कविता को आह से उपजा गान बताया गया हो, लेकिन यह तो जीवन के हर अवसर पर मचलती रहती है. तरंगित होती रहती है. जो उन तरंगों को पकड़ लेता है, वह उसे अभिव्यक्ति देकर कवि बन जाता है. जो उससे लापरवाह या अनजान होता है, वह उसे समझ नहीं पाता. इसके बाद भी कोई कविता से भाग नहीं सकता, क्योंकि उसकी आभाओं ने पूरे मानव समाज को घेर रखा है. क्योंकि कविता आपका सुख और दुःख दोनों के समय वफादार दोस्त की भूमिका निभाती है. जब शोक हो, वियोग हो तो कविता आपके आंसू पोंछती है, ढाढ़स बंधाती है, धैर्य रखने की प्रेरणा देती है, लेकिन जब सुख के क्षण आते हैं तो कविता उन्हें चिरस्मरणीय बना देती है. आज की कविता केवल प्रेयसी के अलकों, झुकी या उठी पलकों तक ही सीमित नहीं होती, बल्कि जीवन के हर रंग को स्पर्श करने की क्षमता रखती है. इतिहास साक्षी है कि कविता ने युद्ध भूमि में जाकर मातृभूमि के लिए अपना सिर भी कटाने को तैयार वीरों का उत्साह वर्द्धन करती रही है तो धर्म, अध्यात्म और ज्ञान-विज्ञान के साथ मानवों का पथ आलोकित करती रही है. भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भी कविता की भूमिका चिरस्मरणीय है. कविता जीवन के उलझनों और परेशानियों को भी समझती है और जिम्मेदारों को उसके प्रति जगाने का प्रयास भी करती है. वर्तमान काल में बड़ी समस्याओं में से एक है महंगाई, जिसने सबको संत्रस्त कर रखा है. इसमें भी कविता अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करते देखी जाती है. इस बात एक उदाहरण है रांची के कवि **विनोद सिंह गहरवार** की ये कुंडलियां-



महंगाई की मार से जनता करे गुहार.
आदी तीन सौ बीस तो गाजर सौ के पार..
गाजर सौ के पार चढ़ा आकाश टमाटर.
लगता दे दूं जान किसी नदी में जाकर.
कहे बिनोद अबोध सुनो सरकार हरजाई.
कुछ तो करो उपाय जाए जल्दी महंगाई..
रोटी दाल दुर्लभ हुआ कैसे चले परिवार.
चुका नहीं पाया उसको जिससे लिया उधार
जिससे लिया उधार मुंह कैसे दिखलायें.
घर में छुप-छुप कर कैसे हम दिन बिताएं.
कहे बिनोद अबोध हाय मेरी किस्मत छोटी.
किए बहुत उद्योग मिली फिर भी नहीं रोटी..

गहरवार जी ने महंगाई की मार पर कुंडलियों के रूप में अपने व्याकुल चित्तवृत्ति को मनोरम ढंग अभिव्यक्ति देने का प्रयास किया है. कुंडली छंद दोहा और रोला नामक दो छंदों के मेल से बनता है. कुंडली दोहा से प्रारंभ होकर रोला छंद के साथ समाप्त होती है. इनकी कुंडली में कई स्थानों पर छंद भंग होता दिख रहा है, फिर भी इनका प्रयास सराहनीय है. आधुनिक साहित्य में नवगीत पूरी दृढ़ता के साथ स्थापित हो चुका है, जो कवियों के साथ ही पाठकों को भी रास आ रहा है. नवगीतों की रचना में पारंगत हैं जमशेदपुर की कवयित्री **वीणा नंदिनी**. अपनी प्रस्तुत रचना में ये बता रही हैं कि कैसे कविता सुदृढ़ हो गयी-



संकुचित हों सब विधाएं
आ गई कविगण शरण
पटरियों पर छंद दौड़े
सब दिलो नवगीत श्रवण
भाव कागज पर उडेले, लेखनी आह्लाद से -
अब बुलंदी कसक बनके कल्पना उद्धार से -
विमुख होती रोजगारी
छंद का होता मरण..
नवल नश्वर की कतारें सुमन भी महकती सी-
अब निराला छंद निर्मल शिल्प भी चहकती सी -
छंद झरते प्रीत बहता
पाठकों का मन हरण..
शब्द चुभते बाण जैसे कल्पनाओं से परे -
ताल जब नवगीत ठोके भाव फूटे रस भरे -
वर्ण नाचे काव्य आंगन
ले विधा से आवरण..
संकुचित हो सब विधाएं
आ गई कविगण शरण -
पटरियों पर छंद दौड़े
सब दिलों नवगीत श्रवण -

गीतिका छंद में रचित इनका यह नवगीत काव्य रसिकों के लिए महत्वपूर्ण अवदान है. वीणा जी अद्भुत अभिव्यक्ति क्षमता के साथ ही छंद पर भी मजबूत पकड़ रखती हैं. यह सराहना का विषय है. प्रेम तो कविता की सहज प्रवृत्ति है. वहीं झमाझम बरसात वियोगियों के मन में टीस उत्पन्न न कर दे, यह संभव नहीं है. उनके हृदय में प्रेम गीत मचल ही उठता है. ऐसे ही एक बरसाती प्रेम गीत को दुमका के वरिष्ठ कवि **शंभुनाथ मिस्त्री** इस प्रकार अभिव्यक्ति दे रहे हैं-



कुछ ही बूंदें अभी पड़ी थीं
आ धमकी है याद तुम्हारी आंधी बनकर.
ताप रहा है बहुत दिनों तक भारी पत्थर-सा चापन बन,
कैसा तो लग उठता है जब तुम बन जाती हो नभ के घन;
मन कितना गीला हो उठता हाथ पसारे झपसे के पानी में सनकर.
बदरी का मृदु भार झुका हो बियाबान के कांधे पर जब,
गीले चुम्बन से हरियाली क्यों न मदिर मन झूम उठे तब;
यादों के रेले में फंसकर कोई कैसे खड़ा रहेगा सीधा तनकर.
जब भी मौसम आता बेमन अंखुआये पल को ठगता है,
बादल उमड़-घुमड़ छा जाये पर यह तब अच्छा लगता है;
मन के भीतर झांक रहा हो रूप तुम्हारा सपनीले चादर से छनकर.

वियोग का प्रेम से गहरा संबंध है. पहले प्रेम होता है और इसके बाद ही वियोग की बारी आती है. एक समय था, जब प्रेमी और प्रेमिकाओं के पास अपने दिल की भावनों को व्यक्त करने का माध्यम पत्र हुआ करता था. प्रेम पत्र के संबंध में रांची के सुप्रसिद्ध अध्यात्म चिंतक **डॉ. मयंक मुरारी** कहते हैं- प्रेम को पत्र प्रकट करता है. सभ्यता के उषा काल से. आज भी प्रेम का उत्कर्ष उन पत्रों में मिलता है, जिसमें कम लिखा गया, ज्यादा समझा गया. मयंक मुरारी अच्छे विचारक, लेखक के साथ ही कवि भी हैं और इस विधा में अपनी लेखनी का चमत्कार दिखाते रहे हैं. इन्होंने एक ऐसे प्रेम पत्र को अपनी कविता का विषय बनाया है, जो लिखा ही नहीं गया. इनकी कविता का शीर्षक है- तेरा अनलिखा पत्र.



तेरा पहला और अंतिम पत्र जो कभी लिखा नहीं गया
अर्शिया, उसे पढ़ रहा हूं अभी उस कोरा कागज को
हाथ में लेकर ही खुश है मन मौन पत्र काफी प्यारा है.
तुम्हें पता है मैंने वह सब पढ़ लिया
जो तुमने सोचा और लिखती शब्द का क्या है ?
वह पूर्ण भाव कहां व्यक्त करते तुम लिख देती,
उसके बाद भी कुछ विशेष छूट जाता.
यह कोरापन ही विशेष है, वैसे भी जब-जब भी तुम होती सामने
प्राय: ही शब्द में बोलती तू चुप रहती, और आंखें बोलती
और गहरी प्यास मुझे छू जाता किसी अज्ञात तट से आवाज देकर, मानो
कोई बार-बार मुझे बुलाता. अर्शिया, बताओ न.
कब तक इस तट पर रहना है रात बीत गईं, सूरज भी निकल आया
तुम बाहर तो आओ हवाओं से पतवार उड़ने को आतुर
फिर भी, मैं गरमी के बाद धरती की तरह बरसात को व्याकुल खड़ा.

कवि की रसिकता तो देखिए, जब प्रेम पत्र न लिखा जा सका तो उन्होंने कविता का आश्रय ले लिया और पूरी सफलता के साथ अपने दिल की बात कह दी. कविता के रूप में जब यह प्रेम पत्र उनकी प्रेयसी तक पहुंची होगी तो उसपर क्या बीती होगी, यह तो डॉ. मयंक से मिलने के बाद ही पता चल पाएगा. तब तक के लिए आज्ञा दीजिए. जय हिंद ! जय झारखंड !!



## डाकुओं का बाप

क्या बताएं आपसे हम हाथ मलते रह गए
गीत सूखे पर लिखे थे, बाढ़ में सब बह गए
भूख, महगाई, गरीबी इश्क मुझसे कर रहीं थीं
एक होती तो निभाता, तीनों मुझपर मर रही थीं
मच्छर, खटमल और चूहे घर मेरे मेहमान थे
मैं भी भूखा और भूखे ये मेरे भगवान् थे
रात को कुछ चोर आए, सोचकर चकरा गए
हर तरफ़ चूहे ही चूहे, देखकर घबरा गए
कुछ नहीं जब मिल सका तो भाव में बहने लगे
और चूहों की तरह ही दुम दबा भगने लगे
हमने तब लाईट जलाई, डायरी ले पिल पड़े
चार कविता, पांच मुक्तक, गीत दस हमने पढे
चोर क्या करते बेचारे उनको भी सुनने पड़े
रो रहे थे चोर सारे, भाव में बहने लगे
एक सौ का नोट देकर इस तरह कहने लगे
कवि है तू करुण-रस का, हम जो पहले जान जाते
सच बतायें दुम दबाकर दूर से ही भाग जाते
अतिथि को कविता सुनाना, ये भयंकर पाप है
हम तो केवल चोर हैं, तू डाकुओं का बाप है

**- हुल्लड़ मुरादाबादी**

# कोचिंग वरदान या अभिशाप



चौराहा
प्रमोद कुमार झा



**कुछ** दिनों से दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में जल जमाव के कारण तीन विद्यार्थियों के डूबने से मृत्यु की चर्चा हो रही है. अखबार के पत्रकारों को एक नया विषय मिल गया. टेलीविज़न चैनलों को टीआरपी बढ़ाने के लिए ताज़ा मसाला मिल गया. विपक्ष और सत्ता में बैठे अलग अलग लोग उन युवाओं की चिता पर राजनीति की रोटी सेंकने में लग गए. भारत में सभी बीमारियों की एक दवा सीबीआई भी आदेश मिलते ही कार्यरत हो गयी ! ताज्जुब की बात है कि इन हादसों के मूल कारण की ओर कोई ध्यान देने को उत्सुक नहीं है और न ही समस्या के निदान में उनकी कोई रुचि ही है ! भारत में सबसे सस्ती है किसी भारतीय की जान ! दुनिया के किसी भी देश में अपने नागरिक की जान के प्रति इतना उदासीन रवैया नहीं है. अगर एक व्यक्ति की मौत हो जाती है तो सरकारों को सफाई देते और व्यवस्था दुरुस्त करने में पसीना निकल आता है ! पर भारत में हमने सबसे सस्ता अगर किसी चीज़ को समझा है तो वह है एक आम भारतीय की जान-एक साधारण मतदाता की जान. वही एक मतदाता जिसके वोट से देश में प्रजातंत्र में भी राजा बन बैठते है और कहते हैं....हमारे राज में....एक रोचक खबर अखबारों में पढ़ने को मिली कि कोचिंग संस्थान में हादसे के बाद संस्थान के मालिक ने हादसे में मृतकों के परिवार जनों को पचास लाख रुपए देने का एलान किया है. कल्पना कीजिये कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए इच्छुक छात्रों से कितने सौ करोड़ कमाया होगा उसने ! दो दिन बाद और रोचक खबर पढ़ने को मिली कि किसी अन्य कोचिंग संस्थान के मालिक ने हादसे में मृतकों के परिवार जनों को दस दस लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की. सबसे उदार थी उनकी अपील कि दागी संस्थान के सभी छात्रों को उनका संस्थान मुफ्त में कोचिंग देगी ! क्या इससे बढ़िया कोई व्यापारिक चाल हो सकती है ? हिंदी गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र के बहुचर्चित गीत की पंक्ति हैः '......एक बार फिर जाल फेंक रे मछेरे...'

इस मंच पर हजारों करोड़ों के कोटा कोचिंग व्यवसाय की चर्चा हो चुकी है, जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है . बहुचर्चित मेडिकल कॉलेज की प्रवेश परीक्षा में घोटालों की चर्चा-उपचर्चा में फिलहाल पूरा देश व्यस्त है. मुन्नाभाई लोग अपने आगे की रणनीति बनाने में व्यस्त हैं, पर अभी भी इन घोटालों के मुख्य सूत्रधार इन कोचिंग संस्थानों की ओर कोई ध्यान नहीं गया है. कोचिंग संस्थानों के द्वारा संभावित प्रश्नपत्र तैयार कराने वालों को मोटी रकम देकर संभावित प्रश्नों को प्राप्त किया जाता है और अति साधारण के प्रतिभा के छात्र उन प्रश्नों के उत्तर रटकर श्रेष्ठ संस्थानों में प्रवेश पा जाते हैं और श्रेष्ठ स्तर की सरकारी नौकरी भी ! इसी का परिणाम है कि आईआईटी और एम्स जैसे उच्च शोध संस्थान में साधारण प्रतिभा के लोग प्रवेश पा रहे हैं और शोध का स्तर भी प्रभावित हो रहा है ! डॉ. जगदीश चंद्र बोस, डॉ. विक्रम साराभाई, प्रो. सत्येन बोस, डॉ. विधान चंद्र रॉय, डॉ. होमी जहांगीर सेठना, डॉ. राजा रामन्ना, डॉ अब्दुल कलाम, प्रो.विश्वेश्वरैया सरीखे भारत के विद्वानों ने किसी कोचिंग संस्थान में प्रायः दाखिला नहीं लिया था ! स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन करने के स्थान पर एक समानांतर लाखों करोड़ों की व्यवस्था -कोचिंग को बढ़ावा देना कोई बड़ी साजिश तो नहीं है ? आखिर इस शैक्षणिक व्यभिचार को सरकार प्रतिबंधित क्यों नहीं करना चाह रही ? विचारणीय मुद्दा तो है क्योंकि यह देश के भविष्य का प्रश्न है !

# अयोध्या : अवसि देखिअहि देखन जोगू



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**अयोध्या** मर्यादापुरुषोतम प्रभु श्रीराम की नगरी. त्रेता की नगरी. पराक्रमी रघुवंशी राजाओं की नगरी. धर्म अर्थ काम और मोक्ष को प्रदान करने वाली नगरी. अनेक उत्थान और पतन को देखने वाली नगरी. पद्मनाभ साहित्य परिषद् वैशाली बिहार का चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन 3-4 अगस्त 24 को अयोध्या में प्रस्तावित है. पद्मनाभ साहित्य परिषद् वैशाली बिहार की संस्थापिका, संकल्पिका एवं व्यवस्थापिका परमादरणीया डॉ. प्रतिभा पराशर ने अपनी संस्था के चतुर्थ अधिवेशन में मुख्य वक्ता के रुप में आमंत्रित किया है. गत 1 अगरूत को थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलसचिव डॉ. पीएस दयाल यति के साथ आरा से वंदे भारत ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम जंक्शन पहुंचा. अयोध्या धाम स्टेशन पर पहले भी आया गया था, लेकिन इस बार अयोध्या धाम स्टेशन को देखकर आश्चर्यचकित रह गया. स्टेशन की सुंदरता,विशालता और भव्यता देखते ही बन रही थी. हमलोग आटो रिक्शा से विश्वामित्र आश्रम आये. महंथ राम मंगल दास ने हमारा भव्य स्वागत किया. दूसरे दिन प्रातः हमने राम की पौड़ी पर सरयू में स्नान किया और राम मंदिर में राम लला के दर्शन किये. अयोध्या आज सचमुच अयोध्या हो गई है.

आज से लगभग नौ लाख वर्ष पूर्व इस पावन भूमि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अवतार धारण किया था. इसी पवित्र भूमि पर लोट पोट कर परस्पर पुरुषोत्तम श्रीराम ने



भरत, लखन एवं शत्रुघ्न के साथ अपने देव दुर्लभ बाल चरित किये. ईशा की कई शताब्दियों के पूर्व भारत के राज सिंहासन को सुशोभित करने वाले हिंदू राजाओं ने समय समय पर इसकी रक्षा की, इसका जीर्णोद्धार करते रहे,किंतु शक और हूणों के आक्रमण के समय हिंदू क्रमशः राजाओं ने इधर से अपना ध्यान हटा लिया. परिणाम स्वरूप प्राचीन मंदिर भग्न हो गया और कुछ दिनों के पश्चात् केवल कुछ जीर्ण-शीर्ण अंश को छोड़कर और वस्तु शेष नहीं बची. अंततः ईशा के एक शताब्दी पूर्व हिंदू सम्राट विक्रमादित्य ने बड़े परिश्रम से खोज कर इस पावन भूमि पर विशाल मंदिर बनवा दिया. कहा जाता है कि उस समय भारतवर्ष में केवल चार सर्वोत्कृष्ट मंदिर माने जाते थे. इन चार मंदिरों के टक्कर के मंदिर संसार भर में नहीं पाये जाते थे. इन चार मंदिरों में एक श्री राम जन्मभूमि अयोध्या का मंदिर ,दूसरा महारानी कैकेई का कनक भवन,तीसरा काश्मीर का सूर्य मंदिर और चौथा गुजरात के प्रभास क्षेत्र का सोमनाथ मंदिर. इतिहास साक्षी है कि 1528 में फतेहपुर सिकरी के पास चितौड़ के राजा संग्राम सिंह से पराजित होकर मुगल सम्राट बाबर अयोध्या भाग आया. उन दिनों श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर बाबा श्यामा जी नाम के एक पहुंचे हुए सिद्ध महात्मा निवास करते थे.इनकी सिद्धाई की धाक समस्त उत्तर भारत में फैली हुई थी, जिससे प्रभावित होकर हज़रत काजल अब्बास मुशा आशिकाने कलंदर शाह नाम का फकीर आया और बाबा श्यामानंद जी उसे मुसलमानी ढंग से ही योग शिक्षा देने लगे, जिसके परिणामस्वरूप कुछ ही दिनों में वह पहुंचा हुआ फकीर हो गया और उसकी सिद्धि की धाक फैल गई. कुछ ही दिनों के पश्चात् जलाल शाह नाम का एक और मुसलमान फकीर यहां आया और वह भी श्यामानंद जी का साधक शिष्य बन गया और वहीं रहकर योग क्रिया सीखने लगा. पराजित बाबर बैठा नहीं रहा. कुछ ही दिनों के बाद तीन लाख सेना के साथ राणा सांगा पर आक्रमण किया और उन्हें पराजित कर दिया. कहा जाता है कि विजय प्राप्त करने के कुछ ही दिनों बाद बाबर पुनः अयोध्या आया. उसके ऊपर अपनी सिद्धाई की धाक जमा कर जलाल शाह और काजल अब्बास ने मंदिर ध्वंस करवा दी और बाबर उसके ऊपर एक मस्जिद बनवा देने की आज्ञा अपने वजीर मीर बाकी खां ताशकंदी को देकर दिल्ली चला गया.मीर बांकी ने बाबर के जाते ही मंदिर को नष्ट कर उस पर मस्जिद बनवा डाली, जो बाबरी मस्जिद के नाम से जानी गई. अयोध्या की चर्चा करते हुए महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में स्वयं श्री राम के मुखारविंद से कहलाया है किः-

**यद्यपि सब बैकुंठ बखाना.**
**वेद पुरान विदित जग जाना.**
**अवधपुरी सम प्रिय नहीं सोऊ.**
**यह प्रसंग जानहिं कोई कोऊ.**

अयोध्या जिसे कभी युद्ध में जीता नहीं गया और अवध जहां कभी बध नहीं हुआ विगत कई वर्षों से युद्ध और बध का केंद्र बन गया. सरकारें आईं और गईं, मगर अयोध्या का विवाद ज्यों का त्यों बना ही नहीं रहा, अपितु गहराता भी गया. अंततः विवाद सुलझा और आज अयोध्या पुनः भव्य रूप में आ गया है.

# डर कर भागे बादल



नश्तर
सुधीर राघव



**भरे** सावन में धूप खिली है. दिल्ली से बादल भाग गए हैं. बादल भयभीत और अपराधबोध से भरे हैं. बेसमेंट में पानी भरने से तीन युवाओं की मौत हुई है. महाराज चित्रगुप्त ने देवराज इंद्र से स्पष्टीकरण मांग लिया है. ये तीनों मौतें नियम विरुद्ध हैं. कर्म लेखा डायरी में ऐसी कोई मौत तय नहीं थी. तीनों को लंबी उम्र मिली थी. आकाश में दूर कहीं बिजली कड़क रही है. गर्जन सुनाई दे रहा है. मगर पानी की एक बूंद नहीं गिर रही. इंद्र देव बादलों को बुलाकर फटकार रहे हैं. वे गुस्से में हैं. कड़ककर पूछ रहे हैं - तुम्हें ओल्ड राजेन्द्र नगर में इतना बरसने की क्या जरूरत थी ? तुम्हें पता होना चाहिए कि हर ओल्ड चीज गोल्ड नहीं होती ! जर्जर भी होती है ! तुम अपनी मौज में बरसते रहे और इतना भी ध्यान नहीं दिया कि बच्चे फंसे हुए हैं ?...मैं अब चित्रगुप्त को क्या जवाब दूं ?... बादल गिड़गिड़ा रहे - महाराज जब घटना घटी, तब हम बरस ही नहीं रहे थे. आप मौसम विभाग का आंकड़ा मंगवा लीजिए. ओल्ड राजेन्द्र नगर में उस दिन पांच एमएम बारिश भी नहीं हुई, जबकि मानसून में हमारा कोटा सौ एमएम तक का है. यह सब इंसानों की कारस्तानी है. वे ही समय रेखा को तोड़ रहे हैं. वे ही मनमानी और भ्रष्टाचार कर रहे हैं. महाराज चित्रगुप्त का सारा लेखा चौपट कर रहे हैं. आप धरती के न्यूज चैनल देखिए, भाजपा वाले कह रहे हैं, एमसीडी की ग़लती है. बादलों की नहीं. उधर, एमसीडी वाले कह रहे हैं कि अफसर सिर्फ एलजी की सुनते हैं. राज्य की जनता से धोखा कर अफसरों की नकेल कसने के सारे अधिकार एलजी को दे दिए गए हैं और एलजी भाजपा वालों का है. हुजूर ! बादलों की ग़लती कोई नहीं बता रहा है. हम बेकसूर हैं. हमें माफ करें.

इंद्रदेव और कड़क हो गए हैं - अगर तुम्हारी गलती नहीं है तो तुम दिल्ली से भागकर क्यों आ गये ? ... बादल रुआंसे हो चले हैं - महाराज ! नियम विरुद्ध हुई तीन मौतों से हम भी दुखी और भयभीत हो गए थे. इसलिए वहां से भागकर आ गये. इंद्र ने बादलों के बयान सहित चित्रगुप्त को पूरी रिपोर्ट भेज दी है. इसमें उस दिन ओल्ड राजेन्द्र नगर में हुई बारिश का डाटा भी है. रिपोर्ट देखकर चित्रगुप्त समझ नहीं पा रहे हैं कि गलती किसकी है. आखिर समय रेखा को बर्बाद करने वाला कौन है ? नीचे धरती पर न्यूज चैनल शोर मचा रहे हैं कि यह सारी गलती किसी थार वाले की थी. उसे पकड़ लिया गया है. यह जानकारी अफसर, नेता, एलजी सब चैन की सांस ले रहे हैं. हां इससे बादलों को भी राहत मिल गई है. वे बरसने के लिए फिर चल पड़े हैं.

# दीपक शर्मा की कलाकृतियों में दिखते मंडराते बादल



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार







**गर्मी** की तपिश के बाद जब आकाश में काले-काले बादल घुमड़ -घुमड़कर आते हैं तो मौसम आम तौर पर ठंडा और सुखद होता है. धूल की उपस्थिति को खत्म कर आकाश चमकीला और नीला हो जाता है और कभी-कभी सात रंगों का इंद्रधनुष दिखता है. पूरा माहौल आकर्षक और सुंदर हो जाता है. आसमान में सफेद, भूरे और काले रंग के बादलों का संगम चलता है. बारिश का मौसम शुरू होते ही हर तरफ हरे-भरे नजारे, धूमिल वातावरण नजर आता है और धरती पर बारिश की बूंदों के पड़ते ही मिट्टी से सोंधी महक निकलने लगती है. प्रकृति भी प्रसन्न होकर हंसती हुई प्रतीत होती है. पक्षी अपनी खुशी का इजहार स्वर उत्पन्न करके करते हैं. तालाब, नदियां सब पर यौवन आ जाता है. यह मौसम खासकर किसानों को खुश कर देते हैं. जीवों को भी एक नया जीवन प्रदान करते हैं. सभी बारिश की रिमझिम बूंदों में भीगने का आनंद लेते हैं. कवि भी इसकी चर्चा करते थकते नहीं. बारिश में आसमान से गिर रही बूंदों की शांत और मनमोहक ध्वनि ने कालीदास जैसे महान कवियों को मेघदूत जैसी कालजयी रचना के लिए प्रेरित कर दिया. इस सुनहरे मौसम को देख कर चित्रकार भी रंग ब्रश उठा लेते हैं. बारिश की इस रिमझिम सौंदर्य के प्रति सभी मोहित हो जाते हैं और सौन्दर्य तो कला की आत्मा है. उसको एक कलाकार ही मनन, चिन्तन तथा प्रयोगों से जिन्दा रख सकता है और समाज को दिशा दे सकता है. महानगरीय व शहरी समाज का एक बड़ा हिस्सा भले ही प्रकृति की चिंता से दूर है, किंतु आज भी ग्रामीण समाज सदियों से पर्यावरण के प्रति सजग और संवेदनशील रहा है. तभी तो दीपक कुमार शर्मा जैसे कलाकार पहाड़ों, पठारों और जंगलों के बीच की प्रकृति की गहराई में झांकने की कोशिश करते हैं. वहां की परिस्थिति को कैद करते हैं. उसे फिर कैनवास पर उतारते हैं. दीपक कुमार शर्मा भले ही अपने जीवन यापन के लिये पुणे में रह रहे हैं, लेकिन आज भी झारखंड के झरने, पहाड़, बादल, पत्थर, नदियां और कहें तो समूची प्रकृति इन्हें अपनी ओर खिंचती रही है. तभी तो इसे अपने कैनवास पर उतार कर दीपक अपने जीवन की गहरी आस्था को पाते हैं. इनके प्रकृति चित्रण में आज बारिश के मंडराते बादल देखा जा सकता हैं. कला के क्षेत्र में दीपक कुमार शर्मा एक जाना पहचाना नाम है, जिनकी कल्पना की ऊंचाइयों में भी वास्तविकता का स्पर्श रहता है. इनकी कलाकृतियां भारत के साथ-साथ विदेशों में भी हैं. इन्होंने कला में पांच वर्षीय डिप्लोमा कोर्स किया है और आज ये देश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित करते रहते हैं. अपनी जलरंग कलाकृतियों के प्रदर्शन के लिए इन्हें हैदराबाद, दिल्ली, बनारस, इलाहाबाद, पंजाब में भी आमंत्रित किया गया है. मुंबई, पुणे, हैदराबाद, हांगकांग, बैगलुरू और अमेरिका में भी इनकी कलाकृतियों को देखा जा सकता है. इनकी कलाकृतियों में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती है. इनकी कलाकृतियां मंडराते बादलों की सुंदरता को समेटने की प्रेरणा भी देता है. काले बादल और धरती का मिलन एक अद्वितीय भावना का संचार करता है.

# आखर

# न प्रेमचंद प्रगतिशील थे और न सांप्रदायिक

विमर्श



रामचंद्र ओझा

कविता हो या कहानी, उसका गुण स्तर विषय सापेक्ष नहीं होता. गुणवत्ता रचनाकार के रचना कौशल पर निर्भर है, जो एक अदने से विषय में जान फूंक देता है. यह कोई भारी बात नहीं जो समझ में न आए. एक ही विचारधारा की कोई एक रचना फुस्स हो जाती है, उस ओर किसी का ध्यान तक नहीं जाता, वहीं दूसरी रचना चमक जाती है और उसकी यह चमक दीर्घ काल तक बनी रहती है और कालजयी कहलाती है.

आखिर वह क्या है जिससे एक रचना दूसरे से बेहतर हो जाती है? इसका नाम हम आसानी से भले न दे पाए, किंतु कुछ है जो रचना को रचना से और रचनाकारों को रचनाकार से अलग करती है. और वह न तो विषय सापेक्ष है और न विचारधारा!

इसलिए प्रेमचंद की जब भी हम सराहना करते हैं तो इस बात पर नहीं करते कि उनका लेखन प्रगतिशील था या प्रतिगामी, कि वे परंपरावादी थे या परंपरा का विरोध करने वाले. वे सुराज चाहते थे कि भारत की सत्ता पर कम्युनिस्टों को बैठाना. ये मानदंड रचना की कसौटी नहीं हैं.

बड़ाई उनके रचनाकौशल की और उनके उनके व्यक्तित्व की होती है. उनकी सहजता की होती है. जब भी और जहां भी प्रेमचंद ने गोता लगाया, जिस विषय पर डुबकी लगाई तो उन्हें मोती ही मिला. अब यह छोटा सरोवर हो या बड़ा सरोवर. उनकी रचनाओं में उनके व्यक्तित्व की शीतल सरिता का ही प्रवाह मिलता है. कहीं गोलियां नहीं दागते वे! किंतु सवाल यह नहीं है. सवाल यह है कि कौन सी रचना है जिसके आधार पर वामपंथी उन्हें एक प्रगतिशील या क्रांतिकारी रचनाकार कहते हैं. ध्यातव्य हो कि समाज की प्रगति नहीं होती परिवर्तन होते हैं. रैखिक प्रगति केवल विज्ञान की होती है. ऐसा कोई एक सार्वभौम मानक नहीं जिसके बढ़ने को हम प्रगति कहें और घटने को अप्रगति. और वह मानक ऐसा हो, जिसे मापा जा सके.





यदि हम प्रगति के उस प्रतिमान की बात करते हैं, जो मार्क्स के लेखन में है, तो इसका हमें उल्लेख करना चाहिए और प्रेमचंद की रचनाओं में उसकी उपस्थिति बतानी चाहिए. रोशन ख्याली और तरक्की पसंदगी, सुनने में अच्छा ध्वनित होता है, पर बिना परिभाषा के यह गुण के बगैर केवल रूप है.

क्रांति का अर्थ है, बल पूर्वक कोई परिवर्तन लाना. यह शब्द फ्रांस की क्रांति के बाद प्रचलन में आया. किंतु क्रांति के दूसरे अर्थ भी हैं. जिन विचारों से समाज में आमूल-चूल परिवर्तन होने की आशा हो, उसे भी क्रांति की संज्ञा दी जाती है. उदाहरणतः विज्ञान का उद्भव एक क्रांतिकारी परिघटना है.

वामपंथी वर्ग संघर्ष को, आपसी द्वेष और शत्रुता बढ़ाने को अक्सर एक क्रांतिकारी और प्रगतिशील कदम मानते हैं, किंतु प्रेमचंद की रचनाओं में ऐसा कुछ प्रत्यक्ष या परोक्ष दिखाई नहीं देता है. दिखाई दे भी कैसे, प्रेमचंद वेदांती थे. एकात्मवाद में विश्वास था उनका, जहां द्वंद्व और शत्रुता की कौन कहे, द्वैत का भी समावेश नहीं होता.

जहां तक प्रगति के आर्थिक दृष्टिकोण का सवाल है, प्रेमचंद औद्योगिक विकास को सामाजिक पतन का लक्षण मानते थे. ठीक वैसे ही जैसे कि गांधी को पश्चिमी आर्थिक विकास कभी नहीं भाया. औद्योगिक सर्वहारा को प्रेमचंद, किसानों से पिछड़ा और नैतिक रूप से पतित मानते थे.

> किसानी अपने तमाम बंधनों के बाद भी प्रेमचंद की नजर में औद्योगिक विकास से अच्छी थी.

इस तथ्य का जिक्र डा. रामविलास शर्मा ने अपनी पुस्तक "आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना" के पृष्ठ 279 पर किया है. अपने कथन की पुष्टि के लिए गोदान के चर्चित पात्र गोबर का सहारा लिया है,

"गोदान में गोबर शक्कर की मिल में मजदूरी करता है. गांव में ज्यादा मेहनत करता था, थकता न था, यहां पस्त हो जाता है." यानी किसानी अपने तमाम बंधनों के बाद भी प्रेमचंद की नजर में औद्योगिक विकास से अच्छी थी.

उद्योगों में लगे सभी श्रमिकों की यही दशा थी कि सभी ताड़ी या शराब में अपनी दैहिक थकन और मानसिक अवसाद को डुबाया करते थे. डाक्टर रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे, पर झूठे न थे.

वस्तुतः प्रेमचंद आधुनिक और मार्क्सवादी मानदंडों के किसी संदर्भ में प्रगतिशील और क्रांतिकारी नहीं थे. वामपंथी नाहक अपनी कुटिल मंशा के कारण प्रेमचंद के स्वच्छ व निर्मल दामन को दागदार करते हैं.

गरज यह है कि किसी रचना विशेष के आधार पर प्रेमचंद पर किसी खास वैचारिक प्रतिबद्धता का ठप्पा नहीं लगाया जा सकता. यदि ऐसा करेंगे तो उनकी हर रचना पर अपना निष्कर्ष बदलना पड़ेगा. उनकी रचनाओं का आयाम विविध और व्यापक है.

वस्तुतः पहले के रचनाकार पाखंडी नहीं होते थे, जो देखते थे, वही लिखते थे. यही स्वभाव और दशा प्रेमचंद की भी थी. पॉलिटिकल करेक्टनेस का ध्यान अपने वैचारिक निबंधों में भले रखा हो किंतु रचनाओं में तो जो देखा वही लिखा. जो मन में भाव आए, उसे रचनाओं में उतार दिया.

उनकी रचनाएं रेगिस्तान की मृग मरीचिका नहीं हैं, जहां केवल असलियत का भ्रम भर होता है, बल्कि उनके यहां यथार्थ पारे की तरह साफ दिखता है. वह यथार्थ मधुर और प्रिय भी हो सकता है और कटु भी.

उनकी ऐसी भी कहानियां है, जो आज के संदर्भ में विशुद्ध रूप से सांप्रदायिक कहीं जाएंगी. उनकी ऐसी एक कहानी जिहाद है. यथार्थ का तमगा लिए, आज का कोई लेखक ऐसा न होगा जो इस विषय पर कलम उठाने का साहस करे.

कहानी का सार कुछ इस तरह है. दो युवक और एक युवती, जो हिंदू हैं, अपने धर्म की रक्षा में भागकर एक गांव में शरण लेते हैं. धर्म परिवर्तन की मुहिम में मतावले कुछ तबलीगी मुसलमान घोड़े पर सवार होकर उनका पीछा करते हुए उनके करीब आ जाते हैं.

भागकर वे किसी पहाड़ी के पीछे छुपते हैं. घुड़सवार वहां भी आ धमकते हैं और इस्लाम कबूल करने की दावत देते हैं. इस्लाम की रवायत के मुताबिक धर्म परिवर्तन की दावत को यदि कोई कबूल नहीं करे तो उसकी हत्या कर दी जानी है. सिर को तलवार के सहारे धड़ से अलग कर दिया जाना है.

दो युवकों में से एक को उनकी संगिनी युवती प्रेम करती है. युवक सुंदर है, उसका शरीर सौष्ठव लचीला और आकर्षक है, शायद इसीलिए. दूसरा दुबला, पतला और कृषकाय है, युवती उसका तिरस्कार करती है. जब अस्त्रधारी मुसलमानों द्वारा इस्लाम कबूल करने का दावत दिया जाता है तो यह दुर्बल, कृषकाय किंतु स्वाभीमानी युवक प्रस्ताव ठुकरा देता है. किंतु दूसरा युवक जिससे युवती प्रेम करती है, वह इस्लाम कबूल कर मुसलमान बन जाता है.

दावत ठुकराने के जुल्म में एक युवक का सिर तलवार से धड़ से अलग कर दिया जाता है. जमीन पर गिरे छटपटाते सिर और युवक के शरीर को कलेजे से युवती सीने से लगा लेती है, और विलाप करने लगती है जैसे वह उसका अपना कोई अभिन्न हो. इतना ही नहीं युवती उसका वरण भी कर लेती है.

कुछ दिन बीतने के बाद जब हिंदू से मुसलमान बना युवक युवती से विवाह का प्रस्ताव रखता है, तो युवती न केवल उसके प्रस्ताव को ठुकरा देती है बल्कि उसे धिक्कारती भी है. तुम जब अपने धर्म की रक्षा नहीं कर सकते तो मेरे स्वामी कैसे हो सकते हो.

युवक जिससे वह पहले कभी प्रेम करती थी, जिसके लिए कुछ सपना देखा था, उसे पति बनाने से इंकार कर देती है. बजाय इसके वह उस स्वाभिमानी युवक जो अब जीवित नहीं है, उसकी मन ही मन मूर्ति बना पूजने लगती है. स्वधर्म के रक्षार्थ प्राण गवने वाले युवक की बहादुरी और बलिदान की वह आजीवन दास होकर रह जाती है.

इस्लाम की कट्टरता और हिंदू नारी की धर्म परायणता का ऐसा अनोखा दृष्टांत और उसका मार्मिक वर्णन, जैसा प्रेमचंद ने किया है, अन्यत्र किसी के साहित्य में नहीं मिलता. अब सवाल है कि क्या हम इस आधार पर प्रेमचंद को सांप्रदायिक कहेंगे?

---

व्यंग्य ›› बर्बरीक

## खिलाड़ी तो हैं हम भी

खेलों की खुशबू फिज़ाओं में है. पदकों की उम्मीदों से माहौल गनगना रहा है. इक्के दुक्के झोली में आ भी रहे हैं. हमारे छोटे छोटे शहरों जैसे देश पदक पर पदक झोली में डाले जा रहे हैं लेकिन हम तो उस देश के वासी हैं जो मानते हैं कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब. सो हम सीरियसली नहीं लेते हैं खेलो को. तभी तो हम सारे खेल संघों में नेता, नेतापुत्र, नौकरशाहों को भर देते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि खेल संघों में कोई खिलाड़ी न घुसने पाए.

नियम की तरह स्कूलों में भी गेम पीरियड रखते हैं जिसमें विद्यार्थी तफरीह के लिए मैदान तक आते हैं. कुछ संस्थान भी हैं जो गलत वजहों से ही चर्चा में बने रहते हैं - कभी बजट की कमी, कभी खाने की क्वालिटी, कभी तरह तरह के शोषण. जब भी ओलंपिक आते हैं तो बड़ी बड़ी उम्मीदें पालने लगते हैं कि हर खेल में सोना ही ले आएंगे. जाहिर है कि एकाध खिलाड़ी अपने निजी पैसे, मेहनत या कोशिश के दम पर कामयाब हो भी जाते हैं लेकिन देश के साइज के हिसाब से बहुत कम ही होता है.

आखिर हम किन खेलों में हम माहिर हैं कभी गौर करें. हम माहिर हैं भ्रष्टाचार में. आम आदमी से लेकर, अदना पुलिस वाला, सरकारी कर्मचारी से लेकर नौकरशाह और अंत में तो हमारे नेता है ही, सब इस खेल के माहिर खिलाड़ी हैं. नेतापुत्र जिसने शायद कभी क्रिकेट का बल्ला भी नहीं पकड़ा वह सर्वोच्च संस्था का मालिक बना दिया जाता है. पहलवानी के नाम पर जिसने सिर्फ राजनीतिक उठापटक की है वह कुश्ती संघ का अधिकारी बन जाता है. बरास्ता खेल संघ रास्ता राजनीति तक भी जाना है. मोहल्ले में फुटबॉल खिलाते खिलाते आदमी वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ जाता है. खेल संघ के अधिकारी के रूप में खेल के सामानों की खरीद में बड़े बड़े घोटाले कर डालता है. भ्रष्टाचार का कोई ओलंपिक होता तो हम हमेशा सोना जीतते. दूसरा खेल है टांग अडाने या टांग खिंचाई का खेल. इस खेल के माहिर खिलाड़ी सरकारी दफ्तरों और राजनीति में पाए जाते हैं. किसी काम में टांग अड़ा कर कैसे नहीं होने देना है इसमें सरकारी बाबू का कोई जोड़ नहीं है. टांग खिंचाई का खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राजनीति में होता है. संसद भवन में आज दिन हम ये खेल देखते रहते हैं. कभी किसी की जात पूछी जाती है तो कभी किसी को तरह तरह का नाम देकर निबटा दिया जाता है. जिस विधेयक से आमजन का भला होता हो उसे टांग खिंचाई की बलि चढ़ा देना यह सबसे पसंदीदा खेल है. लेकिन हाय! कोई ओलंपिक नहीं होता इसका भी.

एक और खेल जिसमें हम माहिर हो गए हैं वह है आंकड़ों के हेरफेर का. इसके जरिए हम खुद को तीसरी अर्थव्यवस्था साबित कर सकते हैं या विश्व गुरु घोषित कर सकते हैं. लेकिन दुखद है कि इसका भी ओलंपिक नहीं होता है. ऐसे और भी बहुत सारे खेल हैं जिसमें हम माहिर हैं. थोड़ा सोचें तो बहुत सारे खेल आप भी ईजाद कर सकते हैं फिलहाल इतनी ही प्रार्थना करें कि हमारे कुछ खिलाड़ी कुछ पदक जीतकर देश की इज़्ज़त बचा लें.

---

# मानवीय सम्वेदना की चित्रात्मक प्रस्तुति

समीक्षा



रतन वर्मा

टी. पी. पोद्दार को मैं कोई 1981 -82 से जानता हूं. प्रारम्भ के दिनों में तो भारत यायावर और कवि प्राणेश कुमार के माध्यम से और बाद में अपने भी सगे मित्र की तरह. वैसे तो वे बैंक के कर्मचारी थे, लेकिन फुरसत के क्षणों में जब कभी भी उनके एक छोटे से किराये के कमरे में उनसे भेंट होती, तब वे कैनवास पर कूंची घिसते हुए मिलते. मसलन वे एक अच्छे चित्रकार भी थे. फिर पत्र -पत्रिकाओं के माध्यम से जाना कि वे कवि और लघु-कथाकार भी हैं. आगे चलकर वे नुक्कड़ नाटकों में भी अभिनय करते दिखने लगे. फिर जैसे-जैसे उनके और क़रीब आता गया, उनका घनघोर वामपंथी चेहरा भी स्पष्ट होने लगा. यानी व्यक्ति एक और किरदार अनेक.

अब वे सेवानिवृत होकर तथा पुत्र-पुत्री, दोनों की शादियों से भी निवृत होकर अपने निजी घर के बगीचे में सुबह के समय किरौनी करते, पानी पटाते, और बाकी के समय में कैनवास पर कूंची चलाते या कागज़ पर कलम साधे अपना समय व्यतीत कर रहे होते हैं. और इन सारे कार्यों में किसी न किसी रूप में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मुक्ति दत्ता का योगदान भी उनके साथ बना ही रहता है.

अभी कोई पन्द्रह दिन पहले कवि - कथाकार सुबोध सिंह शिवगीत के साथ उनके निवास पर जाने का अवसर मिला, तो उन्होंने अत्यंत ही प्रसन्न भाव से अपना ताज़ा-ताज़ा प्रकाशित कथा- संग्रह थमा दिया. शीर्षक है- "अब कोई लेकिन नहीं".

हम दोनों अचंभित. उनके कथाकार रूप से तो हम परिचित ही नहीं थे. यानी उनके अन्य किरदारों में एक और किरदार का इज़ाफ़ा. उनका आग्रह, "अपनी प्रतिक्रिया देंगे, रतन जी."

खैर, तो घर आकर संग्रह की पहली कहानी पढ़नी शुरू की. शीर्षक – "और आबदा चली गयी". यह बंगाल के एक ऐसे मुहल्ले की पृष्ठभूमि पर, दशकों पूर्व के गांव-मुहल्लों की संस्कृति पर आधारित कहानी है, जब आत्मीयता और सम्वेदना समाज की एक कड़ी हुआ करती थी और जिसमें गांव के क्या निर्धन, क्या धनवान, क्या छोटी जाति और क्या सवर्ण या मुस्लिम सभी किसी न किसी रूप में आपस में जुड़े होते थे. थोड़ी छुआ-छूत का भेद -भाव होता था, मगर यदि किसी की जान पर बन आये तो उस भेद-भाव को नजरअंदाज भी कर दिया जाता था. उदाहरण स्वरूप इस कहानी में एक प्रसंग है कि दादी, जो मुस्लिम से ख़ुद को छुलाना भी धर्म नाश की श्रेणी में रखती हैं, उनके पास ही आबिदा बैठी होती है. अचानक दादी को जोरों की खांसी उठती है. खांसी ऐसी, जैसे जान ही लेकर छोड़ेगी. आबिदा को पता है कि अगर दादी की पीठ पर थपथपाहट दी जाय, तो खांसी रुक सकती है, पर वह दादी के धर्म को नष्ट कर पाने का साहस नहीं जुटा पाती. अंततः दादी ही ऊंचे स्वर में उससे कहती है कि मर जाऊंगी, तब पीठ पर थपकी देगी? उस डांट को उनकी सहमति समझने के बाद ही वह पीठ थपथपाती है और दादी सामान्य हो पाती है.

इस प्रसंग के माध्यम से लेखक यह समझाना चाहता है कि जाति या धर्म आधारित भेद -भाव मानव समाज का वह अभिशाप है, जो दूरियां तो बढ़ा सकता है, मगर इंसान - इंसान को करीब लाकर एक दूसरे का सहयोगी नहीं बना सकता, जबतक कि आपस में निजी स्वार्थ निहित न हो.

आबिदा एक चुड़िहारिन है, जो चूड़ियों से भरी टोकड़ी सर पर उठाये फेरी लगाकर अपने और आस पास के गांव में बेचती है. उसका और उसके पूरे परिवार का अपने और आस पास के गांवों के परिवार से, बल्कि उस व्यक्ति से भी जो अनाथ है, भावनात्मक और पारिवारिक रिश्ता सा जुड़ा होता है. वह दिन भर मेहनत करती है, फिर भी उसका परिवार अभावग्रस्त ही होता है. अकरम को यह अभाव हमेशा सालता रहता है. इसलिये वह जुर्म की दुनिया का रास्ता अख्तियार कर लेता है. आबिदा को जब इस सच्चाई का पता चलता है, तब उसे धक्का सा लगता है. उसे लगता है कि गांव वालों को जब अकरम की सच्चाई का पता चलेगा, उसकी सारी मान-प्रतिष्ठा, जिसे उसने पूरे जीवन को खपा कर अर्जित की है, वह धूमिल हो जाएगी. इसलिये वह रातोंरात सपरिवार गांव से पलायन कर जाती है.

'रिशु काना' शीर्षक कहानी का रिशु काना एक अनजान से मुहल्ले में भटकता हुआ आकर अचेत जमीन पर पड़ा होता है. जोगू मोदक, जो एक चाय की दुकान चलाता है, सुबह-सुबह दुकान खोलने के साथ ही उसकी नज़र अचेत पड़े रिशु काना पर पड़ती है. धीरे-धीरे मुहल्ले के लोग भी वहां जुट जाते हैं. जब उन्हें पता चलता है कि वह अजनबी ज़िन्दा है और आंखों से अंधा भी, तो सभी की सम्वेदना उसके प्रति जाग उठती है और सभी अपने-अपने स्तर से उसकी सहायता करने लगते हैं. पास में ही एक खंडहरनुमा मंदिर होता है, उसी में उसका आशियाना बसा देते हैं. धीरे-धीरे रिशु काना से उस मुहल्ले और आस पास के मुहल्लों के लोगों का ऐसा जुड़ाव हो जाता है कि सभी के मन में उसके प्रति सगेपन का अहसास घर कर लेता है. उससे जुड़े लोगों को अगर एक दिन भी रिशु काना नज़र नहीं आता, तो सभी आशंकित हो उठते हैं कि आखिर वह गया कहां? और एक दिन सचमुच रिशु काना अचानक से ग़ायब हो जाता है. मुहल्ले के लोग परेशान. फिर उसकी लाश कुंए से मिलती है. तब पूरा मुहल्ला सकते में आ जाता है. सभी मिलकर उसका अंतिम संस्कार ऐसे करते हैं, जैसे वह कोई गैर नहीं, बल्कि सभी का सगा ही हो.




कथा-संग्रह : अब कोई लेकिन नहीं..
प्रकाशक : बोधि प्रकाशन
मूल्य : 200 रु. ( पेपर बैक )

पूर्व में रिशु काना किसी गांव में सपरिवार एक संयुक्त परिवार का हिस्सा हुआ करता था. वह किसी विद्यालय में शिक्षक की नौकरी करता था. एक दिन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वह कार से कहीं भ्रमण पर होता है, तभी कार दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है, जिसमें उसकी पत्नी और बच्चों का दुर्घटना-स्थल पर ही निधन हो जाता है, और स्वयं रिशु काना की आंखें चली जाती हैं. सम्पत्ति के लालच में उसकी इस असहाय हालत का लाभ उठाकर उसका भाई उसे किसी अनजान ज़गह पर अकेला छोड़ आता है और समाज के लोगों के बीच यह सिद्ध कर देता है कि उस दुर्घटना में उसका भाई भी नहीं रहा. यहां तक कि वह रिशु काना का श्राद्ध भी करवा देता है.

अपने परिवार के द्वारा जीते जी मृत किये जा चुके रिशु काना को एक अनजान मुहल्ले में शरण मिलती है, जहां गैरों के बीच भी अपनापन का पूरा संसार उसके स्वागत में खड़ा मिलता है.

इस कहानी के माध्यम से कथाकार यह बताना चाहता है कि जहां स्वार्थ की भावना हो, वहां सगे भी पराये से बदतर हो जाते हैं और जहां निःस्वार्थ सम्बन्ध हो, वहां गैर भी अपनों से बढ़कर सिद्ध होते हैं. कई बार कुछ कहानियां ऐसी भी होती हैं, जिनके कथ्य तो परिचित होते हैं, पर लेखक उस कहानी को भाषा, शैली और शिल्प से अलंकृत कर इस ढंग से प्रस्तुत कर पाने में सफल सिद्ध होता है कि पाठकों को उस पुराने कथ्य में भी नवीनता का सा आस्वाद महसूस होने लगता है. उदाहरण स्वरूप इसी संग्रह की शीर्षक कथा है— "अब कोई लेकिन नहीं..."

इस कहानी के कथ्य में कोई नवीनता नहीं. इस कथ्य पर पूर्व में भी अनेक कहानियां आ चुकी हैं. लेकिन कथाकार ने अपनी लेखकीय प्रतिभा का परिचय देते हुए इस कथानक को इस तरह सम्प्रेषणीय बना दिया है कि कहानी पाठकों के भीतर प्रवेश कर अपनी स्वीकार्यता क़बूल करवा ही लेती है. इस कहानी का कथ्य यह है कि एक स्त्री मातृत्व-सुख से वंचित है और पारिवारिक तथा ख़ुद के मानसिक स्तर पर इस अभाव से पीड़ित भी. अंततः सन्तान- सुख की लालसा में वह अपने पति की दूसरी शादी करवा देती है. उसके पति को दूसरी पत्नी से सन्तान की प्राप्ति भी हो जाती है. उसके बाद प्रारम्भ होता है, दोनों पत्नियों के बीच सौत के रिश्ते का संघर्ष, जिसमें पहली पत्नी हर तरह से पिसती हुई अंततः त्याग की प्रतिमूर्ति बन दोनों के बीच से ख़ुद को हमेशा के लिये अलग कर लेती है.

यानी, कथानक में कोई नयापन नहीं. लेकिन लेखक ने जो दोनों पत्नियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया है, वह इस कहानी को नयेपन के साथ पाठकों में सम्प्रेषित कर अपनी विशिष्ट पहचान बना पाने में पूरी तरह सफल होती है.

उक्त कहानियों के अतिरिक्त संग्रह में अपेक्षा-उपेक्षा, उसने भरोसे की लाज रख ली, अहसास, पूर्वाग्रह, इतनी सी चाहत और नियति शीर्षक कहानियां भी शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक कहानी अलग अलग उदाहरण बनकर मानवीय संवेदना, सामाजिक ताना-बाना कैसा हो, बाल मनोविज्ञान और रिश्तों के गणित को स्थापित कर पाने की कोशिश में पूर्णतः सफल होती प्रतीत होती हैं.

---

## कविता/ग़ज़ल



शिरोमणि राम महतो

### मधु सावन में

अद्भुत अनूठा अनुपम रूप,
सजा-धजा आई सावन में.
लहराती श्यामल-लट-घटा,
चमके चितवन मध्य अंजन में.
अधरों से छलके यौवन मधु
छम-छम-छन छन बाजे नूपुर
अंग-सुरभि महके पवन में
उर से छेड़े राग सुर मधुर.
मचल रहा मेरा तृषित मन,
देख झड़ी का अनूठा रूप.
सरस कर हृदय से राग-रस,
बरस रहा अधरों से टप-टप.
समेट झड़ी को आलिंगन कर,
झूमू प्रणय के मधु स्वप्न में.
तरसे जलचर-सा मेरा मन,
मधुर मिलन को मधु-सावन में.
जो झड़ी को रमणी कहता,
वह तो कोई कवि ही होगा.
लिपट झड़ो से-प्रणय करता,
सौ जनम का वियोगी होगा!
रम गया जो इस रमणी से,
बूझ जाती हर तृष्णा उर की.
पलता ललित प्रकृति-क्रोड़ में,
बनकर कोई "सुकुमार कवि"!



रेनु त्रिवेदी मिश्रा

### नेक है किरदार सावन का

फ़ज़ा को भा गया कुछ इस क़दर किरदार सावन का
किया बारिश ने आगे बढ़ के फिर सिंगार सावन का.
तेरे चेहरे ने थोड़ी ताज़गी थोड़ी ज़िया लेकर
बढ़ाया है बहुत इस दश्त में मेयार सावन का.
कहीं कोयल की कूकें हैं, कहीं फूलों की ख़ुश्बू है
सलीक़े से सजा है चार सू बाज़ार सावन का.
तबस्सुम को सजा देता है वो हर इक के होंठों पर
ख़ुदा ही जाने कितना नेक है किरदार सावन का.
पहाड़ों और सावन का न जाने कैसा रिश्ता है
हमेशा देखते हैं रास्ता कोहसार सावन का.
रूख़े-'रेनू' छुआ बारिश ने तब दिल से दुआ निकली
रखे महफ़ूज़ रब हर एक दिन घर बार सावन का.



नंदा पाण्डेय

### दु:ख

हर दुख को नहीं मिलता है
अंतिम यात्रा का सुखद संयोग
आत्मा का अनुराग, आकंठ प्रेम
आंखों का पानी, कांधे का सहारा
प्रेम की तपिश, सच्चा समर्पण
स्नेहभरा स्पर्श, मनचाहा एकांत
रूह की पुकार उम्मीदों के सपने
मजबूत सीने से फूटती,
अंजुरी भर निर्मल पानी
दुरूह प्रश्नों का उत्तर
दु:ख साधने की कला.
आसान नहीं दुखों की यात्राओं का विवरण
दु:ख कतरा-कतरा पिघलता है
अपनी अंतहीन यात्रा में...!



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

### तीन रंग चूड़ियां

बहुत सताती हैं चूड़ियां
खनक -खनक कर
गाती रहती हैं विरह के गीत.
हवाओं चुप रहना,
कहीं सुन न ले ये दर्द,
मेरा मनमीत.
साजन देश की सेवा में जुटे हैं,
बर्फीली चोटियों पर
हिम्मत से डटे हैं.
ध्यान लगा रहता है
धड़कनें डराती हैं
ऊपर से ये निगोड़ी
रंग चमकाकर
जुदाई का अहसास करातीं हैं.
मुझे नहीं बनना है
चूड़ियों जैसा कमजोर,
हृदय को नहीं बनाना कांच,
जब गौरवान्वित करती हो
गोलियों की धमक
आंखें अपनी हद पर
छू रहीं हों भारत माता की आंखों की चमक,
तो निस्तेज है इन चूड़ियों का चमकना.
मुझे भीतर गिरिराज सजाना है,
जवानों का हौसला बढ़ाना है
मैनें पहन ली हैं
तीन रंगों की फौलादी चूड़ियां,
बिना खनक के ही
शौर्य की पहचान,
चमकती रहे तिरंगे की शान,
मैं हिन्दुस्तानी, मुझे प्यारा हिंदुस्तान.



सारिका भूषण

### ताकि इंतजार रहे सावन का

तुम हो
तो मन सावन है
तुम्हारे आने की आहट है
तो तन में धड़कन है
और
तुम्हारा आना जैसे
खिली धूप में अचानक
बारिश की बूंदों का झर जाना
आकाश के अकेलापन को
इंद्रधनुष का साथ मिल जाना
सुनो न!
तुम आते रहना
यदि संभव नहीं
तो बताते रहना
कि इस सावन मैं आऊंगा
ताकि हर मौसम में
मुझे इंतज़ार रहे
सावन का!!



रश्मि सिंह

### बचपन के दिन

कश्तियां तैराते,
छींटे उड़ाते,
वो बचपन के दिन,
जो फिर लौट आते.
बारिशों को,ख्वाहिशों को,
वैसी ही बेफिक्री से,
हम फिर से जी पाते.
फिर कागज की छोटी सी,
कश्ती बनाते, उसे सजाते,
कुछ दिल के अरमां,
लाद कर उसमें,
तलैया में तैराते.
बहती धारा संग बहती,
जाने कहां तक जाती,
वो छोटी सी कश्ती,
घूम घाम कर,
लौट भी आती.
संग लाती अपने,
ख़ुशियां ही ख़ुशियां.
लौट आता बचपन,
मस्तमौला जीवन.
मां का वो आंचल,
पापा का संबल.
फिर इठलाते,
कभी रूठ जाते.
भूले से लगते,
वो लम्हे सारे,
बहते गये हम,
जहां तक बहाईं,
जिंदगी की उफानें.
अब लौटने को,
दिल है मचलता,
नन्हा सा बच्चा,
मन में है बसता,
जो छींटे उड़ाता,
कश्तियां तैराता!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# 'लक्ष्य' पदक जीतना है : सेन को एक्सेलसन के खिलाफ करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**ओलंपिक सेमीफाइनल**

### पहली बार ओलंपिक में खेल रहे हैं लक्ष्य सेन कॉमनवेल्थ गेम्स में जीत चुके हैं गोल्ड

**भाषा। पेरिस**

भारतीय बैडमिंटन की सनसनी लक्ष्य सेन रविवार को जब यहां पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे, तो उन्हें अपने पहले स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा. पहली बार ओलंपिक में खेल रहे सेन ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21, 21-15, 21-12 से हराकर भारतीय बैडमिंटन में नया इतिहास रचा. वह ओलंपिक खेलों के व्यक्तिगत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं. लेकिन अब उनका सामना उस एक्सेलसन से है, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को कोई मौका नहीं दिया है.

डेनमार्क के ओडेंस के रहने वाले इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था. वह 2017 और 2022 में विश्व चैंपियन रहे. उनके नाम पर 2016 में थॉमस कप की जीत शामिल है. इसके अलावा उन्होंने कई बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर और सुपर सीरीज खिताब जीते हैं. यही नहीं वह दिसंबर 2021 से जून 2024 तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी रहे.



विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन को डेनमार्क के खिलाड़ी से अभी तक सात बार हार का सामना करना पड़ा है. उन्होंने एक्सेलसन को केवल एक बार 2022 में जर्मन ओपन में हराया था. भारत के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि अपने से अधिक रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है. पेरिस ओलंपिक खेलों में ही उन्होंने ग्रुप चरण में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और क्वार्टर फाइनल में विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी चाउ को हरा कर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया. एक्सेलसन ने इस सत्र में केवल एक खिताब मलेशिया मास्टर्स के रूप में जीता है. जून के शुरू में सिंगापुर ओपन के दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें इंडोनेशिया ओपन से हटना पड़ा था. दूसरी तरफ सेन अभी अपने करियर में सबसे फिट नजर आ रहे हैं. उनका रक्षण शानदार है क्योंकि उन्होंने कोर्ट को अच्छी तरह से कवर किया है. एक्सेलसन को प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में बाई मिली थी. क्वार्टर फाइनल में उन्होंने सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराया.

डेनमार्क का यह खिलाड़ी अपने तीखे स्मैश के लिए जाना जाता है और सेन को धैर्य से उनका सामना करना होगा. सेन के पास ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का यह बेहतरीन मौका है. अगर वह एक्सेलसन से पार पाने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें फिर कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करनी होगी.

### पेरिस ओलंपिक 2024 पदक तालिका

| देश | गोल्ड | सिल्वर | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 13 | 9 | 9 | 31 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 7 | 5 | 24 |
| 3. फ्रांस | 11 | 13 | 14 | 38 |
| 4. ब्रिटेन | 10 | 10 | 11 | 31 |
| 5. अमेरिका | 9 | 19 | 18 | 46 |
| 6. द. कोरिया | 9 | 6 | 6 | 17 |
| 7. जापान | 8 | 4 | 8 | 20 |
| 8. इटली | 6 | 8 | 4 | 18 |
| 9. नीदरलैंड | 5 | 4 | 4 | 13 |
| 10. जर्मनी | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 49. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

### पेरिस ओलंपिक में आज भारत

- **निशानेबाजी :** 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष क्वालीफिकेशन पहला चरण : विजयवीर सिद्धू और अनीश : 12:30 से
- **हॉकी :** भारत बनाम ब्रिटेन पुरुष हॉकी क्वार्टर फाइनल : दोपहर 1:30 से
- **एथलेटिक्स :** महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस पहला दौर : पारूल चौधरी : 1:35 से, पुरुष लंबी कूद क्वालीफिकेशन : जेस्विन एल्ड्रिन : 2:30 से
- **मुक्केबाजी :** महिला 75 किलो क्वार्टर फाइनल : लवलीना बोरगोहेन बनाम चीन की लि कियान : दोपहर 3:02 से
- **बैडमिंटन :** पुरुष एकल सेमीफाइनल : लक्ष्य सेन बनाम विक्टर एक्सेलेसन (डेनमार्क) दोपहर 3:30 से
- **पाल नौकायन :** पुरुष डिंगी रेस सात और आठ : विष्णु सरवनन, दोपहर 3:35 से महिला डिंगी रेस सात और आठ : नेत्रा कुमानन, शाम 6:05 से.

### कांस्य पदक जीतने के बाद इगा स्वियातेक टोरंटो टूर्नामेंट से हटीं

**टोरंटो।** विश्व में नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में टोरंटो में खेले जाने वाले टेनिस टूर्नामेंट से हट गईं. स्वियातेक पहली खिलाड़ी नहीं है, जिन्होंने नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया. उनसे पहले ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा, एलेना रयबाकिना और मार्केटा वोंद्रोसोवा तथा जैस्मिन पाओलिनी, मारिया सकारी, डेनिएल कोलिन्स और कैरोलिन गार्सिया ने भी इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था.

**पेरिस ओलंपिक :** 25 मीटर महिला स्पोर्ट्स पिस्टल निशानेबाजी में चौथे स्थान पर रहीं

# मनु भाकर पदकों की हैट्रिक से चूकीं

**भाषा। शेटराउ (फ्रांस)**

ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना शनिवार को यहां 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका. आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं. इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है. वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है. मनु पांच-पांच निशाने के 10 सीरीज के फाइनल में शुरुआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी. इसके बाद शूट ऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकी, जबकि मेजर ने चार सटीक निशाने के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया. मनु की शानदार लय को देखते हुए, उनके पदकों की हैट्रिक लगाने की उम्मीदें बहुत अधिक थीं. फाइनल की शुरुआत में छठे स्थान पर खिसकने के बाद भी वह वापसी करने में सफल रही. मनु की शुरुआत बेहद खराब रही वह शुरुआती सीरीज में पांच में से तीन निशाना चूक गयी. इसके बाद दो सीरीज में चार-चार निशाने के साथ उन्होंने वापसी की.

चौथा सीरीज से एलिमिनेशन चरण शुरू हुआ. मनु सातवें चरण (एलिमिनेशन का चौथा चरण) में कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर पहुंची. दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने तुरंत आठवें दौर में शीर्ष स्थान पर वापसी की जबकि दूसरे स्थान पर काबिज मनु पांच में से तीन निशाना लगाने के बाद वेरोनिका के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गयी. वह शूटऑफ में अपनी लय जारी नहीं रख सकी और करीबी अंतर से कांस्य पदक से चूक कर जयदीप करमाकर (पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन, 2012 लंदन), अभिनव बिंद्रा (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल, 2016 रियो) और अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल, 2024 पेरिस ओलंपिक) जैसे निशानेबाजों की सूची में शामिल हो गयी. इस स्पर्धा का स्वर्ण यांग और रजत फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली ने जीता.



### भावुक दिखीं मनु, कहा- नर्वस थी



मनु भाकर के चेहरे पर निराशा साफ दिख रही थी, क्योंकि वह इतिहास रचने का मौका चूक गईं. उन्होंने कहा, मैं फाइनल में बहुत नर्वस थी. हमेशा अगली बार होता है और मैं पहले से ही उसका इंतजार कर रही हूं लेकिन मैंने अपनी पूरी कोशिश की. मैंने शांत रहने की कोशिश की और अपना बेस्ट देने का प्रयास किया, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था. चौथा स्थान अच्छी स्थिति नहीं है.

### जुडोका मोहम्मद डोपिंग जांच में पॉजिटिव

**पेरिस।** अफगानिस्तान के जूडोका मोहम्मद शमीम फैजाद को पेरिस ओलंपिक में डोपिंग जांच में 'एनाबॉलिक स्टेरॉयड' के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है. यह इन खेलों में डोपिंग का तीसरा मामला है. आईटीए ने शनिवार को बताया कि फैजाद ने अपने शुरुआती मुकाबले के बाद नमूना दिया था, जिसकी जांच में 'स्टैनोजोलोल' की पुष्टि हुई. फैजाद को हालांकि 81 किग्रा के मुकाबले में मंगलवार को ऑस्ट्रिया के वाचिद बोरचशविली से हार का सामना करना पड़ा था.

### अनंतजीत सिंह नरुका 24वें स्थान पर रहे

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका शनिवार को यहां क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन भी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे. शनिवार को पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई. अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे.

### सिनियाकोवा और मचाक ने मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता

**▪ ओलंपिक टेनिस**

**पेरिस।** चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और टॉमस मचाक ने शुक्रवार रात को यहां टाईब्रेकर तक खिंचे मैच में जीत दर्ज करके पेरिस ओलंपिक की टेनिस प्रतियोगिता का मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता. सिनियाकोवा और मचाक ने फाइनल में चीन के वांग जिन्यू और झांग झिझेन को 6-2, 5-7, 10-8 से हराया. ओलंपिक युगल में मानक तीसरे सेट के बजाय टाईब्रेकर का उपयोग किया जाता है. इनमें से कम से कम दो अंक का अंतर रखकर पहले 10 अंक बनने वाली टीम विजेता बनती है. सिनियाकोवा का ओलंपिक में यह दूसरा स्वर्ण पदक है. उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिसिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था.

### दीपिका क्वार्टर फाइनल में और भजन कौर प्री क्वार्टर में हारीं





▪ ओलंपिक तीरंदाजी में पदक का 36 साल का भारत इंतजार जारी

**भाषा। पेरिस**

भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी को शनिवार को यहां दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि युवा भजन कौर भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गईं जिससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा. भारत की 23वीं वरीय दीपिका ने अंतिम आठ के मुकाबले में मौजूदा खेलों की महिला टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता और दूसरी वरीय सुहियोन के खिलाफ 4-2 की बढ़त बना रखी थी, लेकिन अंततः 4-6 (28-26, 25-28, 29-28, 27-29, 27-29) से हार गई जिससे तीरंदाजी में एक बार फिर भारत का अभियान पदक के बिना ही खत्म हो गया. सुहियोन को दीपिका को हराने के लिए अंतिम दो सेट जीतने थे और कोरिया की तीरंदाज ने बेहद दबाव के बीच चार बार 10 और दो बार नौ अंक के साथ दोनों सेट और मुकाबला अपने नाम किया. दीपिका ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की सातवीं वरीय मिशेल क्रोपेन को 6-4 (27-24, 27-27, 26-25, 27-27) से शिकस्त दी. भजन को हालांकि प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की डायनंदा चोइरुनिसा के खिलाफ शूट ऑफ में 8-9 से हार का सामना करना पड़ा. पांच सेट के बाद मुकाबला 5-5 से बराबर था. इंडोनेशिया की खिलाड़ी ने शूट ऑफ में नौ अंक जुटाए जबकि भजन आठ अंक पर ही निशाना साध सकी और चोइरुनिसा ने मुकाबला 6-5 से जीत लिया. क्वार्टर फाइनल में दीपिका ने पहला सेट 28-26 से आसानी से जीता. सुहियोन ने 10 अंक के साथ शुरुआत की लेकिन फिर दो निशाने आठ अंक पर लगाए. दीपिका ने दो नौ और एक 10 अंक के साथ सेट जीता. दीपिका ने दूसरा सेट 25-28 से गंवाया. सुहियोन ने वापसी करते हुए दो बार नौ और एक 10 अंक जुटाया.

### एलजीबीटीक्यू-प्लस और महिला एथलीटों को लेकर चिंता बढ़ी

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस ओलंपिक में महिला मुक्केबाज इमान खेलीफ को ट्रांसजेंडर या पुरुष के रूप में गलत पहचान बताने वाली घृणित टिप्पणियों को लेकर एलजीबीटीक्यू - प्लस एथलीटों, अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने चेतावनी दी है. कहा गया कि इस तरह की मानसिकता इस समुदाय और महिला खिलाड़ियों के लिए खतरा पैदा कर सकती है. एलजीबीटीक्यू - प्लस लेस्बियन, गे, बाइसेक्शुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स और एसेक्सुअ' और अन्य लोगों से संबंधित है. इस मुद्दे पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर हैरी पॉटर की लेखिका जेके. रॉलिंग जैसे लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है.

अल्जीरिया की खेलीफ पेरिस ओलंपिक के मुक्केबाजी स्पर्धा में गुरुवार को इटली की प्रतिद्वंद्वी एंजेला कारिनी के मुकाबले के महज 46 सेकेंड बाद हटने से पहले दौर का मुकाबला जीत गईं. कारिनी ने मुकाबला बीच में छोड़कर हटने के बाद कहा कि वह खेलीफ के खिलाफ कोई राजनीतिक भाव भांगिमा नहीं दिखा रही थीं. इस मुकाबले से हटने के बाद उनकी नम आंखें सोशल मीडिया पर वायरल हो गयीं और लोगों ने उनके प्रति सहानुभूति दिखायी. सोशल मीडिया टिप्पणियों में कहा गया कि खेलीफ एक महिला से मुक्केबाजी करने वाला पुरुष था.



इस तरह की टिप्पणियों के बाद खेलीफ और ताइवान की मुक्केबाज लिन यू-टिंग के महिला वर्ग में खेलने को लेकर सामाजिक विवाद बढ़ गया. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रवक्ता मार्क एडम्स ने शुक्रवार को कहा कि खेलीफ महिला के रूप में पैदा हुई थी, महिला के तौर पर पंजीकृत है, उसने अपना जीवन एक महिला के रूप में बिताया, एक महिला के रूप में मुक्केबाजी की और उसके पास एक महिला पासपोर्ट है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, इसका इस्तेमाल किसी के प्रति नफरत फैलाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए. विवाद के बीच अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने शनिवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाज इमाने खलीफ और लिन यू-टिंग के खिलाफ 'नफरत की भाषा' पूरी तरह से अस्वीकार्य' है.

### भारत के सामने सेमीफाइनल में जाने के लिए आज ब्रिटेन की चुनौती

**भाषा। पेरिस**

अपने अंतिम पूल मैच में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ जीत की इस लय को कायम रखने की कोशिश करेगा. भारत ने पूल बी के अपने आखिरी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर ओलंपिक में इस टीम के खिलाफ आधी सदी से अधिक (52 वर्षों) समय से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया. भारत ने आस्ट्रेलिया को इससे पहले 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में हराया था. ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ ही भारत भारत पूल बी में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि ग्रेट ब्रिटेन पूल ए में तीसरे स्थान पर था.



भारतीय टीम पहले दो क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से हावी दिखी और उसने लगातार आक्रामक खेल से मैच की गति को नियंत्रित किया.

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण मनप्रीत सिंह तथा उप-कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व वाले मिडफील्ड और गुरजंत सिंह तथा सुखजीत सिंह अग्रिम पंक्ति के बीच शानदार समन्वय था. गुरजंत और सुखजीत ने अपने खेल से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा.

### 14 गेंदों पर एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं : रोहित शर्मा

**एजेंसी। कोलंबो**

शुक्रवार को हुए वनडे मैच में टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ 14 गेंदों पर एक रन की जरूरत थी, लेकिन शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह वानिंदु हसरंगा की लगातार गेंदों पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए. इससे श्रीलंका का भारत के साथ मैच टाई होना सुनिश्चित हो गया. भारतीय खेमे के लिए, जीत की आश्वस्त मुस्कुराहट मैच न जीतने के सदमे-भरे अहसास में बदल गई. मैच समाप्त होने के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह जीत नहीं पाने से निराश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे. उन्होंने कहा, 14 गेंदों पर एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं, लेकिन



इसका ज्यादा असर नहीं पड़ेगा. शुरुआत में दंश था और फिर सीम खराब होने के कारण गेंद नरम हो गई. यह ऐसा मैच नहीं था जहां आप अपने शॉट्स खेल सकते थे, खुद को खेल में लगाना था और कड़ी मेहनत करनी थी. हमने जिस तरह से संघर्ष किया उस पर गर्व है, अपना हौसला बनाए रखना महत्वपूर्ण था.

**श्रीलंका दौरा**

**पहला वनडे मैच रहा टाई, 231 रन का लक्ष्य नहीं पा सकी टीम इंडिया**

# श्रीलंका के स्पिनरों और धीमी पिच से पार पाने का तरीका ढूंढना होगा भारत को

**भाषा। कोलंबो**

भारत को अगर श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाए रखना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों और धीमी पिच से निपटने का तरीका ढूंढ़ना होगा. भारत शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे मैच में 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 130 रन बनाकर अच्छी स्थिति दिख रहा था लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनर हावी हो गए और भारतीय टीम 230 रन पर आउट हो गई जिससे यह मैच टाई रहा. रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की लेकिन इसके बाद श्रीलंका के



स्पिनरों ने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया. भारत ने उनका सामना करने के लिए विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को उतारा जिन्हें स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ काफी सफलता मिली है. इन तीनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन वे स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी नहीं कर पाए. कोहली पर बाएं हाथ के स्पिनर डुनिथ वेलालेज और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने लगाम कसे रखी. पिच काफी धीमा खेल रही थी और ऐसे में स्पिनर का सामना करना आसान नहीं था. यहां तक के बाद में मुख्य रूप से बल्लेबाज श्रीलंकाई कप्तान चरित असलांका ने भी गेंदबाजी की और तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच को टाई कराया. भारतीय बल्लेबाजों को साझेदारी निभाने की जरूरत थी लेकिन वह इसमें नाकाम रहे. दूसरी तरफ श्रीलंका के पाथुम निसांका और वेलालेज ने दूसरे छोर पर विकेटों की झड़ी के बावजूद अर्धशतक जमा कर दिखाया कि इस तरह के विकेट पर किस तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए. उन्होंने कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर का प्रभावी ढंग से सामना किया. शुभमन गिल सहित भारत के चार स्पिनरों ने 30 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट लिए जबकि श्रीलंका की तरफ से स्पिन गेंदबाजों 37.5 ओवर किए और 167 रन देकर नौ विकेट लिए. भारतीय स्पिनरों को रन रोकने के साथ ही विकेट हासिल करने पर भी ध्यान देना होगा.

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद. सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा.

**श्रीलंका:** चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, असिथा फर्नांडो.

**मैच का समय : दोपहर 2.30 बजे से.**

### ब्रीफ खबरें

#### नरेश सहनी हत्याकांड का शूटर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के चैलाहा टाल में एक युवक की हत्या में शामिल शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध में शनिवार को एएसपी शिखर चौधरी ने बताया है कि गिरफ्तार अपराधी बंजरिया थाना क्षेत्र का ही चैलाहां टाल निवासी अजय साह है, जिससे पुलिस पूछताछ की जा रही है. उल्लेखनीय है, कि बीते 22 जुलाई को चैलाहा टाल के मलाही टोला निवासी नरेश सहनी की गोली मारकर हत्या की गई थी. गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध तुरकौलिया थाने में पूर्व से हत्या का मामला दर्ज है.

#### कुख्यात बिट्टू सिंह के यहां हुई छापेमारी

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी अनिकेत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के लॉज पर छापेमारी की है. सदर डीएसपी पुष्कर कुमार के नेतृत्व में यह ऑपरेशन चलाया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी हाल ही में हुए तनिष्क शोरूम लूटकांड से जुड़ी हो सकती है. उल्लेखनीय है कि बीते 26 जुलाई को पूर्णिया स्थित तनिष्क शोरूम से 3.70 करोड़ रुपये के आभूषण लूटे गए थे. इस मामले में पुलिस ने अब तक 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जांच में खुलासा हुआ था कि इस लूट की योजना दो महीने पहले बेउर जेल में बनाई गई थी.

#### पुलिस ने 5148 लीटर विदेशी शराब जब्त की

**किशनगंज ।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र से एसडीपीओ ठाकुरगंज मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने दल बल के साथ विदेशी शराब की खेप को पकड़ा है. जानकारी के अनुसार सिलीगुड़ी से अररिया जा रही एक ट्रक में विदेशी शराब ले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में विदेशी शराब बरामद की गई है. पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि मध निषेध इकाई पटना से गुप्त सूचना मिली की एक ट्रक में अवैध शराब की तस्करी कर बहादुरगंज की तरफ लाया जा रहा है.

### बदमाशों ने एयरटेल कार्यालय में घुसकर मैनेजर को मारी गोली

# 14.50 लाख रुपये लूट कर फरार हुए तीन अपराधी डोभी से गिरफ्तार

**संवाददाता ।गया**


घायल को अस्पताल में भर्ती कराते परिजन.

गया जिले में शेरघाटी अनुमंडल के नई बाजार में संचालित एयरटेल कंपनी के कार्यालय में दिनदहाड़े 14 .50 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है. शेरघाटी के नया बाजार स्थित होटल वेलकम के नीचे एयरटेल कार्यालय में घुसकर बाइक सवार तीन अपराधियों ने एयरटेल कंपनी के स्थानीय मैनेजर को लूटपाट करते हुए गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार तीनों अपराधी हेलमेट पहने हुए अंदर आए और मैनेजर बिहू कुमार को गोली मारकर उससे लगभग 14.50 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई.

घायल मैनेजर को शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां चिकित्सकों ने औपचारिक इलाज के बाद उसे गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए लूटपाट करने वाले तीनों अपराधियों को डोभी से गिरफ्तार कर लिया है. बताया गया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराधियों का पीछा कर डोभी के पास अपराधियों को लूटी गई रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल भी बरामद किया है. घटना शनिवार को शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल के पास हुई है.

बताया जा रहा है कि तीन की संख्या में बाइक पर सवार अपराधियों ने लूट को अंजाम दिया है. हथियारबंद अपराधी एयरटेल के कार्यालय में ग्राहक बनकर प्रवेश किया. इसके बाद गन पॉइंट पर मैनेजर एवं कर्मचारियों को कवर कर लूट की वारदात को अंजाम दिया है. जब मैनेजर ने विरोध किया तो एक अपराधी ने उन्हें गोली मार दी. एयरटेल कंपनी से 14 लाख की हुई लूट और गोली चलने की घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया. पुलिस की तत्परता से लूटी गई राशि के साथ अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही है.

#### प्रशांत किशोर ने जनसभा में दिलाया भरोसा-दो साल के अंदर गरीबी दूर करेंगे

**पटना ।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर शनिवार को मधेपुरा में पदयात्रा कर रहे हैं. पदयात्रा के दौरान तेज बारिश में भी हजारों लोग प्रशांत किशोर को सुनने-मिलने के लिए आ रहे हैं. इसी बीच एक आम सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं आपके इस प्यार का कर्ज कभी नहीं चुका पाऊंगा. आप जो आज बारिश में भीग रहे हैं, उसे विकास में बदलकर आने वाले दो बरस में आपकी गरीबी को समाप्त कर दिया जाएगा. आप प्रशांत किशोर पर भरोसा रखें. आपका आज बारिश में इस तरह से भीगना बेकार नहीं जाएगा. जन सुराज की सरकार बनने के बाद आप देखेंगे कि आपके बच्चे, जो रोजगार के लिए बाहर गए हैं, उन्हें वापस लाकर इसी बिहार में नौकरी दी जाएगी. मैं आपसे वोट नहीं मांगने आया हूं, बस यह समझाने आया हूं कि इस बार अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट कीजिएगा.

## बदमाशों ने आईटी इंजीनियर को गोली मार कर दी हत्या

**संवाददाता ।मुजफ्फरपुर**


रोते-बिलखते परिजन

बदमाशों ने आईटी इंजीनियर को गोली मार दी. जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना जिले के कांटी थाना क्षेत्र के छपरा तरमा एनएच 28 के पास की है. घायल की पहचान 35 वर्षीय चंदन सिंह के रूप में की गई है, जो कथैया थाना क्षेत्र के निवासी थे. घटना शुक्रवार देर रात को हुई. जब वे अपनी बाइक से बैरिया स्थित घर लौट रहे थे. इसी दौरान में बदमाशों ने उन्हें घेर कर गोली मार दी और फरार हो गए.

सूचना मिलने पर कांटी थाना पुलिस पहुंची और घायल इंजीनियर को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. परिजनों ने बताया की चंदन हर माह में दो तीन दिन अपने बैरिया स्थित घर पर आया करते थे. आज भी वह घर लौट रहे थे. इसी दौरान बदमाशों ने उनको गोली मार दी. चंदन बीते दो साल से पूर्वी चंपारण जिले के तेतरिया प्रखंड कार्यालय में आईटी इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे. डीएसपी वेस्ट अभिषेक आनंद ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले में कार्यरत आईटी इंजीनियर को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारी है. इलाज के दौरान में उनकी मौत हो गई. मौके पर से उनकी बाइक और लैपटॉप को बरामद किया गया है. हालांकि मोबाइल फोन गायब है. पुलिस इस मामले में टेक्निकल टीम और अन्य माध्यम से जांच में जुटी हुई है.

#### अडानी की अंबुजा सीमेंट लिमिटेड बिहार में 1,600 करोड़ रु. निवेश करेगी

**नयी दिल्ली/पटना ।** अडानी समूह के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट लिमिटेड (एसीएल) नवादा जिले के वारिसलीगंज में सीमेंट मिश्रण संयंत्र स्थापित करने के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. एसीएल ने शनिवार को बयान में कहा कि 60 लाख टन प्रति वर्ष वारिसलीगंज सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई एसीएल का बिहार में पहला उद्यम है. एसीएल देश में अपनी क्षमता का आक्रामक रूप से विस्तार कर रही है. बयान के अनुसार, वारिसलीगंज सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट, 60 लाख टन प्रति वर्ष की कुल क्षमता वाला एक एकल संयंत्र है. इसे लगभग 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया जाएगा. इस घोषणा के साथ अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाली यह कंपनी राज्य में सीमेंट उद्योग की किसी कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा निवेश बन गई है.

### गुस्साए लोगों ने वाहन में की तोड़फोड़

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार नीट परीक्षार्थी को रौंदा, मौत

**संवाददाता ।मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर के अहियापुर थानाक्षेत्र के पुरानी मोतिहारी रोड पर एक तेज रफ्तार सरकारी बस ने बाइक से जा रहे एक 17 वर्षीय छात्र को रौंद दिया. इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक किशोर की पहचान जिले के अहियापुर थानाक्षेत्र के कोल्हुआ पैगंबरपुर अशोक बिहार कॉलोनी निवासी भूतपूर्व सैनिक संजीव तिवारी के बेटे साहिल कुमार के रूप में हुई है, जो नीट की तैयारी करता था. जानकारी के मुताबिक, साहिल सुबह किसी काम से निकला था. तभी पीछे से आ रही सरकारी बस ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, इस घटना से गुस्साए लोगों ने बैरिया गोलंबर को जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया. इस दौरान कई बसों में तोड़फोड़ भी की गई, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई. हालांकि हंगामे की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया. वहीं, स्थिति को देखते हुए अंचलाधिकारी भी वहां पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझने का प्रयास किया. फिलहाल अहियापुर थाना पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और पूछताछ कर रही है. घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया.

मौके पर पहुंची अहियापुर थाना पुलिस ने बताया कि एक सरकारी बस से कुचलने से एक छात्र की मौत हो गई है. उसके बाद लोगों ने सड़क को जाम कर दिया था. पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने के बाद मामले को शांत कराया.

#### मुख्यमंत्री नीतीश ने द्वारिकाबीघा में किया पुल का उद्घाटन

**नालंदा ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अपने गृह जिला नालंदा में हरनौत के द्वारिकाबीघा में नवनिर्मित पुल का उद्घाटन किया. इस पुल की लागत लगभग 5 करोड़ है. पुल की लंबाई 44 मीटर है. बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत इस पुल के निर्माण की शुरुआत 7 दिसंबर 2022 में हुई थी, जो 6 मार्च को इस साल पूरा हो गया. पुल के निर्माण होने से कल्याणबीघा, चेरो, बहादुरपुर, बिरजू मिल्की समेत दर्जनों गांव के हजारों किसानों और ग्रामीणों को लाभ होगा. पुल के निर्माण होने से द्वारिका बीघा समेत आसपास के लोग काफी खुश हैं. इससे आवागमन की सुविधा बेहतर होगी. दूसरी ओर सीएम नवादा में ककोलत जलप्रपात का उद्घाटन करेंगे. नवादा के ककोलत जलप्रपात को नए सिरे से बनाया गया है.



### बिहार में एक और पुल ध्वस्त

## सीतामढ़ी में कई गांवों का आवागमन ठप

**संवाददाता ।सीतामढ़ी**

बिहार में पुल गिरने का सिलसिला थम नहीं रहा है. सीतामढ़ी में एक बार फिर एक पुल गिर गया है. बाढ़ के पानी का दवाब को पुल बर्दाश्त नहीं कर सका है और ध्वस्त हो गया. यह मामला जिले के सोनबरसा प्रखंड क्षेत्र का है. पुल के ध्वस्त होने से एक ओर जहां कई गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है तो दूसरी ओर लोग पुल बनाने वाले विभाग के साथ ही सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने लगे हैं. बताया जा रहा है कि सोनबरसा प्रखंड क्षेत्र के पुरंदाहा राजबाड़ा पूर्वी पंचायत से इंदरवा पंचायत के दलकावा गांव जाने वाले मुख्य पथ के सड़क में मां दुर्गा मंदिर के समीप अधवारा समूह के बांके नदी पर बना आरसीसी पुल गिर गया है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाई हो रही है. कोई भी छोटी या बड़ी गाड़ी इस रास्ते से नहीं गुजर रही है. जब तक फिलहाल चचरी पुल नहीं बन जाता है, तब तक उस सड़क से आने-जाने में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी.

**15 दिन के अंदर लगभग 10 पुल गिर गए थे**

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क भुतही से लोहखर व मढिया होते हुए मुशहरनिया, वीरता, पुरंदाहा, दलकावा, नरकटिया, इंदरवा से नेपाल सीमा सहोरबा बाजार तक मुख्य पथ है. मानसून शुरू होते ही 15 दिन के अंदर लगभग 10 पुल बिहार में गिर गए थे. इसको लेकर अभी भी सियासत जारी है. इस बीच सीतामढ़ी में एक और पुल ध्वस्त हो गया. बता दें कि पुल गिरने को लेकर बिहार पूरे देश के सुर्खियों में आ गया था.

---

## कारोबार

#### सेबी आईपीओ मंजूरी में तेजी लाई जाएगी : बुच

**मुंबई ।** सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक आईपीओ मंजूरी में तेजी लाने के लिए एक तंत्र पर काम कर रहा है. बुच ने फिक्की के कैपम कार्यक्रम में कहा कि इसके अलावा सेबी तेजी से मंजूरी के लिए कंपनियों द्वारा दाखिल किए जा रहे आईपीओ दस्तावेजों की जांच के लिए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण भी विकसित कर रहा है. यह उपकरण दिसंबर तक उपलब्ध हो जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि आईपीओ प्रक्रिया के इर्द-गिर्द एक जटिलता कायम है जैसे कि एक जटिल ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करना.

#### अमेजन ने 13.5 अरब डॉलर की कमाई की

**सिएटल (अमेरिका) ।** प्रौद्योगिकी कंपनी अमेजन ने अप्रैल-जून तिमाही में 13.5 अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई की. कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. सिएटल स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी की कमाई के यह आंकड़े फैक्टसेट द्वारा अनुमानित 10.99 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है. समीक्षाधीन तिमाही में प्रति शेयर आय 1.26 अमेरिकी डॉलर रही, जो विश्लेषकों की 1.03 अमेरिकी डॉलर की अपेक्षा से अधिक है. कंपनी ने 10 प्रतिशत अधिक 148 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व अर्जित किया.

#### जोमैटो का शेयर 12 प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**नयी दिल्ली ।** होटल तथा रेस्तरां से खाद्य पदार्थों की खरीद का विकल्प पेश करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो के शेयर में शुक्रवार को 12 प्रतिशत से अधिक तेजी आई. कंपनी के अप्रैल-जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ कई गुना होकर 253 करोड़ रुपये दर्ज होने की जानकारी देने के बाद उसके शेयर में तेजी आई. एनएसई पर जोमैटो का शेयर 12.14 प्रतिशत बढ़कर 262.50 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. बीएसई पर यह 12.13 प्रतिशत बढ़कर 262.50 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. कारोबार के दौरान एक समय एनएसई तथा बीएसई पर जोमैटो का शेयर 19 प्रतिशत तक बढ़कर 52 सप्ताह के उच्च स्तर 278.70 रुपये और 278.45 रुपये पर पहुंच गया था.

### चेन्नई में लैपटॉप फैक्ट्री अगले 8 से 10 महीनों में चालू हो जाएगी

# डिक्सन की फैक्ट्री में बनेगा लैपटॉप

**भाषा ।नयी दिल्ली**



**खास बातें**

- कंपनी पहले से ही एसर के लिए नोटबुक बना रही है
- भारत में आईटी उत्पादों का मार्केट 10 बिलियन डॉलर

पिछले कुछ समय से भारत दुनिया के सामने एक बड़े बाजार के रूप में उभरा है. इसके पीछे सरकार की नीति और संसाधनों की मांग है. यही वजह है कि फोन और वाहन के बाद लैपटॉप कंपनियों भी भारत में निवेश करने में लगे हैं. इसके लिए वे सीधे निर्माण केंद्र ही स्थापित करने में लगे हैं. इसी कड़ी में अब एक नाम इलेक्ट्रॉनिक्स कांट्रेक्ट मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज है. दरअसल डिक्सन टेक्नोलॉजीज चेन्नई में एक नई फैक्ट्री खोलने के करीब है. ऐसे में वह दिन दूर नहीं जब लोगों को सस्ते में ही वर्ल्ड क्वालिटी का लैपटॉप मिलेगा. डिक्सन टेक्नोलॉजीज की मानें तो उस फैक्ट्री में कंपनी देश के शीर्ष पांच नोटबुक ब्रांडों में से चार के लिए लैपटॉप बनाएगी. कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि चैन्नई की लैपटॉप फैक्ट्री अगले 8 से 10 महीनों में चालू हो जाएगी.

डिक्सन टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डाइरेक्टर अतुल बी लाल का कहना है कि हमारे पास देश में संचालित शीर्ष पांच ब्रांडों में से शीर्ष चार ग्राहक हैं. इसके लिए, चेन्नई में एक नई साइट की योजना बनाई जा रही है. साइट की पहचान कर ली गई है और जरूरी रिसोर्स भी जुटा लिए गए हैं.

लाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य अगले 8 से 10 महीनों में चेन्नई में यह फेसिलिटी शुरू करना है. इसलिए यह भी हमारे ग्रोथ का एक बहुत ही महत्वपूर्ण इंजन बनने जा रहा है. टीम मोबाइल के मोर्चे पर जो करने में सक्षम रही है, हम आईटी प्रोडक्ट्स के लिए भी वही करने की इच्छा रखते हैं.

डिक्शन इस समय देश की सबसे बड़ी कांट्रेक्ट मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों में से एक है. कंपनी पहले से ही एसर के लिए नोटबुक बना रही है और उसने लेनोवो लैपटॉप के लिए एनपीआई (न्यू प्रोडक्शन इंट्रोडक्शन) प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसका बड़े पैमाने पर उत्पादन वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शुरू होने वाला है. लाल का कहना है कि भारत में आईटी उत्पादों के लिए एड्रेसेबल मार्केट करीब 10 बिलियन डॉलर का है. उल्लेखनीय है कि बीते जून की तिमाही में डिक्सन ने 6,588 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया था. यह सालाना आधार पर 101% की वृद्धि है.

इसके साथ ही कंपनी के शुद्ध लाभ में 109% की सालाना वृद्धि है. बीती तिमाही में यह 140 करोड़ रुपये रही, जिसमें से अधिकांश कंपनी के मोबाइल और ईएमएस (इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफेक्चरिंग सर्विसेज) डिवीजन से आया. जाहिर है जब कंपनी की प्रोडक्शन यूनिट शुरू होगी तो लैपटॉप की कीमत में कमी होगी ही साथ ही दूसरी कंपनियां भी यहां निर्माण पर जोर देंगी.

## स्वदेस फाउंडेशन का 10 करोड़ रुपये का बॉन्ड अभिदान के लिए खुल गया

- यह निर्गम ऑनलाइन अभिदान के लिए 13 अगस्त तक खुला रहेगा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

गैर-लाभकारी संगठन स्वदेस फाउंडेशन का 10 करोड़ रुपये का जेडसीजेडपी (शून्य कूपन शून्य मूलधन) निर्गम नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएसई मंच पर अभिदान के लिए खुल गया है. जरीना और रॉनी स्क्रूवाला द्वारा स्थापित एनपीओ स्वदेस फाउंडेशन ने एक बयान में यह घोषणा की. शून्य-कूपन, शून्य-मूलधन के जरिये सोशल स्टॉक एक्सचेंज मंच में सूचीबद्ध गैर-लाभकारी संगठनों को धन दान किया जा सकता है. फाउंडेशन ने कहा कि यह एसएसई मंच पर किसी भी एनपीओ द्वारा जारी किया गया सबसे बड़ा निर्गम होगा. यह निर्गम ऑनलाइन अभिदान के लिए 13 अगस्त तक खुला रहेगा.

बयान के मुताबिक, एसएसई मंच पर इस निर्गम के जरिये जुटाई गई धनराशि का इस्तेमाल स्वदेस फाउंडेशन के कार्यक्रमों को मदद पहुंचाने में किया जाएगा. इसमें बकरी पालन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पहल और युवा शिक्षा के साथ रोजगारपरक कार्यक्रम शामिल हैं. देस फाउंडेशन के सह-संस्थापक रॉनी स्क्रूवाला ने कहा, सूचीबद्धता के संबंध में एसएसई की तत्परता और कोष के इस्तेमाल से जुड़ी रिपोर्ट से इस क्षेत्र में काफी पारदर्शिता आएगी.

## एसबीआई का लाभ 17,035 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए 17,035 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर रहा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 16,884 करोड़ रुपये रहा है. एसबीआई ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 1,22,688 करोड़ रुपये हो गई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,08,039 करोड़ रुपये थी. समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज से आमदनी बढ़कर 1,11,526 करोड़ रुपये हो गई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 95,975 करोड़ रुपये थी. बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां कुल अग्रिमों में से पहली तिमाही में घटकर 2.21 प्रतिशत रह गईं, जो पिछले साल जून के अंत में 2.76 प्रतिशत थीं.

#### जेके टायर का लाभ 37% बढ़ कर 211 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** टायर बनाने वाली कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत बढ़कर 211 करोड़ रुपये हो गया है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 154 करोड़ रुपये रहा था. जेके टायर ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में घटकर 3,655 करोड़ रुपये रह गई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,726 करोड़ रुपये थी.

**हुआ खुलासा** | पाकिस्तान का पिछले 40 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का मामला

# आईएमएफ को 3.6 अरब डॉलर से अधिक ब्याज किया भुगतान

- प्रस्तुत दस्तावेजों से पता चला कि ब्याज के रूप में दी गई राशि पाकिस्तानी मुद्रा में 1,000 अरब रुपये से अधिक है

**एजेंसी ।इस्लामाबाद**



पाकिस्तान ने पिछले 40 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को ऋण पर 3.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक ब्याज का भुगतान किया है. यह चौंकाने वाला खुलासा गुरुवार को संसद भवन में सांसद सैफुल्लाह अब्रो की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर सीनेट की स्थायी समिति की बैठक में किया गया. बैठक में वित्त मंत्रालय ने आईएमएफ को अब तक दिए गए ऋणों तथा पुनर्भुगतानों का विवरण प्रस्तुत किया.

समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, वित्त मंत्रालय और स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के अधिकारियों ने बैठक में खुलासा किया कि पाकिस्तान ने आईएमएफ को 3.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक ब्याज का भुगतान किया है. बैठक में प्रस्तुत दस्तावेजों से पता चला कि ब्याज के रूप में दी गई राशि पाकिस्तानी मुद्रा में 1,000 अरब रुपये से अधिक है. इसमें यह भी सामने आया कि पिछले 30 वर्षों में पाकिस्तान ने आईएमएफ से करीब 29 अरब अमेरिकी डॉलर उधार लिया और इसी अवधि में 21.72 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि चुकाई है. दस्तावेजों के अनुसार, पिछले चार वर्षों में ही पाकिस्तान ने आईएमएफ से 6.26 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक उधार लिया और 4.52 अरब अमेरिकी डॉलर चुकाए. इसके अतिरिक्त पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने आईएमएफ को 1.10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक ब्याज का भुगतान किया है.

पाकिस्तान ने 2024 में आईएमएफ से विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.35 अरब अमरीकी डॉलर उधार लिए और एसडीआर में 64.669 करोड़ अमरीकी डॉलर चुकाए. एसडीआर आईएमएफ द्वारा निर्मित एक अंतरराष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्ति है. इनका इस्तेमाल सदस्य देशों के आधिकारिक भंडार को पूरक बनाने के लिए किया जाता है और जरूरत के समय में सरकारों के बीच इनका आदान-प्रदान स्वतंत्र रूप से उपयोग योग्य मुद्राओं के लिए किया जा सकता है. एसडीआर का मूल्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं पर आधारित होता है. वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने समिति को यह भी बताया कि पाकिस्तान ने 1984 से आईएमएफ से 19.55 अरब अरब अमेरिकी डॉलर के एसडीआर (25.94 अरब अमेरिकी डॉलर) उधार लिए और 14.71 अरब अमेरिकी डॉलर एसडीआर (19.51 अरब अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया, जिसमें 2.44 अरब अमेरिकी डॉलर एसडीआर (3.23 अरब अमेरिकी डॉलर) का ब्याज चुकाया गया. समिति के चेयरमैन ने कहा कि देश अपने आप बर्बाद नहीं हो रहा है, बल्कि हम सब इसके बर्बादी में भागीदार हैं. समाचार पत्र की खबर के अनुसार, समिति ने बाद में आईएमएफ के साथ प्रत्येक कार्यक्रम का ब्यौरा मांगा और कहा कि समिति को प्रत्येक कार्यक्रम में क्या हुआ है.

### कोल इंडिया का मामला

## ई-नीलामी से कमाई 7% घटकर 5,589 करोड़ हुई

**एजेंसी ।कोलकाता**

कोल इंडिया की ई-नीलामी से औसत प्राप्ति चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सात प्रतिशत घटकर 5,589 करोड़ रुपये रह गई है. कंपनी ने बताया कि यह गिरावट नीलामी की कम कीमतों के कारण आई है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की ई-नीलामी से औसत कमाई 6,023 करोड़ रुपये रही थी.

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की ई-नीलामी से आमदनी घटी है, हालांकि इस दौरान ई-नीलामी की मात्रा करीब 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.31 करोड़ टन से अधिक हो गई है. पिछले साल इसी तिमाही में यह आंकड़ा 1.61 करोड़ टन था. कंपनी की ई-नीलामी से प्रति टन औसत कमाई 35 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2,411 रुपये रह गई.

पिछले साल समान तिमाही में ई-नीलामी से औसत कमाई 3,740 रुपये प्रति टन रही थी. एक विश्लेषक ने कहा कि 2023 की अप्रैल-जून अवधि में बिजली की ऊंची मांग के कारण बिजली क्षेत्र से मांग, आपूर्ति से अधिक हो गई थी और कोयले के लिए मजबूत वैश्विक कीमतों के कारण कोल इंडिया को ई-नीलामी में बेहतर कीमतें मिलीं.

